CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 22°C
न्यूनतम : 12°C

हल्द्वानी, शनिवार 11 अप्रैल 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 224 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2083 22 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



स्वास्थ्य सेवाओं में यूपी ने रचा नया इतिहास: योगी पेज 2



पंजाब किंग्स का लक्ष्य एसआरएच के खिलाफ अपनी लय को बनाए रखना खेल टाइम्स



वृद्धावस्था का एक रोग जो बना चुनौती सम्पादकीय



होर्मुज में ईरान के टैक्स लेने पर भड़के ट्रम्प, बोले– यह वह समझौता नहीं जो हमने किया पेज 12

## जाति जनगणना रोकने वाली याचिका खारिज

नई दिल्ली, वार्ता

सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को सीजेआई सूर्यकांत ने एक याचिककर्ता को कड़े शब्दों में फटकार लगा दी। सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार को जाति जनगणना रोकने, संसाधनों के पुनर्वितरण को जनसंख्या उत्तरदायित्व से जोड़ने और एक बच्चे वाले परिवारों को आर्थिक प्रोत्साहन प्रदान करने वाली नीतियां बनाने का निर्देश देने वाली याचिका लगाई गई थी।

सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई सूर्यकांत की अधयक्षता वाली न्यायमूर्ति जायमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल पंचोली की पीठ ने इस याचिका को खारिज कर दिया। इस दौरान सीजेआई सूर्यकांत ने याचिकाकर्ता से कहा कि आप इस याचिका में इस्तेमाल की गई भाषा कहां से सीखते हैं? ये बदतमीजी की भाषा कहां से लेकर आते हैं आप लोग? आप लोग याचिका कैसे लिखते हैं अदालत ने जनहित याचिका में इस्तेमाल की गई भाषा के लिए याचिकाकर्ता की आलोचना की। सीजेआई सूर्यकांत ने व्यक्तिगत रूप से पेश हुए याचिकाकर्ता से कहा कि आपने अपनी याचिका में बदतमीजी की भाषा लिखी है। आपने अपनी याचिका में अभद्र भाषा लिखी है। आपकी याचिका किसने लिखी ह। इससे पहले दो फरवरी को शीर्ष अदालत ने 2027 की आम जनगणना में नागरिकों के जातिगत आंकड़ों को दर्ज करने, वर्गीकृत करने और सत्यापित करने के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया पर सवाल उठाने वाली एक अलग जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया था। 2027 की जनगणना, जो आधिकारिक तौर पर 16वीं राष्ट्रीय जनगणना है, 1931 के बाद पहली बार व्यापक जाति गणना को शामिल करने वाली और देश की पहली पूरी तरह से डिजिटल जनगणना होगी।



■ ऐसी अभद्र भाषा कहां से लाते हैं, सीजेआई ने याचिककर्ता को लगाई कड़ी फटकार

# ईरान-अमेरिका वार्ता पर सस्पेंस

## ईरान की ओर से अभी तक कोई साफ संदेश नहीं, जेडी वेंस पाक के लिए रवाना

### इस्लामाबाद में प्रस्तावित है वार्ता

तेहरान/वाशिंगटन।

अमेरिका के साथ होने वाली सीजफायर बातचीत के लिए ईरानी डेलिगेशन अब तक पाकिस्तान नहीं पहुंचा है। शनिवार को इस्लामाबाद में दोनों देशों के बीच अहम बैठक प्रस्तावित है। रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान लेबनान में जारी इजरायली हमलों से नाराज है और इसी वजह से उसने बातचीत को लेकर सख्त रुख अपनाया है। अभी तक उसकी ओर से बैठक में शामिल होने को लेकर साफ संकेत नहीं मिले हैं। इससे पहले खबर आई थी कि ईरानी प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान पहुंच चुका है, लेकिन ईरानी मीडिया ने इन दावों को खारिज कर दिया। गौरतलब है कि 8 अप्रैल को अमेरिका और ईरान के बीच दो हफ्ते के सीजफायर पर सहमति बनी थी। उसी के तहत इस्लामाबाद में यह बातचीत तय हुई है। अब यह देखना अहम होगा कि क्या तय समय पर यह बैठक हो पाती है या फिर हालात के चलते इसमें बदलाव होता है।

वहीं पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच अमेरिका ने कूटनीतिक मोर्चे पर बड़ा कदम उठाया है। जेडी वेंस इस्लामाबाद के लिए रवाना हो गए हैं, जहां वे ईरान के साथ अहम बातचीत में हिस्सा लेंगे। यह दौरा ऐसे समय हो रहा है जब क्षेत्र में संघर्षविराम बना हुआ है, लेकिन हालात अब भी नाजुक हैं। वेंस के बयान ने साफ कर दिया है कि अमेरिका बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन किसी भी तरह की चालबाजी बर्दाश्त नहीं करेगा। रवाना होने से पहले वेंस ने कहा कि अगर ईरान ईमानदारी से बातचीत करता है, तो अमेरिका भी सकारात्मक रुख अपनाएगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका खुले हाथ से बातचीत करना चाहता है, लेकिन उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अगर ईरान ने बातचीत में खेल करने की कोशिश की तो अमेरिकी टीम सख्त रुख अपनाएगी। यह बयान साफ संकेत देता है कि बातचीत के साथ-साथ दबाव की रणनीति भी जारी रहेगी। यह वार्ता पश्चिम एशिया में एक महीने से जारी तनाव को खत्म करने के मकसद से हो रही है। हाल ही में अमेरिका और ईरान के बीच दो हफ्ते का संघर्षविराम हुआ है। अब यह बातचीत उसी को आगे बढ़ाने और स्थायी शांति का रास्ता निकालने के लिए अहम मानी जा रही है। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वेंस करेंगे। उनके साथ विशेष दूत स्टीव विटकाफ और जारेड कुशनर भी शामिल हैं। व्हाइट हाउस के मुताबिक यह बैठक शनिवार सुबह स्थानीय समय के अनुसार होगी और इसमें कई अहम मुद्दों पर चर्चा होगी।



■ ईरान की मांग पहले लेबनान में सीजफायर, फिर होगी बात

■ अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की धमकी, वार्ता असफल रही, तो ईरान पर होंगे भीषण हमले

### होर्मुज में ईरान के टैक्स लेने पर भड़के ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमधय से तेल की आवाजाही को बाधित करने के तरीके पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि ईरान इस मामले में बहुत खराब काम कर रहा है और इसे अशोभनीय बताया।

युद्धविराम की प्रभावशीलता पर सवाल राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा कि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल को गुजरने देने के मामले में बहुत खराब काम कर रहा है, कुछ लोग इसे अशोभनीय कहेंगे। यह वह समझौता नहीं है जो हमने किया है। डोनाल्ड ट्रम्प की यह टिप्पणी तेल टैंकरों से शुल्क लेने की रिपोर्टें सामने आने के बाद आई है। इससे पहले ट्रम्प ने यह भी ट्वीट किया था कि ऐसी रिपोर्टें हैं कि ईरान होर्मुज जलडमरूमधय से गुजरने वाले टैंकरों से शुल्क ले रहा है। उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए और अगर वे कर रहे हैं, तो उन्हें अभी बंद कर देना चाहिए। व्हाइट हाउस युद्धविराम समझौते के हिस्से के रूप में जलडमरूमधय को फिर से खोलने का समर्थन करता है। हालांकि, उनका कहना है कि राष्ट्रपति ट्रम्प ईरान के सैन्य बल का विरोध करते हैं, जो अभी भी जलमार्ग को नियंत्रित करता है और गुजरने वाले जहाजों पर टोल वसूल कर राजस्व बढ़ाने की कोशिश कर रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### सुप्रीम कोर्ट ने एक ही वकील की ओर से पेश 25 जनहित याचिकाएं खारिज कीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को 25 अलग-अलग जनहित याचिकाएं दायर करने वाले वकील को सलाह दी कि उन्हें अदालत में आने के बजाय संबंधित अधिकारियों से संपर्क करना चाहिए। जैसे ही मामला सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हुआ, याचिकाकर्ता और वकील सचिन गुप्ता ने सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष कहा कि वह अपनी पीआईएल वापस लेना चाहते हैं। पीठ ने गुप्ता से कहा कि आप अपने पेशे पर धयान केंद्रित करें। आपको अदालतों में आने के बजाय अधिकारियों से संपर्क करना चाहिए, उन्हें कुछ मुद्दों पर अधिक जानकारी देनी चाहिए। सीजेआई सूर्यकांत की अधयक्षता वाली पीठ में न्यायमूर्ति जायमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली भी शामिल थे।

### नीतीश कुमार ने राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली

**नई दिल्ली।** बिहार से राज्यसभा के लिए नवनिर्वाचित सदस्य नीतीश कुमार ने शुक्रवार को संसद भवन में सदन की सदस्यता शपथ ली। राज्यसभा के सभापति सी पी राधाकृष्णन ने जनता दल यू के नेता और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को शपथ दिलाई। कुमार ने हिदी भाषा में शपथ ली। वह राज्यसभा के लिए हाल ही में हुए द्विवार्षिक चुनाव में उच्च सदन के लिए चुने गए थे।

### सेना ने कर्नल पुरोहित को ब्रिगेडियर रैंक पर पदोन्नति की मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** सेना ने महाराष्ट्र के मालेगांव विस्फोट मामले में गिरफ्तारी के बाद चर्चा में आए सेना के कर्नल श्रीकांत पुरोहित की ब्रिगेडियर के रैंक पर पदोन्नति को मंजूरी दे दी है। सूत्रों के अनुसार सेना ने कर्नल पुरोहित के पदोन्नति के आवेदन को सशस्त्र बल न्यायाधिकरण के स्थगनादेश के बाद मंजूरी दे दी है।

### आईएसआई से जुड़े जासूसी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के एक बड़े जासूसी नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए इससे जुड़े 11 व्यक्तियों को गिरफ्तार करके अहम कामयाबी हासिल की है।

## गिट्टी से भरा ट्रक मजदूरों पर पलटा, तीन की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**नागल।** थाना क्षेत्र के सीडकी झबरेड़ा मार्ग पर गांव बोहडुपुर के निकट बीती रात निर्माणाधीन पुल के निकट टीन की टपरी में सो रहे मजदूरों के पास खनन से भरे पलटे ट्रक की गिट्टी गिरने से उसके नीचे दबकर तीन मजदूरों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो घायल हो गए।

मिली जानकारी के मुताबिक गांव बोहडूपुर के निकट नदी पर पुल निर्माण व सड़क चौड़ीकरण कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य के चलते सड़क के बराबर मे वैकल्पिक मार्ग बनाकर यातायात को चलाया जा रहा है। निर्माण स्थल पर मजदूर टीन की टपरी डालकर रह रहे है। रात करीब बारह बजे खनन गिट्टी से भरा एक ट्रक (घोड़ा) एचआर 58 इ 6247 जो खेड़ामुगल की ओर जा रहा था। वैकल्पिक मार्ग पर जाने की बजाय सीधे बंद की गई सड़क पर आ गया और असंतुलित होकर पलट गया। ट्रक के पलटने से उसमें भरी गिट्टी अस्थायी रूप से टीन की बनाई गई टपरी पर गिर गई, जहां पर पांच मजदूर सो रहे थे। वे पांचों गिट्टी के नीचे दब गए। घटना के बाद ट्रक चालक फरार हो गया। इस हादसे के बाद वहां पर अफरा तफरी मच गई। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने पुलिस को सूचित कर खुद ही गिट्टी को हटाकर बचाव कार्य शुरू कर दिया और पुलिस के आने से पहले ही दो मजदूरों को सुरक्षित निकाल लिया।

पुलिस के आने पर बचाव कार्य कर बाकी दबे अन्य मजदूरों को भी बाहर निकालकर स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भिजवाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने असगर 55 पुत्र नेफी व शौकीन 20 पुत्र हारून, इस्तकार 24 पुत्र अशफाक निवासी महमूदपुर थाना मिर्जापुर को मृत घोषित कर दिया। घायल कर्मवीर 22 पुत्र राजू निवासी असगरपुर थाना मिर्जापुर व गुलफाम को जिला चिकित्सालय मे रेफर कर दिया।

■ निर्माणाधीन पुल के निकट टीन की टपरी में सो रहे मजदूरों पर झपटी मौत

## जस्टिस यशवंत वर्मा ने दिया इस्तीफा, घर में मिले थे भारी मात्रा में जले हुए नोट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में तैनात जस्टिस यशवंत वर्मा ने इस्तीफा दे दिया है। उनके दिल्ली वाले घर में भारी मात्रा में जले हुए नोट मिलने के मामले में उनके खिलाफ आंतरिक जांच चल रही थी। साथ ही महाभियोग की भी चर्चा थी। इसी बीच उन्होंने पद से त्याग पत्र दे दिया है। दिल्ली वाले घर में जले हुए कैश मिलने के बाद उनका स्थानांतरण इलाहाबाद हाईकोर्ट में कर दिया गया था। पांच अप्रैल 2025 को उन्होंने शपथ ग्रहण किया था।

## यूपी में अंतिम मतदाता सूची जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी में 166 दिन तक चली विषेश गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के बाद (एसआईआर) प्रदेश की अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी गई है।

इस सूची के अनुसार प्रदेष्ठा में 13 करोड़ 39 लाख 84 हजार 792 मतदाता हैं। प्रदेश के कुल मतदाताओं में 54.54 प्रतिशत पुरुष, जबकि 45.46 प्रतिशत महिला मतदाता हैं। इसके पहले, प्रदेश में 27 अक्तूबर 2025 को फ्रीज मतदाता सूची में 15.44 करोड़ मतदाता थे। एसआईआर के बाद प्रदेश में 13 करोड़ 39 लाख मतदाता रह गए हैं। एसआईआर की प्रक्रिया में प्रदेश में दो करोड़ (2. 05) करोड़ मतदाता घट गए हैं। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता में अंतिम मतदाता सूची की जानकारी दी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के अनुसार 6 जनवरी को जारी की गई मसौदा मतदाता सूची के सापेक्ष अंतिम मतदाता सूची में कुल 84 लाख 28 हजार 767 मतदाताओं की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के नाम छूट गए हैं, वो मतदाता फार्म 6 भरकर सूची में शामिल हो सकते हैं। जारी की गई अंतिम मतदाता सूची के अनुसार प्रदेश में पुरुष मतदाताओं की संख्या 7 करोड़, 30 लाख, 71 हजार 61 है। जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 6 करोड़, नौ लाख, नौ हजार 525 है। वहीं तृतीय लिंग के मतदाताओं की संख्या 4 हजार 206 है। प्रदेश में 18 से 19 आयुवर्ग के मतदाताओं की कुल संख्या 17 लाख, 63 हजार 360 है। अंतिम मतदाता सूची के अनुसार प्रयागराज में मतदाताओं की संख्या में सर्वाधिक वृद्धि हुई है। यहां पर 3 लाख 29 हजार 421 मतदाता बढ़े। वहीं लखनऊ में 2 लाख, 85 हजार 961 मतदाता, बरेली में 2 लाख 57 हजार 920 मतदाता, गाजियाबाद में 2 लाख 43 हजार 666 मतदाता और जौनपुर में 2 लाख 37 हजार 590 मतदाताओं की वृद्धि हुई है। इसके पहले 6 जनवरी को 12.55 करोड़ मतदाताओं की मसौदा सूची जारी की गई थी। उसके बाद 6 मार्च तक लोगों से इस ड्राफ्ट मतदाता सूची पर दावे व आपत्तियां ली गईं। कुल 86. 69 लाख लोगों ने मतदाता सूची में नाम शामिल किए जाने के लिए फार्म-6 भरा। वहीं 3.18 लाख लोगों ने नाम कटवाने के लिए फार्म-7 भरा है। मतदाता सूची में 1. 04 करोड़ लोग ऐसे हैं, जिनके नाम का मिलान माता-पिता, बाबा-दादी व नाना-नानी से न होने के कारण इन्हें नोटिस दिया गया था। वहीं 2.22 करोड़ लोग तार्किक विसंगति वाले थे।



■ राज्य में एसआईआर के बाद 2 करोड़ मतदाताओं के नाम कटे, कुल वोटर 13.39 करोड़

गृह मंत्रालय भारत सरकार

हमारी जनगणना हमारा विकास

(जनगणना 2027 का पहला चरण)
स्व-गणना (Self Enumeration) से जुड़े सामान्य प्रश्न और उत्तर (भाग-1)

स्व-गणना क्या है?
स्व-गणना एक ऑनलाइन प्रक्रिया है जिसमें आप प्रगणक की प्रतीक्षा किए बिना, स्वयं SE पोर्टल (se.census.gov.in) पर अपने परिवार की जानकारी भर सकते हैं



- क्या स्व-गणना अनिवार्य है?
  नहीं, यह अतिरिक्त सुविधा है, यदि आप स्व-गणना नहीं करते तो प्रगणक आपके घर आकर जानकारी दर्ज करेगा
- क्या मैं किसी भी भाषा में स्व-गणना कर सकता / सकती हूँ?
  यह सुविधा हिंदी, अंग्रेजी और 14 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है
- क्या स्व-गणना के लिए इंटरनेट जरूरी है?
  हाँ, पोर्टल तक पहुँचने और जानकारी भरने के लिए इंटरनेट आवश्यक है
- क्या मेरी जानकारी सुरक्षित है?
  हाँ, सभी डेटा सुरक्षित, एन्क्रिप्टेड और सरकारी सर्वरों में संरक्षित है
- SE ID क्या है और इसका उपयोग क्या है?
  सबमिशन के बाद आपको एक विशिष्ट 11 अंकों की SE ID मिलेगी (SMS / email से), जिसे प्रगणक के आने पर उन्हें दिखाना आवश्यक होगा
- यदि SE ID भूल जाएँ तो क्या करें?
  पोर्टल पर पंजीकृत मोबाइल नंबर के माध्यम से SE ID पुनः प्राप्त की जा सकती है
- क्या स्व-गणना के बाद भी प्रगणक आएगा?
  हाँ, प्रगणक आपके घर आएगा और SE ID के आधार पर जानकारी की पुष्टि करेगा
- क्या मुझे कोई दस्तावेज़ अपलोड करने की आवश्यकता है?
  नहीं, किसी भी दस्तावेज़ को अपलोड करने की आवश्यकता नहीं है
- क्या पोर्टल पर सहायता उपलब्ध है?
  हाँ, पोर्टल पर, यूज़र गाइड, फ्लोचार्ट, ट्यूटोरियल वीडियो, FAQs और टूलटिप्स के रूप में सहायता उपलब्ध है

टोल फ्री - 1855

CBC 19108/13/0003/2627

चलो निभाएं अपनी ज़िम्मेदारी, करें जनगणना में भागीदारी CensusIndia2027

## संक्षिप्त समाचार

### हरिवंश सिंह ने ली राज्यसभा की सदस्यता की शपथ

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के निवर्तमान उप सभापति हरिवंश नारायण सिंह ने शुक्रवार को सदन की सदस्यता की शपथ ली। जनता दल यू के वरिष्ठ नेता श्री हरिवंश का राज्यसभा में दूसरा कार्यकाल गुरुवार को ही समाप्त हुआ था और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उन्हें आज ही उच्च सदन के लिए मनोनीत किया था। उन्हें उच्चतम न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश और राज्यसभा के मनोनीत सदस्य रंजन गोगोई के सेवा निवृत होने से रिक्त हुई सीट पर मनोनीत किया गया है। यह श्री हरिवंश का राज्यसभा में तीसरा कार्यकाल होगा। राज्यसभा के सभापति सी पी राधाकृष्णन ने श्री हरिवंश को मनोनीत सदस्य के रूप में शपथ दिलाई। उन्होंने हिन्दी भाषा में शपथ ली।

### धनंजय पर जानलेवा हमले के 24 वर्ष बाद आ सकता है फैसला

**वाराणसी।** विशेष न्यायाधीश (एमपी-एमएलए) यजुवेंद्र विक्रम सिंह की अदालत में शुक्रवार को पूर्व सांसद धनंजय सिंह पर हुए जानलेवा हमले के मामले में सुनवाई हुई। दोनों पक्षों ने अपनी-अपनी दलीलें रखीं। पूरी सुनवाई अंतिम चरण में पहुंचने के कारण इस प्रकरण में जल्द ही बड़ा फैसला आने की उम्मीद जताई जा रही है। अगली सुनवाई 13 अप्रैल को होगी। प्रकरण के अनुसार, 4 अक्टूबर 2002 को तत्कालीन विधायक और पूर्व सांसद धनंजय सिंह अपने साथियों के साथ जौनपुर लौटते समय जानलेवा हमला हुआ था। आरोप है कि वाराणसी के कैंट थाना क्षेत्र के नदेसर स्थित टकसाल सिनेमा हाल के समीप बोलेरो से उतरे अभय सिंह और उनके साथियों ने अंधाधुंध फायरिग की थी। हमले में धनंजय सिंह, उनके चालक, गनर समेत अन्य लोग घायल हो गए थे।

### सीडब्ल्यूसी की बैठक में खड़गे ने महिला आरक्षण प्रस्ताव पर जताई चिंता

# चुनावी फायदे के लिए श्रेय लेना चाहते हैं पीएम

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने महिला आरक्षण बिल पर मोदी सरकार की मंशा पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार 2029 से इसे लागू कर सीटों को 50 प्रतिशत बढ़ाना चाहती है, जिसका परिसीमन प्रस्ताव गंभीर होगा। खड़गे ने इसे चुनावी लाभ का प्रयास बताया।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में कहा कि आप सभी जानते हैं कि मोदी सरकार लंबी खामोशी के बाद महिला आरक्षण पर अचानक सक्रिय हो गई है। इसी कड़ी में लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण के मसले पर 16 से 18 अप्रैल के बीच संसद की बैठक होने जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से इस बारे में अभी तक हम लोगों के पास कोई औपचारिक प्रस्ताव नहीं आया है। प्रधानमंत्री के लिखे लेख को पढ़कर हमें कुछ बातें पता चली हैं। इस सत्र में सरकार महत्वपूर्ण संविधान संशोधन विधेयक को पास कराना चाहती है, ताकि इस बार के विधान सभा चुनावों में वे इसका श्रेय और फायदा ले सकें। खड़गे ने कहा कि अभी तक जो जानकारियां मिली हैं, उसके मुता. बिक सरकार महिला आरक्षण को 2029 के चुनावों से लागू करना चाहती है। इसके अलावा वह लोकसभा और विधानसभाओं की मौजूदा सीटों को 50 प्रतिशत बढ़ाना चाहती है। वह लोकसभा की सीटों को 543 से बढ़ाकर 816 करना चाहती है। विधान सभाओं में भी इसी अनुपात में बढ़ोतरी होगी। इस डिलिमिटेशन प्रस्ताव के गंभीर परिणाम होंगे। इसलिए इस पर बहुत गहरे विचार विमर्श की जरूरत है। उन्होंने कहा कि संसद की बैठक मोदी सरकार अपने राजनीतिक फायदे की मंशा से बुला रही है। वह जल्दी से जल्दी संविधान संशोधन विधेयक पारित करना चाहती है। हमने संसदीय कार्य मंत्री को तीन बार लिखकर कहा था कि 29 अप्रैल को पश्चिम बंगाल चुनाव के लिए मतदान के आखिरी दिन के बाद सरकार सर्वदलीय बैठक बुलाएं और गंभीरता से चर्चा की जाए, पर हम सबके अनुरोध के बाद भी सरकार ने केवल नैरेटिव बदलने और चुनावी लाभ के लिए हमारी बातों को नहीं माना।



■ सरकार लंबी खामोशी के बाद अचानक सक्रिय हुई, 33 प्रतिशत आरक्षण को 16 से 18 तक हो रही संसद की बैठक

### कांग्रेस ने केंद्र पर यू-टर्न का लगाया आरोप

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी के संचार विभाग प्रभारी जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर महिला आरक्षण को लेकर यू-टर्न लेने का आरोप लगाया है। रमेश ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि प्रधानमंत्री मीडिया में लेख लिखकर खुद को महिला आरक्षण का अकेला चैंपियन दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को देश की महिलाओं से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने याद दिलाया कि 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम संसद द्वारा सर्वसम्मति से पारित हुआ था, तब कांग्रेस ने इसे 2024 से लागू करने की मांग की थी लेकिन सरकार ने इसे जनगणना और परिसीमन से जोड़ दिया, जिन प्रक्रियाओं में देरी हुई। करीब 30 महीने बाद संभावित चुनावी नुकसान को देखते हुए सरकार अब अपना रुख बदल रही है।

# स्वास्थ्य सेवाओं में यूपी ने रचा नया इतिहास: योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय में कार्डियोलॉजी सोसायटी ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 'नेशनल इंटरवेंशनल का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने अब तक गरीब मरीजों के इलाज के लिए 1400 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बन चुका है। उन्होंने कहा कि करीब 9 वर्ष पहले तक यूपी को बीमारू राज्य माना जाता था, लेकिन आज प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने बदलती जीवनशैली पर चिंता जताते हुए कहा कि आधुनिक दिनचर्या ने बीमारियों को बढ़ावा दिया है। हमारे सामने दो बड़ी चुनौतियां हैं-एक बचाव और दूसरी उपचार। बीमारियों के तेजी से बढ़ते प्रभाव को देखते हुए जागरूकता और समय पर इलाज बेहद जरूरी है। पहले जहां मात्र 17 सरकारी मेडिकल कॉलेज थे, वहीं अब केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग से 81 मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं। इसके अलावा दो एम्स भी प्रदेश में कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि हर जिले में आईसीयू की सुविधा विकसित की गई है और कई अस्पतालों को कैथलैब से लैस किया गया है। संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी और लोहिया संस्थान में टेली आईसीयू और टेली-कंसल्टेंसी सेवाओं का विस्तार किया गया है।

■ सरकार ने इलाज को 1400 करोड़ रुपये दिए

# यूपी में एसआईआर से काटे पीडीए के वोट: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में एसआईआर प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही शुक्रवार को निर्वाचन आयोग द्वारा फाइनल वोटर लिस्ट जारी कर दिए जाने के बाद समा. जवादी पार्टी के राष्टीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तीखा हमला बोला है।

बीजेपी को निशाने पर लेते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि बीजेपी जब हारने लगती है, तो चुनाव आयोग से हाथ मिला लेती है। उन्होंने दावा किया कि यूपी में बीजेपी को सबसे पहले हराएंगे, उसके बाद राजस्थान या दूसरे राज्यों का रुख करेंगे।

उन्होंने एसआईआर के जरिए पीडीए के वोट काटने का भी आरोप लगाया। फाइनल वोटर लिस्ट आने के बाद अखिलेश यादव ने बीजेपी के साथ ही चुनाव आयोग पर भी सीधा हमला बोला है। जयपुर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि बीजेपी जब भी हारती है, तो चुनाव आयोग को आगे कर देती है, लेकिन 2027 में बीजेपी को हराएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर के जरिये पिछड़ा दलित और अल्पसंख्यकों के वोट काटे गए। योजना बद्ध तरीके से बीजेपी और चुनाव आयोग पीडीए के नाम डिलीट कर रहे हैं, फॉर्म-7 इसका बड़ा हथियार बना।



■ जब बीजेपी हारती है तो मिलती है ईसी से

# प. बंगाल में महिलाओं को मिलेंगे 3 हजार

## छह महीने में राज्य में यूसीसी लागू करेंगे: अमित शाह

**नई दिल्ली/कोलकाता, वार्ता**

गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के देबरा में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि ममता बनजी बंगाल के लोगों की चिंता नहीं करती हैं। उन्हें बस भतीजे अभिषेक बनर्जी को अगला सीएम बनाने में दिलचस्पी है।

भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के लिए पार्टी का घोषणा पत्र यानी 'भरोसे का पत्र' जारी किया। इसमें महिलाओं को 3 हजार महीना, युवा बेरोजगारों को 3 हजार महीना की मदद, पहले 6 महीने में यूसीसी लागू करना और सरकारी कर्मचारियों को 45 दिन में सातवां वेतनमान देने की घोषणा की गई। शाह ने पत्र जारी करते हुए कहा कि बंगाल की जनता के लिए पिछले 15 साल बुरे सपने के जैसे रहे हैं। ममता घुसपैठियों के जरिए तीसरी बार सीएम बनीं हैं। हम घुसपैठियों को डिटेक्ट, डिलीट और डिपोर्ट करेंगे। राज्य में दो फेज में 23 और 29 अप्रैल को वोटिंग होनी है। रिजल्ट 4 मई को आएगा। देबरा में एक जनसभा को संबो. धित करते हुए अमित शाह ने कहा कि पिछले 15 सालों से ममता बनर्जी 'मा, माटी, मानुष' के नारे के साथ आती रही हैं, लेकिन हमारे युवाओं को बेरोजगारी का सामना करना पड़ा है और लोगों को तकलीफें उठानी पड़ी हैं। किसानों को भी परेशान होना पड़ा है। भारतीय जनता पार्टी बंगाल को घुसपैठियों से मुक्त कराना चाहती है, जबकि ममता बनर्जी उन्हें बचाना चाहती हैं। ममता दीदी, आप जो चाहें कर लें, हम हर घुसपैठिये की पहचान करेंगे और उन्हें बंगाल से बाहर निकाल देंगे। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह संकल्प पत्र भरोसे का है। यह सोनार बांग्ला के निर्माण का भरोसा है। उन्होंने कहा कि इस भरोसे के आधार पर रचनात्मक रूप से चुनाव में जाना चाहते हैं। अमित शाह ने कहा कि मुझे भरोसा है कि बंगाल की जनता हमें पांच साल के लिए सरकार बनाने का मौका जरूर देगी।



■ बेरोजगार युवकों को भी तीन हजार की मदद: गृहमंत्री

# डा. अम्बेडकर के सम्मान में मैराथन आयोजित करेगी कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन राजेंद्र पाल गौतम ने शुक्रवार को बताया कि पार्टी अप्रैल महीने को 'सामाजिक न्याय माह' के रूप में मना रही है और संविधान निर्माता भीमराव रामजी अम्बेडकर के सम्माान में मैराथन का आयोजना किया जाएगा। गौतम ने यहां सवाददाता सम्मेलन में कहा कि अप्रैल का यह महीना देश के लिए गौरवशाली है, क्योंकि इसी माह में कई महानायकों का जन्म हुआ था। इन महानायकों में ज्योतिबा फुले, डा. भीमराव अंबेडकर, राहुल सांकृत्यायन, जगजीवन राम और सम्राट अशोक जैसे महान व्यक्तित्व शामिल हैं। उन्होंने बताया कि कांग्रेस का अनुसूचित जाति विभाग और पिछड़ा वर्ग विभाग मिलकर 11 अप्रैल को लखनऊ स्थित इंदिरा प्रतिष्ठान में ज्योतिबा राव फुले की जयंती मनाएंगे। इसके बाद रविवार सुबह छह बजे मंडी हाउस, नई दिल्ली से 'सामाजिक परिवर्तन मैराथन' की शुरुआत की जाएगी। इसका शुभारंभ पार्टी नेता राहुल गांधी करेंगे। इस मैराथन को 'रन फॉर अंबेडकर, रन फॉर संविधान' नाम दिया गया है। गौतम ने कहा कि इसका उद्देश्य डा. अम्बेडकर द्वारा निर्मित संविधान के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक दौड़ नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का प्रतीक है। इस मैराथन में भाग लेकर लोगों को उस संविधान के प्रति सम्मान प्रकट करना है।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 77550.25
निफ्टी 24050.60



सोना 151700
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 239685
प्रति किलो



# शेयर बाजार में लौटी तेजी, सेंसेक्स चढ़ा

**मुंबई, वार्ता**

अमेरिका-ईरान के बीच स्थाई युद्ध विराम के लिए जारी वार्ता के बीच घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को तेजी लौट आई और बीएसई का संसेक्स 918.60 अंक (1.20 प्रतिशत) चढ़कर 77,550.25 अंक पर पहुंच गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी 275.50 अंक यानी 1.16 प्रतिशत की बढ़त में 24,050.60 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों सूचकांकों का 10 मार्च के बाद का उच्चतम बंद स्तर है। स्थाई युद्ध विराम के लिए पाकिस्तान में आज से हो रही वार्ता से बाजार में निवेश धारणा को मजबूती मिली है। चौतरफा लिवाली के बीच मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने ज्यादा पैसा लगाया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.27 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.65 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। आईटी की 1.91 फीसदी की गिरावट को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों के सूचकांक हरे निशान में रहे। ऑटो में सबसे अधिक 2.85 प्रतिशत की तेजी रही। बैंकिंग, वित्त और रियलटी सेक्टरों के सूचकांक भी दो प्रतिशत चढ़े। संसेक्स की कंपनियों में एशियन पेंट्स का शेयर चार प्रतिशत के करीब मजबूत हुआ। आईसीआईसीआई बैंक में भी तीन फीसदी से अधिक की बढ़त दर्ज की गई। महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंडिगो, एक्सिस बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस और बजाज फिनसर्व के शेयर दो से तीन प्रतिशत चढ़े। अडानी पोर्ट्स, ट्रेंट, एचडीएफसी बैंक, एलएंडटी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, पावरग्रिड, टाइटन, अल्ट्राटेक सीमेंट और हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर एक से दो प्रतिशत तक ऊपर बंद हुए। इटरनल, मारुति सुजुकी, कोटक महिंद्रा बैंक, टाटा स्टील, बीईएल, एनटीपीसी, भारती एयरटेल और आईटीसी के शेयर भी हरे निशान में रहे। सनफार्मा का शेयर साढ़े तीन फीसदी से अधिक टूट गया। इंफोसिस में करीब तीन प्रतिशत और टीसीएस में करीब ढाई प्रतिशत की गिरावट रही। टेक महिंद्रा का शेयर डेढ़ फीसदी और एचसीएल टेक्नोलॉजीज का एक फीसदी के करीब नीचे बंद हुआ।



### सोना और चांदी की कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली।** कमोडिटी मार्केट में शुक्रवार को सोने-चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट देखी जा रही है, जिससे चांदी 2 लाख रुपये से ज्यादा सस्ती हो चुकी है। एमसीएक्स पर सोने-चांदी में यह गिरावट ऐसे समय में आई है, जब अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता होने जा रही है।

मल्टी कमोडिटी मार्केट में 10 ग्राम सोने का भाव 1700 रुपये टूटकर 151700 रुपये पर पहुंच गया। इसी तरह चांदी की कीमतों में भी बड़ी गिरावट आई है, जो 4000 रुपये से ज्यादा गिरकर 2,39,685 रुपये प्रति किलो पर कारोबार कर रही है। सोने के भाव में 1.10 फीसदी और चांदी की कीमतों में 1.70 फीसदी की गिरावट देखी जा रही है। चांदी को रिकॉर्ड हाई लेवल 4.39 लाख रुपये है और अभी 2.39 लाख रुपये पर कारोबार कर रही है।

# यूपी की आध्यात्मिक राजधानी का बौद्ध सर्किट बनेगा आधार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को विश्व की आध्यात्मिक राजधानी बनाने की दिशा में राज्य सरकार के प्रयासों को अब बौद्ध सर्किट नई गति देने जा रहा है।

सारनाथ से कुशीनगर और श्रावस्ती से कपिलवस्तु तक फैला यह आध्यात्मिक गलियारा अब वैश्विक पर्यटन, निवेश और सांस्कृतिक कूटनीति का महत्वपूर्ण केंद्र बनकर उभर रहा है। प्रदेश के बौद्ध स्थलों पर बढ़ती पर्यटकों की संख्या इस सर्किट की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाती है। वर्ष 2025 में कौशाम्बी, संकिसा समेत छह प्रमुख स्थलों पर 82 लाख से अधिक पर्यटक पहुंचे। इन स्थलों को बेहतर सड़क और हवाई कनेक्टिविटी, डिजिटल सुविधाओं और अंतरराष्ट्रीय स्तर की पर्यटन सेवाओं से जोड़ा जा रहा है। इसका सीधा लाभ स्थानीय अर्थव्यवस्था को मिल रहा है, जहां होटल, परिवहन, गाइड सेवा और हस्तशिल्प क्षेत्र में नए अवसर पैदा हो रहे हैं। कुशीनगर में आयोजित कॉन्क्लेव ने उत्तर प्रदेश को वैश्विक आध्यात्मिक मानचित्र पर मजबूती से स्थापित किया। इस आयोजन में 2,300 से अधिक श्रद्धालुओं ने भाग लिया, जबकि थाईलैंड, जापान, म्यांमार, भूटान और नेपाल से आए प्रतिनिधियों ने इसे अंतर्राष्ट्रीय स्वरूप दिया। इस दौरान करीब 3,000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, जो बौद्ध सर्किट की आर्थिक क्षमता को दर्शाते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 'विकसित उत्तर प्रदेश/2047' के तहत पर्यटन आधारित सकल मूल्य वर्धन में प्रदेश की हिस्सेदारी को 9.2 प्रतिशत से बढ़ाकर 16 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। यूनेस्को मान्यता प्राप्त विरासत स्थलों की संख्या को 7 से बढ़ाकर 20 तक पहुंचाने की योजना है। भगवान बुद्ध से जुड़ी यह पावन भूमि, जहां उन्होंने प्रथम उपदेश दिया और महापरिनिर्वाण प्राप्त किया, आज नई वैश्विक पहचान की ओर अग्रसर है। सरकारी नीतियां, अंतर्राष्ट्रीय आयोजन और निवेश प्रस्ताव मिलकर यूपी को आध्यात्मिक और पर्यटन हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में मजबूत आधार तैयार कर रहे हैं।

■ तीन हजार करोड़ के निवेश का प्रस्ताव मिला

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में भारत की ऐतिहासिक उपलब्धि

### वैश्विक संस्थाओं ने कलपक्कम रिएक्टर को सराहा

**वाशिंगटन।** भारत ने परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। तमिलनाडु के कलपक्कम में स्थित 'प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर' ने सफलतापूर्वक काम करना शुरू कर दिया है।

यह भारत के तीन चरणों वाले परमाणु कार्यक्रम के दूसरे चरण की महत्वपूर्ण शुरुआत है। अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के प्रमुख राफेल ग्रासी ने भारत के इस उपलब्धि की जमकर सराहना की है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई देते हुए कहा कि यह कदम ईंधन की स्थिरता और परमाणु ऊर्जा के भविष्य के लिए बहुत जरूरी है। पेरिस स्थित अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने भी इसे एक बड़ी तकनीकी उपलब्धि बताया है। आईईए ने शोसल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा ९कई वर्षों के विकास के बाद हासिल की गई इस महत्वपूर्ण तकनीकी उपलब्धि के लिए भारत, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वैज्ञानिकों व इंजीनियरों को बधाई। भारत अब दुनिया का दूसरा ऐसा देश बन गया है जिसके पास यह खास तकनीक है। रूस के अलावा अभी तक कोई भी देश इसे सफलतापूर्वक नहीं चला पाया है। अमेरिका और जापान जैसे देशों ने भी दशकों पहले इस जटिल तकनीक में महारत हासिल करने की कोशिशें छोड़ दी थीं। यह रिएक्टर 6 अप्रैल को रात 8.25 बजे चालू हुआ। इसमें ईंधन के रूप में प्लूटोनियम आधारित मिक्स्ड आक्साइड का इस्तेमाल होता है।

# हिन्दी भाषा विवाद पर कर्नाटक हाईकोर्ट का बड़ा एक्शन

### झूठी अफवाह फैलाने वालों पर 1 लाख का जुर्माना



**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के एक प्रस्तावित कदम को चुनौती देने वाली जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ताओं पर 1 लाख का भारी जुर्माना लगाया है। सरकार के इस प्रस्ताव में कर्नाटक माध्यमिक शिक्षा परीक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित एसएसएलसी (10वीं) की परीक्षा में हिंदी सहित 'तीसरी भाषा' के लिए अंकों के बजाय ग्रेड देने की बात कही गई थी।

मुख्य न्यायाधीश विभु बाखरू और न्यायमूर्ति सी.एम. पूनाचा की खंडपीठ ने बेंगलुरु निवासी एच.एन. चंदना और एस. वेंकटेश की याचिका पर सुनवाई के दौरान सख्त रुख अपनाया। अदालत ने पाया कि यह याचिका केवल मीडिया रिपोर्ट्स और शिक्षा मंत्री के एक कथित बयान के आधार पर दायर की गई थी। कोर्ट ने इसे 'अत्यंत अनुचित' ठहराते हुए कहा कि सिर्फ अखबार की खबरों को आधार बनाकर हाईकोर्ट के असाधारण अधिकार क्षेत्र का उपयोग करना कतई उचित नहीं है। शुरुआत में अदालत ने इस याचिका को पब्लिसिटी पाने का जरिया मानते हुए याचिकाकर्ताओं पर 50,000 रुपये का जुर्माना लगाया था। कोर्ट ने यह राशि 'कर्नाटक राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण' में जमा करने का आदेश दिया और स्पष्ट किया कि भुगतान न होने पर इसकी वसूली भू-राजस्व के बकाया के तौर पर की जाएगी।

# बिना अनुमति पुलिस अफसर पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाई कोर्ट ने यह फैसला दिया है कि किसी पुलिस अधिक. ारी पर अवैध हिरासत और हिरासत में यातना देने के आरोप लगने पर भी उन्हें सरकार की पूर्व अनुमति का सुरक्षा कवच मिल सकता है, बशर्ते कि वे कार्य उनकी आधिकारिक ड्यूटी से तर्कसंगत रूप से जुड़े हों।

जस्टिस एम ए चौधरी ने अपने 12 पन्नों के फैसले में जम्मू निवासी राजेश्वर सिंह के खिलाफ मजिस्ट्रेट द्वारा संज्ञान लेने के आद. ेश और ट्रायल कोर्ट के 11 मई, 2015 के आदेश, दोनों को रद्द कर दिया। सिंह ने अपने वकील आक. ाश गुप्ता के माध्यम से जम्मू-कश्मीर सीआरपीसी की धारा 561(।) का सहारा लेते हुए हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

# सिंधी भाषा में संविधान का नया अवतार

### उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने जारी किया संस्करण

**नई दिल्ली।** उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को देवनागरी और फारसी दोनों लिपियों में सिंधी भाषा में संविधान का नवीनतम संस्करण जारी किया।

उप राष्ट्रपति ने सिंधी भाषा दिवस के अवसर पर उप राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में सिंधी भाषी समुदाय को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सिंधी सबसे प्राचीन भाषाओं में से एक है और इसकी साहित्यिक परंपरा वेदांतिक दर्शन और सूफी विचारों के अनूठे संगम को दर्शाती है, जो एकता, प्रेम और भाईचारे के सार्वभौमिक मूल्यों को बढ़ावा देती है। श्री राधाकृष्णन ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद पहली बार सिंधी भाषा में विशेष रूप से देवनागरी लिपि में संविधान का प्रकाशन, भाषाई समावेशिता को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि संविधान केवल कानूनी दस्तावेज नहीं है, बल्कि राष्ट्र की जीवंत आत्मा है, जो इसकी आकांक्षाओं को समाहित करती है, अधिकारों की रक्षा करती है और लोकतांत्रिक शासन का मार्गदर्शन करती है उपराष्ट्रपति ने सरकार द्वारा संविधान को अनेक भारतीय भाषाओं में सुलभ बनाने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहल नागरिकों और शासन के बीच के अंतर को कम करने में सहायक होती है, क्योंकि इससे लोग संविधान को अपनी मातृभाषा में समझ पाते हैं, जिससे लोकतांत्रिक भागीदारी और विश्वास मजबूत होता है। श्री राधाकृष्णन ने संविधान को बोडो, डोगरी, संथाली, तमिल, गुजराती और नेपाली आदि भाषाओं में उपलब्ध कराने के प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रयास भारत की भाषाई विविधता का सम्मान करते हैं और लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ बनाते हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि विभाजन के बाद के कठिन समय में यह भाषा दृढ़ता और एकता का प्रतीक रही है। उन्होंने कहा कि सिंधी भाषा को 1967 में 21वें संवैधानिक संशोधन के माध्यम से संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया था, जिससे इसके सांस्कृतिक महत्व को मान्यता मिली और आने वाली पीढ़ियों के लिए इसका संरक्षण सुनिश्चित हुआ। उपराष्ट्रपति ने कहा कि मातृभाषा के साथ-साथ सभी भाषाओं को समान महत्व और सम्मान मिलना चाहिए। उन्होंने बल दिया कि भारत की शक्ति उसकी विविधता में निहित है और भाषाएं संस्कृति, परंपरा और पहचान की महत्वपूर्ण वाहक हैं।

# EDUCATIONAL INSTITUTIONS CONTINUE NAINITAL's LEGACY AS EDUCATION HUB



अफजल हुसैन फौजी
नैनीताल।

▸ नैनीताल देश का प्रमुख शिक्षा हब है। ▸ इस शहर की 150 साल पुरानी शैक्षिक विरासत है। ▸ देश के कई स्थानों के साथ-साथ कई विदेशी छात्र शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। ▸ ICSE, CBSE व स्टेट बोर्ड के कई नामी स्कूल यहां स्थित है। ▸ नैनीताल से पढ़े छात्र देश-विदेश में उच्च पदों पर कार्यरत हैं।

**सरोवर नगरी नैनीताल** शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित हब के रूप में विख्यात है, यहां दी जाने वाली शिक्षा का कोई सानी हीं। पिछले कुछ सालों में शैक्षिक परिवेश में वैश्विक स्तर पर सर्वाधिक बदलाव देखने को मिला है। जिसमें सबसे बड़ी भूमिका इंटरनेट की रही है। नैनीताल के शिक्षण संस्थानों की बात की जाए तो वह पहले भी वैश्विक स्तर की थी और वर्तमान में भी देश में सर्वोपरि स्थान रखती हैं। इसका उदाहरण यहां स्थित आवासीय विद्यालय हैं, जहां शायद ही देश का कोई प्रान्त और विद्यार्थी हो जो यहां शिक्षा ग्रहण न कर रहा हो। इसके अलावा विदेशों के भी विद्यार्थी इन स्कूलों में अध्ययनरत हैं। नैनीताल की उत्कृष्ट शिक्षा का यह प्रत्यक्ष प्रमाण है। सर्वविदित है, नैनीताल का स्कूलों का अतीत डेढ़ सौ से भी अधिक वर्ष पुराना है। इन वर्षों में यहां के कई स्कूलों की रैंकिंग राष्ट्रीय स्तर पर टॉप टेन में शामिल रही है, जो वर्तमान में भी बरकरार है। यहां शिक्षा का पैर्टन अंतराष्ट्रीय स्तर का है। देश में चुनिंदा विद्यालय हैं, जो अंतराष्ट्रीय स्तर पर संचालित होते हैं। यही वजह है कि यहां से शिक्षित विद्यार्थी हजारों की संख्या में दुनिया भर में अपनी सेवाएं दे रहे हैं और अपना व अपने परिवार के अलावा विद्यालय व नैनीताल का नाम रोशन कर रहे हैं।

प्रस्तुतिः दिग्विजय सिंह बिष्ट,आकांक्षी माड़मी

## बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा दे रहा सेंट जॉन्स स्कूल






सेंट जॉन्स स्कूल की शुरुआत वर्ष 1982 में एक प्लेस्कूल के रूप में की गई थी। वर्ष 1989 में इसे श्रीमती ई.थॉमस और श्री एस.ए. थॉमस द्वारा अधिग्रहित कर लिया गया, जिन्होंने कक्षा 8 तक अतिरिक्त कक्षाओं का संचालन शुरू किया। वर्तमान में श्रीमती विनीता रावत के रूप में वर्तमान प्राचार्या पद पर कार्य कर रही हैं। इस विद्यालय का वातावरण नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए नगर में विशेष स्थान रखता है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित सेंट जॉन्स स्कूल बेहतर ढंग से बच्चों के चहुमुखी विकास में जुटा हुआ है। अनिवार्य विषयों के अलावा अतिरिक्त विषय भी चला रहा है। जिसके चलते इस विद्यालय के प्रति नगर में लोगों का विश्वास गहराता जा रहा है, जो कक्षा आठवीं तक संचालित की जा रही है।







## एकोर्न स्कूल बना नन्हें मुन्ने बच्चों की पहली पसंद



कक्षा पांचवी तक अंग्रेजी माध्यम से संचालित यह विद्यालय नगर में नन्हे मुन्ने बच्चों की पहली पसंद बन गया है। स्कूल का वातावरण बच्चों को खूब भाता है। पढ़ाई का स्तर उच्च स्तरीय है। अनुभवी शिक्षिकाएं बच्चों की मनोस्थिति को समझते हुए, उन्हे शिक्षा देती हैं। विद्यालय में बच्चों के शारारिक विकास के लिए खेलकूद की समस्त सुविधाएं उपलब्ध हैं। तमाम सुविधाओं से सुसज्जित यह विद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। विद्यालय का संचालन कर रही प्रधानाचार्य आशा आर्या कहती हैं कि उनका जीवन बच्चों का भविष्य संवारने के लिए समर्पित है।

## छात्राओं का भविष्य संवार रहा एमएल साह बाल विद्या मंदिर



अंग्रेजी माध्यम से संचालित यह विद्यालय नगर के विद्यालयों में खास स्थान रखता है। देश के विभिन्न प्रांतों की छात्राएं इस विद्यालय में शिक्षारत हैं। यह विद्यालय आवासीय के साथ दिवसीय है, जो शिक्षा के तमाम मापदंडों की पूर्ति करता है और कई दशकों से शिक्षा के क्षेत्र में अपना दायित्व निभा रहा है। हजारों छात्राए इस विद्यालय से अध्ययन कर अपना भविष्य संवार चुकी है। यह विद्यालय तमाम सुख सुविधाओं से सुसज्जित है। अनुभवी शिक्षिकाएं बच्चों की मनोस्थिति को समझते हुए, उन्हे शिक्षा देती हैं। विद्यालय में बच्चों के शारारिक विकास के लिए खेलकूद की समस्त सुविधाएं उपलब्ध हैं। तमाम सुविधाओं से सुसज्जित यह विद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है और बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत रिजल्ट देता आ रहा है। विद्यालय का संचालन कर रही प्रधानाचार्य अनुपमा साह कहती हैं कि यह विद्यालय भविष्य में भी अपना दायित्व बखूबी निभाता रहेगा। प्रबंधक विनय साह के निर्देशन में विद्यालय निरन्तर प्रगति की ओर अग्रसर है।

## शिक्षा के क्षेत्र में अद्वितीय भूमिका निभा रहा रामा मॉन्टेसरी



शिक्षा के क्षेत्र में रामा मॉन्टेसरी विद्यालय की भूमिका अद्वितीय रही है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित यह विद्यालय नर्सरी से कक्षा 8वीं के बच्चों का भविष्य संवारने में जुटा हुआ है। बच्चों का बौद्धिक का शारीरिक विकास के साथ प्रतियोगात्मक विकास पर विद्यालय प्रबंधन विशेष ध्यान देता है। जिस कारण यह विद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। प्रधानाचार्य नीलू एलहंस कहती हैं कि बच्चों की चहुमुखी विकास को लेकर उन्होंने विद्यालय में शिक्षण कार्य शुरू किया था और इसी उद्देश्य की पूर्ति को लेकर प्रयासरत रहती हैं।




## नगर का अग्रणी स्कूल सनवाल



उत्कृष्ट शिक्षा व कुशल प्रबंधन के चलते यह विद्यालय कक्षा 12वीं तक जा पहुंचा है। वर्ष 1952 में सनवाल स्कूल की स्थापना एंजेलिना ग्रेस सनवाल द्वारा की गई थी। लिहाजा सनवाल स्कूल अपने उद्देश्य की पूर्ति करता हुआ 73 साल का सफर तय करने में न केवल कामयाब हुआ है, बल्कि हजारों बच्चों का भविष्य संवारने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुका है।

सीबीएससी बोर्ड से संबद्ध सनवाल स्कूल अंग्रेजी माध्यम से संचालित किया जा रहा है। वर्तमान में प्रबंध निदेशक गौरव सनवाल विद्यालय का कुशल प्रबंधन का दायित्व निभा रहे हैं, जबकि ए इमेन्युअल प्रधानाचार्य के पद पर बेहतर शिक्षण कार्य रही हैं। वह कहती हैं कि विद्यालय को आगे ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और आधुनिक शिक्षा के साथ बच्चों का भविष्य संवारने हेतु दायित्व निभा रही हैं।




## नगर का अग्रणी विद्यालय है बिशप शॉ इंटर कॉलेज



नीलम दानी
(प्रबन्धक)



वीना मैसी
(प्रधानाचार्य)

बिशप शॉ इंटर कॉलेज उत्तराखंड बोर्ड से सम्बद्ध अंग्रेजी माध्यम से संचालित नगर के अग्रणी विद्यालयों में स्थान रखता है और अनुभवी शिक्षकों द्वारा बच्चों का भविष्य संवारने में जुटा हुआ है। विद्यालय प्रबंधन की विशेषता है कि बेहद कम शुल्क में बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान कर, शिक्षा के क्षेत्र में अपना दायित्व बखूबी निभाता आ रहा है। तल्लीताल क्षेत्र में झील के समीप विद्यालय का वातावरण शिक्षा के माकूल है। विद्यालय प्रबंधक नीलम दानी कहती है कि उनका प्रयास विद्यार्थियों को उत्तम शिक्षा प्रदान कर बेहतर भविष्य बनाना है। भविष्य में भी उनका प्रयास जारी रहेगा। प्रधानाचार्य वीना मैसी कहती हैं कि वह वैश्विक शिक्षा को ध्यान में रखते हुए आधुनिक शिक्षा प्रदान करने में जुटी हुई हैं।



# केबिल चोरी की घटना का खुलासा

## 12 घंटे के भीतर पुलिस ने दो लोगों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** कोतवाली पुलिस द्वारा बिजली केबिल चोरी की घटना का 12 घंटे के भीतर खुलासा कर 45 कुन्तल बिजली केबिल के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। 9 अप्रैल को अवर अभियंता कुंडेश्वरी उपकेंद्र काशीपुर अकरम पत्र नवाब अली द्वारा कोतवाली पुलिस को सूचना देकर बताया गया कि महादेव नगर कुंडेश्वरी क्षेत्र से अज्ञात चोरों के द्वारा 8 विद्युत पोलों पर लगी एचटी केबल करीब 12 से 15 कुंतल वजनी को काटकर चोरी कर लिया गया है। इस संबंध में अज्ञात चोरों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। इसके अतिरिक कोतवाली कुण्डा क्षेत्र में भी अज्ञात चोरों द्वारा बिजली केबिल चोरी करने के संबंध में 8 अप्रैल को



मुकदमा दर्ज किया गया। घटना के खुलासे हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये गये आदेश निर्देशों के क्रम में गठित पुलिस टीम द्वारा एसटीएफ कुमाऊं यूनिट रूद्रपुर व कोतवाली कुंडा पुलिस के साथ मिलकर संयुक्त रूप से 9-10 अप्रैल की रात मुखबिर की सूचना पर धर्मपुर द्वारिका कॉलोनी नियर बिनसर रुद्रपुर (अभियुक्तगणों के गोदाम) सेआफताब अली पुत्र स्व. मोहम्मद अली निवासी 15 एकड़ नियर जोशी किराना स्टोर धर्मपुर थाना रुद्रपुर तथा जीशान पुत्र नसीर अहमद, निवासी भदईपुरा, चक्की वाली गली, रुद्रपुर को उपरोक्त दोनों मुकदमों से संबंधित चोरी किए गए कुल 45 कुंतल बिजली केबिल, घटना में प्रयुक्त कैंची, कटर आदि उपकरणों तथा घटना में प्रयुक्त स्कॉर्पियो कार संख्या यूके18डी-4683 तथा पिकअप संख्या यूपी25ईटी-3009 के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक मनोज सिंह धोनी काशीपुर, उप निरीक्षक विपिन जोशी एसटीएफ, अपर उपनिरीक्षक रवीश राम, कां. छगदीश पपनै काशीपुर, मुकेश कुमार काशीपुर, राजीव कुमार कुण्डा, राजेश भट्ट कुंडा, हेड कांस्टेबल महेंद्र-एसटीएफ, हेड कांस्टेबल रविंद्र-एसटीएफ, हेड कांस्टेबल किशोर-एसटीएफ शामिल रहे।

# मेयर ने टांडा उज्जैन से किया जनगणना अभियान का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** काशीपुर के महापौर दीपक बाली ने आज अपने पुराने निवास स्थान मौ. टांडा उज्जैन से अपना जनगणना रजिस्ट्रेशन कराकर देशव्यापी जनगणना कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

महापौर ने कहा कि भारत सरकार द्वारा संचालित यह जनगणना अभियान देश की सामाजिक, आर्थिक और जनसंख्या संबंधी वास्तविक स्थिति का आंकलन करने में अहम भूमिका निभाएगा। इसके आधार पर ही भविष्य की योजनाएं और नीतियां तय की जाती हैं। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि जनगणना कार्य पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ किया जाए, ताकि सही आंकड़े सामने आ सकें। साथ ही उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे जनगणना कर्मियों को सही और पूर्ण जानकारी देकर इस राष्ट्रीय कार्य में सहभागी बनें। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, नगर आयुक्त रविंद्र सिंह बिष्ट सहायक नगर आयुक्त विनोद लाल एवं गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। जनगणना अभियान के शुभारंभ के साथ ही क्षेत्र में इसकी औपचारिक शुरुआत हो गई है।

## एक नजर

### चैती मेले में होम्योपैथिक मेडिकल कैम्प सम्पन्न

**काशीपुर।** चैती मेले मे इलैक्ट्रो होम्योपैथी के 41वें नि:शुल्क डे व नाईट चिकित्सा कैम्प का समापन मुख्य पंडा विकास अग्निहोत्री व भाजपा नेता डॉ. गिरीश चन्द्र तिवारी के द्वारा किया गया। इलैक्ट्रो होम्योपैथिक रिसर्च डवलमेंट आर्गेनाइजेशन, उत्तराखंड (रजि.) के द्वारा चैती मेला में प्याऊ में लगाये गये डे व नाईट कैम्प प्याऊ में लगे फी मेडिकल कैम्प में मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को संस्था से जुड़े चिकित्सकों के द्वारा सेवाएं प्रदान की गयी। कैम्प के समापन के अवसर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व चैती मंदिर के मुख्य पंडा विकास कुमार अग्निहोत्री व भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. गिरीश चन्द्र तिवारी के द्वारा मेले में उत्कृष्ट सेवाएं देने के लिये ने ईआरडीओ के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सुरेश राजपूत, प्रदेश मीडिया प्रभारी डॉ. जफर सैफी, प्रदेश कोर कमेटी सदस्य डॉ. आरके विश्नोई व डॉ. जेड रहमान, उधमसिंह नगर के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. नावेद जाफरी आदि को सम्मान पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### प्राचीन कुएं व धर्मशाला के जीर्णोद्धार की मांग

**काशीपुर।** प्राचीन कुएं व धर्मशाला का जीर्णोद्धार कर मंदिर बनाने अथवा बैठने आदि की व्यवस्था करने के संबंध में नगर निगम महापौर को ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में बताया गया कि मौहल्ला कटोराताल में छावनी मोड़ के समीप पठानों वाली गली से सटी गली में एक प्राचीन कुआं है, जहां हिन्दू धोबी समाज की धर्मशाला भी थी, जिसमें हिन्दू धोबी समाज के लोग कई सामाजिक कार्य करते थे, लेकिन ये धर्मशाला अब जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है। साथ ही यहां स्थित कुएं का पानी भी सफाई के अभाव में दूषित हो गया है। कहा कि हिन्दू धोबी समाज की इस प्राचीन धर्मशाला व कुएं का जीर्णोद्धार कर यहां मंदिर बनाने अथवा बैठने आदि की व्यवस्था करायें, ताकि हिन्दू धोबी समाज के लोग पुन: अपने समाज के कार्य सुचारू रूप से संचालित कर सकें। ज्ञापन सौंपने वालों में भूकनलाल दिवाकर, नारायणदास, मुख्तार खान, जलील खां, सुरेश कुमार दिवाकर, रामगोपाल, कमल, राजेश कुमार, कैलाश कुमार, राजीव कुमार, संजय आदि तमाम लोग थे।

### परीक्षा को लेकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**अल्मोड़ा।** संघ लोक सेवा आयोग की संयुक्त रक्षा सेवा (सीडीएस) और राष्ट्रीय रक्षा व नौसेना अकादमी परीक्षा की तैयारियों को तैयारियां तेज हो गई है। शुक्रवार को एडीएम युक्ता मिश्र ने परीक्षा के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने परीक्षा को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में एडीएम ने बताया कि जिले भर में परीक्षा को लेकर 11 केंद्र बनाए गए है। जिसमें कुल 3005 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्रों के लिए रिजर्व समेत कुल 29 सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। बताया कि सीडीएस परीक्षा की प्रथम पाली का पेपर सुबह नौ से 11 बजे तक होगा। जबकि द्वितीय पाली की परीक्षा साढ़े 12 बजे से और तृतीय पाली की परीक्षा चार बजे से शाम छह बजे तक आयोजित होगी। वहीं, एनडीए एवं नौसेना अकादमी की प्रथम पाली की परीक्षा सुबह दस बजे से साढ़े 12 बजे तक और द्वितीय पाली का पेपर दोपहर दो बजे से साढ़े चार बजे तक होगा। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों, सेक्टर मजिस्ट्रेटों को जिम्मेदारी पूरी करने के निर्देश दिए।

### शिक्षकों की कमी से जूझ रहा राजकीय इंटर कॉलेज

**बागेश्वर।** राइका असों में शिक्षकों और प्रशासनिक पदों की भारी कमी से जूझ रहा है। ग्राम प्रधान के नेतृत्व में अभिभावकों ने मुख्य शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र नियुक्तियों की मांग की है। मांग पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है। ग्राम प्रधान संदीप असवाल ने बताया कि राजकीय इंटर कालेज असों विद्यालय क्षेत्र के चार गांवों का एकमात्र शिक्षा केंद्र है, जहां वर्तमान में 201 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। इसके बावजूद शिक्षकों की भारी कमी के चलते पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है और शिक्षण कार्य नाममात्र का रह गया है। विद्यालय में कुल नौ प्रवक्ता पद स्वीकृत हैं, लेकिन वर्तमान में केवल एक स्थायी शिक्षक ही कार्यरत हैं। शेष आठ पद रिक्त होने से कई महत्वपूर्ण विषयों की पढ़ाई पूरी तरह ठप हो चुकी है। संस्कृत, भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान और इतिहास जैसे विषयों के लिए कोई शिक्षक उपलब्ध नहीं है, जिससे छात्रों के भविष्य पर संकट गहराता जा रहा है। इसके अलावा प्रधानाचार्य का पद वर्ष 2019 से रिक्त है, जबकि कनिष्ठ सहायक का पद भी खाली पड़ा है। प्रशासनिक व्यवस्था प्रभावित होने से विद्यालय का संचालन सुचारू रूप से नहीं हो पा रहा है। अभिभावकों और ग्रामीणों ने छात्रों के हित को देखते हुए जल्द से जल्द शिक्षकों और कर्मचारियों की नियुक्ति करने की मांग की है।

### जंगल में मिला बुजुर्ग का कंकाल

**बागेश्वर।** कपकोट थाना क्षेत्र के अंतर्गत खर्ककानातोली के जंगल में एक बुजुर्ग का कंकाल मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और कपड़ों के आधार पर कंकाल की शिनाख्त की गई। पुलिस ने कंकाल को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार गुरुवार शाम कुछ ग्रामीण जंगल में लकड़ी बीनने गए थे, तभी उनकी नजर एक नर कंकाल पर पड़ी। इसके बाद उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही एसआई संजय धोनी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। कंकाल की पहचान खर्ककानातोली (बांसनी) निवासी 70 वर्षीय शेर सिंह पुत्र दान सिंह के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि शेर सिंह पिछले एक साल से लापता थे और उनकी गुमशुदगी उनके चचेरे भाई द्वारा दर्ज कराई गई थी, लेकिन अब तक उनका कोई सुराग नहीं लग पाया था।

# आंगनबाड़ी वर्कर्स ने सरकार के खिलाफ जुलूस निकाला

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** मानदेय समेत तमाम मांगों को निराकरण को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने मोर्चा खोल दिया है। शुक्रवार को द्वाराहाट में कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जुलूस निकाल जमकर प्रदर्शन किया। जल्द मांगें पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। शुक्रवार को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं ने बाल विकास परियोजना कार्यालय द्वाराहाट में प्रदर्शन किया। ब्लॉक अध्यक्ष बबीता बोरा के नेतृत्व में सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध जताया। कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को काफी कम मानदेय दिया जा रहा है। कम मानदेय मिलने से उनके लिए दैनिक खर्च चलाना भी मुश्किल हो रहा है।

# बेटियों ने पिता पर लगाया शारीरिक शोषण का आरोप

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** जिले के कपकोट क्षेत्र के एक गांव में कलयुगी पिता द्वारा अपने बेटियों के साथ शारीरिक शोषण करने का मामला प्रकाश में आया है। पहले बड़ी बेटी ने पुलिस व रिश्तेदारों को अपने साथ हुए घटना की जानकारी दी।

जिसके आधार पर पीड़िता के रिश्तेदारों ने कपकोट पुलिस थाने में बीते 7 अप्रैल को कलयुगी पिता भूपाल शाह के खिलाफ पोक्सो एक्ट में मामला पंजीकृत किया गया। जिसके बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी पिता को तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेजा। इधर शुक्रवार को मामले में एक और चौंकाने वाला मामला सामने आया है। बड़ी बहन के बाद छोटी बहन ने भी पिता पर उसके साथ शारीरिक शोषण का आरोप लगाया है। मामले संज्ञान में आते ही पुलिस ने शुक्रवार को किशोरी का जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण करवाया। इधर पीड़िता किशोरी के साथ आई रिश्तेदार ने बताया कि बच्चियों की मां 10 साल पहले मर गई थी। उन्होंने बताया कि आरोपी पूर्व में सेना में कार्यरत था। जो रिटायर्ड होने के बाद घर में रहता है। घटना की सूचना मिलने के बाद पूरे समाज में आरोपी के खिलाफ आक्रोश है। वही रिश्तों को कलंकित करने वाली शर्मनाक वारदात सामने आने के बाद किशोरियों की सुरक्षा व काउंसलिंग के लिए प्रशासन सक्रिय है।

# सीएमएस को सौंपा मांगपत्र

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** बागेश्वर संघर्ष समिति से जुड़े लोगों ने जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) से मुलाकात कर 15 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा। इस दौरान एक साल से बंद पड़े ऑक्सीजन प्लांट को चालू करने और खून की जांच अस्पताल में ही कराने की प्रमुख मांग उठाई गई। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि जल्द समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। समिति अध्यक्ष कवित जोशी के नेतृत्व में पहुंचे लोगों ने ज्ञापन में बताया कि अस्पताल में कई समस्याएं व्याप्त हैं, जिससे मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल के कई बेड खराब हो चुके हैं, जिन्हें जल्द ठीक कराने



की मांग की गई। इसके अलावा नए फिजिशियन के आने तक पुराने चिकित्सकों को रिलीव न करने और मरीजों को बाहर से दवा लिखने के बजाय अस्पताल से ही दवा उपलब्ध कराने की मांग भी रखी गई। इस मौके पर नीरज मनराल, विजय परिहार, नवीन चौबे, किशोर तिवाड़ी, वीरेंद्र जोशी और पंकज परिहार समेत कई लोग मौजूद रहे। वहीं, सीएमएस डा. तपन शर्मा ने बताया कि जिला अस्पताल में जल्द ही डा. मुकेश बर्मा और शिप्रा चंद्रा की तैनाती होने वाली है। इसके अलावा अस्पताल की चौथी मंजिल पर बने वार्ड की जांच के लिए जिलाधिकारी द्वारा लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए गए हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी समस्याओं के समाधान के लिए गंभीरता से कदम उठाने का आश्वासन दिया।



**सूचना: सम्बंध विच्छेद**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पुत्र दीपक बिष्ट को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में इसके द्वारा किए गए कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

मंजू बिष्ट पत्नी मोहन सिंह बिष्ट निवासी लालपुर नायक तहसील हल्द्वानी जिला नैनीताल।

**सूचना**

सूचित है कि हरजीत कौर पत्नी अमरजीत सिंह निवासी वार्ड नं. नई सौनेरी किच्छा ऊधम सिंह नगर के नाम एक खसरा नं. 459 मिन, रकवा 83.57 वर्ग मीटर वाके वार्ड नं. 11 ग्राम किच्छा तहसील-किच्छा, जिला उधम सिंह नगर में स्थित है प्रार्थिनी ने उक्त सम्पति जरिये बैनामा महादेव प्रसाद से क्रय किया जो सब रजिस्ट्रार कार्यालय किच्छा में क्रमांक सं. 1292 दिनांक 15.06.2021 में दर्ज है जिससे सम्बन्धित एक पुराना पंजीकृत बैनामा जो कि मुख्तारनामा धारक उमेश अग्रवाल ने महादेव प्रसाद के हक में किया था, जो सब रजिस्ट्रार कार्यालय किच्छा में बही सं. 1, जिल्द नं. 2446, पृष्ठ 173 से 196 पर क्रमांक सं. 2148 दिनांक 27.09.2018 को पंजीकृत हुआ जो वास्तव में खो गया है जिनका प्रयोग किसी अन्य व्यक्ति द्वारा अवैध होगा, यदि किसी बैंक/संस्था आदि को आपत्ति हो या उक्त बैनामा किसी को मिलें तो वह 7 दिन के अन्दर शाखा प्रबंधक, प्रोटोनियम फाइनेंस लि. डी1 डी2 गुरुनानक ऑफिस कंपाउड सिविल लाइन चौराहा रूद्रपुर ऊधम सिंह नगर को सूचित करे, या विरेन्द्र सिंह कण्डारी एडवोकेट ऐरन प्लाजा ऑफिस नं. 3 प्रथम तल निकट सरस्वती शिशु मन्दिर इण्टर कॉलेज कल्याणी व्यू रोड रूद्रपुर, ऊधम सिंह नगर मो. नं. 7417411110 पर सम्पर्क करें।


# मैक्स वैशाली में बुजुर्ग महिला की सफल सर्जरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर केयर वैशाली ने उन्नत ओवरी कैंसर के इलाज में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यहां 67



वर्षीय उत्तराखंड निवासी महिला पर एचआइपीईसी सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। यह प्रक्रिया उन्नत स्टेज के ओवरी कैंसर के मरीजों को लंबे समय तक रोगमुक्ति की उम्मीद देती है। इस सर्जरी में पेट में फैले कैंसर ग्रस्त ऊतकों को हटाने के बाद, गर्म कीमोथेरपी से बची हुई कैंसर कोशिकाएं नष्ट की जाती हैं, जिससे कैंसर की वापसी की संभावना कम हो जाती है। इस जटिल सर्जरी का नेतृत्व डा. सीमा सिंह, वरिष्ठ सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट, ने किया। मरीज की स्थिति अब स्थिर है, और वह धीरे-धीरे सामान्य जीवन की ओर लौट रही हैं।



**सीतावनी एफ.पी.ओ. स्वायत्त सहकारिता**
**विकास खंड-कोटाबाग**
**जनपद नैनीताल**

**कोटेशन**

सीतावनी एफ.पी.ओ. स्वायत्त सहकारिता कोटाबाग द्वारा दुग्ध व्यापार से सम्बंधित विभिन्न उपकरण/मशीनें विक्रय हेतु कोटेशन आमंत्रित किये जाते हैं। इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें। मो0 नं. 9548939806

**उमा देवी, अध्यक्षा**


# काशीपुर में रेल सुविधाओं की मांग

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** महानगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने रेल सुविधाओं के लिए जोरदार नारेबाजी करते हुए रेल मंत्री को संबोधित 11 सूत्री ज्ञापन स्टेशन मास्टर को सौंपा। महानगर कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष अलका पाल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने रेलवे स्टेशन पहुंचकर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ काशीपुर में रेल सुविधाओं की अनदेखी के लिए प्रदर्शन किया। अलका पाल ने कहा कि काशीपुर रेलवे जंक्शन उत्तराखंड के कुमाऊ मंडल का प्रवेश द्वार होने के कारण हजारों की संख्या में रेल यात्री प्रतिदिन राजधानी देहरादून ओर दिल्ली सहित देश के विभिन्न हिस्सों



में प्रस्थान करते हैं, लेकिन वर्तमान सुविधाओं के स्थान पर पूर्व की सुविधाओं को भी रेल मंत्रालय द्वारा कटौती किए जाने पर काशीपुर सहित पर्वतीय क्षेत्र से आने वाले लोगों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रदेश महासचिव एवं एआईसीसी सदस्य अनुपम शर्मा भी रेल मंत्रालय पर जमकर बरसे। कहा कि उत्तराखंड के पांचों सांसद भाजपा के होने के बाबजूद काशीपुर रेल सुविधाओं की अनदेखी समझ से परे है। ज्ञापन में काशीपुर-रामनगर से देहरादून, हरिद्वार लखनऊ, इलाहाबाद, कोलकाता, पंजाब आदि के लिए ट्रेन व संचालित ट्रेनो में अतिरिक्त साधारण कोच लगाए जाने, प्रात: 11.30 के आसपास काशीपुर से मुरादाबाद के लिए अतिरिक्त रेल, काशीपुर-चंडीगढ़ वंदे भारत ट्रेन, काशीपुर-धामपुर प्रस्तावित रेल लाइन आरंभ किए जाने आदि मांगे रखीं। इस दौरान एड.हरीश कुमार सिंह, एड.संदीप सहगल, एड.उमेश जोशी, विमल गुड़िया, इंदू मान, एड.मनोज जोशी, सुभाष पाल, ब्रह्मा पाल, संजय चतुर्वेदी, एड. इंदर सिंह, मनोज अग्रवाल, अब्दुल कादिर, जितेन्द्र सरस्वती, महेन्द्र बेदी, विमल गुड़िया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद थे।

# सरकार की योजनाओं को हर व्यक्ति तक पहुंचाने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की शुक्रवार को बैठक आयोजित हुई। इस दौरान बैठक में जिले में संचालित विभिन्न केंद्रीय योजनाओं की प्रगति की व्यापक एवं बिंदुवार समीक्षा की गई। साथ ही पूर्व में आयोजित बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में की गई कार्यवाहियों का भी मूल्यांकन किया गया। विकास भवन सभागार में केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेष रूप से अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है। इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए

**जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक**



योजनाओं का क्रियान्वयन पूर्ण पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप पूर्ण किए जाएं। केंद्रीय मंत्री ने सड़क निर्माण एवं अनुरक्षण कार्यों की समीक्षा करते हुए गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। कहा कि दुर्गम क्षेत्रों में आवागमन सुगम बनाना प्राथमिकता में रखा जाए।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने अस्पतालों में उपलब्ध चिकित्सीय सुविधाओं, चिकित्सकों की उपस्थिति, दवाओं की उपलब्धता एवं स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा बैठक में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि योजनाओं की प्रगति केवल कागजी आंकड़ों तक सीमित न रहे, बल्कि उसका वास्तविक प्रभाव धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई देना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए संवेदनशीलता के साथ कार्य करें तथा जनप्रतिनिधियों से निरंतर संवाद बनाए रखें। यहां जिला पंचायत अध्यक्ष हेमा गैड़ा, डीएम अंशुल सिंह, विधायक अल्मोड़ा मनोज तिवारी, जागेश्वर मोहन सिंह मेहरा, रानीखेत प्रमोद नैनवाल, ब्लॉक प्रमुख हिमानी कूंडू, दर्जा प्राप्त मंत्री लीला बिष्ट, प्रभागीय वनाधिकारी दीपक सिंह, मुख्य विकास अधिकारी रामजी शरण शर्मा, परियोजना निदेशक केएन तिवारी, जिला विकास अधिकारी एसके पंत समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### विद्यालयों में सुविधाओं पर दिया बल

शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं, शिक्षकों की उपलब्धता एवं शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने पर बल दिया। केंद्रीय मंत्री टम्टा ने कहा कि कार्यों में अनावश्यक विलंब किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि किसी कार्य में अनावश्यक विलंब सामने आया तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### हर घर तक स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश

बैठक में पेयजल योजनाओं की समीक्षा के दौरान जल जीवन मिशन सहित अन्य योजनाओं के अंतर्गत प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लक्ष्य को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। वहीं, कृषि एवं बागवानी क्षेत्र में किसानों की आय वृद्धि के लिए आधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देने, योजनाओं की जानकारी को गांव-गांव तक पहुंचाने तथा किसानों को अधिकाधिक लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए।



**कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी बागेश्वर**

**सार्वजनिक सूचना**

जनपद बागेश्वर अन्तर्गत समाज कल्याण विभाग से पेंशन प्राप्त कर रहे वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन, विधवा पेंशन, तीलूरौतेली पेंशन, 0 से 18 वर्ष तक दिव्यांग भरण पोषण पेंशन, किसान पेंशन, बौना पेंशन एवं परित्यक्ता पेंशन धारकों का विभाग द्वारा भौतिक सत्यापन किया जा रहा है।

अत: समस्त पेंशन धारकों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 31 मई 2026 तक प्रत्येक स्थिति में अपने-अपने निकटतम खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय/ग्राम पंचायत अधिकारी / ग्राम विकास अधिकारी/सहायक समाज कल्याण अधिकारी से सम्पर्क कर भौतिक सत्यापन हेतु आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराते हुए सत्यापन कराने का कष्ट करें ताकि आगामी माहों की पेंशन का भुगतान किया जाता रहे।

**( हेम चन्द्र तिवारी )**
जिला समाज कल्याण अधिकारी
बागेश्वर

पत्रांक: 1/6899/2026/स0क0/विज्ञापन/2025-2026 दिनांक-10.04.2026


# खेलों में विद्यार्थियों ने दिखाया दमखम

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**पंतनगर।** विश्वविद्यालय के स्टीवेंसन स्टेडियम में विद्यार्थियों की 58वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत पहले दिन 800 मीटर दौड़, शॉटपुट, लॉन्ग जम्प, 4 गुणा 400 मीटर रिले दौड़ एवं 10,000 मीटर की दौड़ का आयोजन किया गया। पुरुष वर्ग की 800 मीटर दौड़ में जनरल विपिन सिंह रावत भवन के पवन सिंह बिष्ट ने पहला, सिल्वर जुबली भवन के कुशाग्र मेहरा ने दूसरा व मीनाक्षी भवन के राघव कोहली ने तीसरा एवं महिला वर्ग की 800 मीटर दौड़ में मंदाकिनी भवन की ज्योति ने पहला, आचार्य भवन की नेहा चन्द्र ने दूसरा व गांधी भवन की रितु गोस्वामी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लॉन्ग जम्प पुरुष वर्ग में सिल्वर जुबली भवन के विशाल तोमर ने पहला, पटेल भवन के दीपक



सिंह बिष्ट ने दूसरा एवं टैगोर भवन के निखिल तोमर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। शॉटपुट (पुरुष) सीबी-। के आयुश पुरोहित ने पहला, नेहरू भवन के आयुश चौधरी ने दूसरा एवं पंत भवन के आयुश्मान सिंह नेगी ने तीसरा स्थान तथा शॉटपुट (महिला) गोल्डन जुबली भवन की अनुप्रिया आर्या ने पहला, गांधी भवन की अंजली जोशी ने दूसरा एवं गोल्डन जुबली भवन की पूजा सक्सेना ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। जबकि 4 गुणा 400 मीटर रिले के महिला वर्ग में गांधी भवन को पहला, मंदाकिनी भवन को दूसरा तथा सरस्वती भवन को तीसरा स्थान, पुरुष वर्ग में सिल्वर जुबली भवन को पहला, जनरल विपिन सिंह रावत भवन को दूसरा तथा सीबी-। को तीसरा स्थान हासिल हुआ। वहीं पुरूश वर्ग की 10 हजार मीटर दौड में पंत भवन के कनिष्क वर्मा ने पहला, टैगोर भवन के अभिषेक यादव ने दूसरा एवं जनरल विपिन सिंह रावत भवन के करन सिंह रावत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मनमोहन सिंह चौहान, जीआईसी, अल्मोडा के पूर्व प्रधानाचार्य अनिल पंत, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. एएस जीना, प्रभारी अधिकारी शारीरिक शिक्षा डा. जी.एस. बोहरा, डा. पूनम त्यागी, डा. भाष्कर तिवारी, डा. मुमतेश सक्सेना, डा. अंशिका गुप्ता, प्रभाकरन जोशी स्टाफ काउंसलर डा. एपी सिंह, डा. रितिका भट्ट आदि ने सम्मानित किया।

# वेतन वृद्धि और सुविधाओं की मांग

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**उधमसिंह नगर।** उत्तराखंड में आंगनबाड़ी कर्मचारियों और सहायिकाओं का संघर्ष अब जोर पकड़ता जा रहा है। लगभग 50,000 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं अपनी जायज मांगों को लेकर धरने पर बैठी हैं। आज इंदिरा गांधी खेल मैदान में ब्लॉक रुद्रपुर की 150 आंगनबाड़ी कर्मचारी और सहायिकाएं कार्य बहिष्कार करते हुए धरने में बैठी हैं, वहीं जिला उधम सिंह नगर में लगभग 2300 आंगनबाड़ी सहायिकाएं भी कार्य बहिष्कार



करके धरने पर हैं। इनकी मुख्य मांग वेतनमान में वृद्धि और उत्तराखंड के अन्य सरकारी कर्मचारियों की तरह सुविधाएं प्राप्त करना है। धरना स्थल पर पहुंचे डा. गणेश उपाध्याय, प्रवक्ता उत्तराखंड कांग्रेस और पूर्व दर्जा राज्य मंत्री ने आंगनबाड़ी कर्मचारियों के समर्थन में अपनी आवाज उठाई और सरकार से उनकी मांगों को शीघ्र स्वीकार करने की अपील की। एसडीएम गौरव पांडेय ने इस संबंध में बताया कि शासन को विस्तृत रिपोर्ट भेज दी गई है। अब यह देखना बाकी है कि सरकार उनकी मांगों पर क्या निर्णय लेती है। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष मुन्नी ठाकुर, जिला महामंत्री रिहाना, गीता ठाकुर, तरन्नुम, मंजू, कुसुम लता, सुजाता मासी, धना देवी सहित कई आंगनबाड़ी कर्मचारी उपस्थित थे।

# पत्रकारों के लिए सरकार प्रतिबद्ध

## सूचना अपर निदेशक आशीष कुमार त्रिपाठी ने मान्यता में दिक्कतों के समाधान की बात कही

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सूचना एवं लोक संपर्क विभाग के अपर निदेशक आशीष कुमार त्रिपाठी ने कहा कि प्रदेश सरकार और विभाग पत्रकारों की हर समस्या के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि पत्रकारों के हित सर्वोच्च प्राथमिकता में हैं और उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए विभाग गंभीरता से कार्य कर रहा है। शुक्रवार को हल्द्वानी स्थित मीडिया सेंटर में आयोजित बैठक में अपर निदेशक ने मीडिया कर्मियों से संवाद कर उनकी समस्याओं को विस्तार से सुना। उन्होंने कहा कि मान्यता नवीनीकरण में आ रही दिक्कतों को विभाग ने गंभीरता से लिया है और इसके समाधान की दिशा में कार्य किया जा रहा है। वहीं, मृतक आश्रित परिवारों को आर्थिक सहायता से जुड़े सभी प्रकरणों का निस्तारण किया जा चुका है।

■ पत्रकारों ने मस्याओं को रखा अधिकारी के सम्मुख



उन्होंने यह भी बताया कि यदि किसी पत्रकार को पत्रकार कल्याण कोष से सहायता प्राप्त नहीं हो पा रही है, तो ऐसे मामलों में मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से सहायता दिलाने का प्रयास किया जाएगा। इसके लिए संबंधित पत्रकार को जिला सूचना अधिकारी के माध्यम से नियमानुसार प्रस्ताव प्रस्तुत करना होगा।

अपर निदेशक ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार पत्रकारों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। इसी क्रम में आयोजित इस बैठक में पत्रकारों द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों का शीघ्र समाधान विभागीय एवं शासन स्तर पर किया जाएगा। बैठक के दौरान पत्रकारों ने चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार, पत्रकार मान्यता प्रक्रिया में स्थिरता, मान्यता प्राप्त पत्रकारों को कम ब्याज दर पर ऋण सुविधा, राज्य अतिथि गृहों में तत्काल आरक्षण व्यवस्था, पत्रकारों के बच्चों को उच्च शिक्षा में आरक्षण, पूर्व में लागू रेलवे आरक्षण की पुनः बहाली, टोल प्लाजा में छूट तथा जिला पत्रकार स्थायी समिति में सभी क्षेत्रों के प्रतिनिधित्व जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे प्रमुखता से उठाए। अपर निदेशक आशीष त्रिपाठी ने आश्वासन दिया कि सूचना विभाग से संबंधित समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा, जबकि अन्य विभागों से जुड़े मामलों के निस्तारण के लिए संबंधित विभागों से पत्राचार किया जाएगा। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि मुख्यमंत्री की घोषणा के क्रम में कुमाऊं द्वार, हल्द्वानी में आधुनिक मीडिया सेंटर की स्थापना का प्रस्ताव शासन को भेजा जा चुका है और शीघ्र ही इसका निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। बैठक का संचालन जिला सूचना अधिकारी गिरिजा शंकर जोशी ने किया। इस अवसर पर सूचना अधिकारी अहमद नदीम सहित बड़ी संख्या में पत्रकार एवं सूचना विभाग के कार्मिक उपस्थित रहे।

# लापता बालिका सकुशल बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लालकुआं।** लालकुआं क्षेत्र के एक स्कूल से घर लौटते समय लापता हुई एक बालिका के मामले में नैनीताल पुलिस ने त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करते हुए अपनी कार्यकुशलता का परिचय दिया है। परिजनों द्वारा अनहोनी की आशंका जताते ही एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पूरे जिले की पुलिस को अलर्ट मोड पर डाल दिया। एसएसपी के निर्देश पर तत्काल सघन रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। पुलिस की विभिन्न टीमों ने महज 5 घंटे के भीतर क्षेत्र के 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। तकनीकी विश्लेषण और मैनुअल इंटेलिजेंस के समन्वय से पुलिस टीम बालिका की लोकेशन दिल्ली तक ट्रेस करने में सफल रही। मामले में आगे की कार्रवाई करते हुए एसएसपी के निर्देश पर एक विशेष पुलिस टीम दिल्ली के लिए रवाना कर दी गई है। बालिका पूरी तरह सुरक्षित बताई जा रही है और उसे सकुशल वापस लाकर वैधानिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद परिजनों के सुपुर्द किया जाएगा। एसएसपी ने कहा कि बच्ची की सुरक्षा उनके लिए सर्वोच्च प्राथमिकता थी। पूरी टीम ने अत्यंत प्रोफेशनल तरीके से काम करते हुए सीमित समय में बड़ी सफलता हासिल की है। इस पूरे ऑपरेशन में एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी के नेतृत्व में एसपी क्राइम डा. जगदीश चंद्र, सीओ अमित सैनी, लालकुआं कोतवाल बृजमोहन राणा, डॉग स्क्वॉड टीम एवं टेक्निकल सेल की टीम मौजूद रही।

## ईई से लूटपाट: कार सवार बदमाशों पर मुकदमा

**हल्द्वानी।** बीते बुधवार की रात रुद्रपुर-हल्द्वानी मार्ग स्थित टांडा जंगल में पेयजल निगम के सहायक अभियंता को कार सवार बदमाशों द्वारा लूटे जाने के मामले में पुलिस ने पीड़ित की पत्नी लता जोशी की तहरीर के आधार पर अज्ञात कार सवार बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। बता दें कि मूलरूप से बागेश्वर निवासी और वर्तमान में रामपुर रोड हल्द्वानी में रहने वाले उमेश जोशी पेयजल निगम में सहायक अभियंता के पद पर रुद्रपुर में तैनात हैं। बीते बुधवार की रात उमेश जोशी जब रात ड्यूटी के बाद अपनी ऑल्टो कार से घर लौट रहे थे। तभी टांडा जंगल क्षेत्र में अचानक दो कारों में सवार बदमाशों ने उनकी गाड़ी को रोककर उनसे मारपीट कर उनके दो तोले की सोने की चेन लूट ली थी साथ ही ईई का मोबाइल फोन भी तोड़ दिया था। सूचना मिलते ही उनकी पत्नी और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। टीपी नगर चौकी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक स्कॉर्पियो वाहन सहित एक संदिग्ध युवक को हिरासत में ले लिया था। पुलिस ने घायल ईई की पत्नी लता जोशी ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कर लिया है। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि अज्ञात कार सवारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है।

# दुग्ध उत्पादकों को बड़ी राहत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लालकुआं।** शुक्रवार को नैनीताल आँचल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड के प्रशासनिक भवन कार्यालय में संघ के अध्यक्ष मुकेश बोरा की अध्यक्षता में आयोजित बोर्ड बैठक में दुग्ध उत्पादकों को बड़ी राहत देते हुए 15 अप्रैल से दूध के खरीद मूल्य में 2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी करने के आदेश जारी कर दिए गए। बैठक में विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा के बाद सर्वसम्मति से इस निर्णय पर मोहर लगा दी गई। इसके साथ ही लगभग 20 वर्षों बाद दुग्ध संघ में कर्मचारियों की नियुक्तियों का रास्ता भी खुल गया। बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी दुग्ध विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा और अन्य अधिकारियों का आभार व्यक्त किया गया। अध्यक्ष मुकेश बोरा ने कहा कि बोर्ड बैठक में लिए गए निर्णयों से संघ की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता आएगी और दुग्ध उत्पादकों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य मिलेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और दुग्ध विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा के नेतृत्व में लगातार ऐसे निर्णय लिए जा रहे हैं, जिनसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। बैठक में गोविंद सिंह मेहता, किशन सिंह बिष्ट, आनंद सिंह नेगी, दीपा देवी, खष्टी देवी, दीपा रैक्वाल, पुष्पा देवी, हेमा देवी, अनुराग शर्मा, उमेश पठालनी, संजय सिंह भाकुनी, सुभाष बाबू, शांति कोरंगा, मुन्नी देवी, सुरेश चंद्र, कृपाल सिंह, प्रखर शाह मौजूद रहे।



# रामलीला में अंगद-रावण संवाद व लक्ष्मण शक्ति का मंचन

## कलाकारों के भावपूर्ण अभिनय ने पंडाल में भक्तों को किया मंत्रमुग्ध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्थान मंच में पुनर्नवा महिला समिति द्वारा चल रही महिला रामलीला मंचन महोत्सव के नौवें दिन में शुक्रवार अंगद-रावण संवाद और लक्ष्मण शक्ति का मंचन किया गया। कलाकारों के मंचन से दर्शक भावविभोर हो गए। रामलीला देखने के लिए पूरा मैदान लोगों से खचाखच भरा पड़ा था। रामलीला महोत्सव की शुरुआत अंगद-रावण संवाद से हुई। रावण के दरबार में शांतिदूत के रूप में पहुंचे अंगद ने राम से बैर त्याग सीता को वापस करने की सलाह दी, लेकिन रावण को सलाह समझ में नहीं आई। तब अंगद ने रावण के दरबार में अपना पैर जमा कर चुनौती देते हुए कहा कि दरबार में यदि कोई मेरा पैर हटा देगा तो श्रीराम की सेना बिना युद्ध किए खाली हाथ लौट जाएगी। इसके बाद भी कोई वीर अंगद का पैर तक नहीं हिला सका। अंत में स्वयं रावण उठता है, तो अंगद अपना पैर हटाकर कहते हैं कि मेरा पैर क्यों पकड़ते हो जाकर श्री राम का चरण पकड़ो तो कल्याण होगा। अंगद रामादल में वापस आते हैं और युद्ध का एलान हो जाता है। अंत में मायावी मेघनाद के शक्ति बाण से लक्ष्मण मूर्छित हो जाते हैं। इससे रामदल में शोक की लहर दौड़ जाती है। लंका के वैद्यराज सुषेन ने बताया कि लक्ष्मण का उपचार अत्यंत मुश्किल है। अगली सुबह तक द्रोणागिरी पर्वत से संजीवनी बूटी लाकर पिलाने के बाद ही लक्ष्मण के प्राण बच जाते है। ये सुनकर पवनसुत हनुमान बूटी ले आते है और संजीवनी बूटी के जरिए लक्ष्मण को चेतना आती है। इससे पूर्व महिला रामलीला महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि उत्थान मंच के संरक्षक, अध्यक्ष समेत ललित जोशी, गांधी स्कूल की प्रधानाचार्य रश्मि खेड़ा व समिति के संयुक्त पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर मंचन का शुभारंभ किया। इस मौके पर समिति की अध्यक्ष लता बोरा, सचिव शांति जीना, उपाध्यक्ष यशोदा रावत, प्रचार सचिव कल्पना रावत, जानकी पोखरिया, मंजू बनकोटी, निर्मला बहुगुणा, कुसुम बोरा, जया बिष्ट, अंजना बोरा, हेमा हर्बोला, तुलसी रावत, रेखा रावत, किरन बिष्ट, भगवती बिष्ट, प्रेमा बृजवासी, कमला रौतेला सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



# जगदीशिला डोली यात्रा 28 से

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आस्था संस्कृति और देव परंपरा का प्रतीक श्री विश्वनाथ-माँ जगदीशिला देव दर्शन डोली यात्रा का 27वां संस्करण 28 अप्रैल से शुरू होगा। करीब 28 दिनों तक चलने वाली यह पवित्र यात्रा उत्तराखंड के 13 जनपदों से होकर गुजरते हुए टिहरी गढ़वाल के पवित्र विशोन पर्वत पर संपन्न होगी। शुक्रवार को सत्यनारायण मंदिर में प्रेस वार्ता करते हुए डोली यात्रा के संयोजक एवं पूर्व मंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी ने बताया कि यह यात्रा न केवल एक धार्मिक परंपरा है, बल्कि उत्तराखंड की जीवंत संस्कृति, लोक आस्था और देव परंपरा का विराट उत्सव है। यह डोली यात्रा प्रतिदिन लगभग 12 किलोमीटर पैदल चलती है। अब तक यह यात्रा रथ लगभग 2,85,000 किलोमीटर की ऐतिहासिक दूरी तय कर चुकी है। देव यात्राओं में यह यात्रा पहले ही विश्व की सबसे लंबी यात्रा का कीर्तिमान स्थापित कर चुकी है। उन्होंने यात्रा के प्रचार-प्रसार पर विशेष जोर देते हुए कहा कि अधिक से अधिक लोगों तक इस पावन परंपरा की जानकारी पहुंचे, जिससे युवा पीढ़ी भी अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ सके। पूर्व राज्यमंत्री डा. केदार पलड़िया ने कहा कि यह यात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। इस दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश चंद्र दुर्गापाल, कुमाऊं मंडल संयोजक लक्ष्मण सिंह लमगड़िया, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष मयंक भट्ट, टिहरी गढ़वाल से मनोज कोठियाल, खड़क सिंह बगड़वाल, हुकुम सिंह कुंवर, डा. जेबी सिंह, चिराग सिंह फर्त्याल, जसवंत सिंह पुनिया, संध्या डालाकोटी, संजय जोशी, कमल पाठक, धर्मेंद्र शर्मा, शेर सिंह, दिनेश सम्भल, जगमोहन बगड़वाल आदि मौजूद रहे।

# 1038 पर्यावरण मित्रों को मिली वर्दी

## सीएसआर फंड से सहयोग के लिए मेयर ने एसबीआइ का आभार जताया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शुक्रवार को नगर निगम सभागार में भारतीय स्टेट बैंक हल्द्वानी द्वारा सीएसआर फंड के अंतर्गत निगम में कार्यरत करीब 1038 पर्यावरण मित्रों के लिए वर्दी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पर्यावरण मित्रो के लिए ट्रीसर्ट एवं लोवर की व्यवस्था की गई। साथ ही महिला पर्यावरण मित्रो के लिए नगर निगम हल्द्वानी द्वारा गठित माँ दूनागिरी स्वयं सहायता समूह के माध्यम से वर्दी बनाने का कार्य गतिमान है।

कार्यक्रम के दौरान एसबीआई की क्षेत्रीय प्रबंधक दिव्या त्रिपाठी द्वारा पर्यावरण मित्रों का उत्साहवर्धन करते हुए नगर निगम हल्द्वानी द्वारा की जा रही सफाई व्यवस्था की सराहना करते हुए पर्यावरण मित्रों के कार्यों की प्रशंसा की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महापौर गुजराज सिंह बिष्ट द्वारा एसबीआई का इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए इस प्रकार के सामाजिक कार्यों के लिए बैंक की प्रशंसा की गई। उन्हें नगर निगम को स्वच्छ एवं सुदर बनाने एवं प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए योगदान देने के लिए आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा बिना पर्यावरण मित्रो के सहयोग से स्वच्छ, सुदर की कल्पना नहीं की जा सकती। इसके साथ ही मेयर ने एसबीआई से अनुरोध किया कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों के मंदिरों के पास बैंक द्वारा कूड़ेदान की व्यवस्था की जाए। जिसपर एसबीआई ने शीघ्र ही कूड़ेदान लगाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर देवभूमि उत्तराखण्ड सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राहत मसीह, अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के अध्यक्ष सुनील चौधरी, एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक दिव्या त्रिपाठी, मुख्य प्रबंधक मुख्य शाखा अभितांशु उपाध्याय, प्रबंधक मुख्य शाखा अनुराग कक्कड़, सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट, मुख्य सफाई निरीक्षक अमोल असवाल, चतर सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।



# घर बैठे करें स्व गणना: कुमाऊं आयुक्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कुमाऊँ कमिश्नर दीपक रावत ने बताया कि आगामी भारत की जनगणना-2027 के पहले चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना में इस बार नागरिकों के लिए एक नई और महत्वपूर्ण सुविधा (स्व-गणना) जोड़ी गई है। स्व-गणना पोर्टल का उपयोग 10 अप्रैल से 24 अप्रैल तक किया जा सकता है। कुमाऊं आयुक्त ने बताया कि यह पहली बार है जब नागरिकों को स्वयं अपनी जानकारी पोर्टल पर दर्ज करने का विकल्प दिया गया है। इस सुविधा का लाभ केवल 10 अप्रैल से 24 अप्रैल तक ही लिया जा सकेगा। इसके बाद 25 अप्रैल से 24 मई तक प्रगणक (सर्वेक्षक) घर-घर जाकर सर्वेक्षण करेंगे। स्व-गणना से नागरिकों को अपनी जानकारी सही और सटीक तरीके से दर्ज करने का अवसर मिलेगा, जिससे त्रुटियों की संभावना न्यूनतम होगी। इस पोर्टल पर पहले से डाटा फीड होने के कारण, जब संगणक अगले चरण में घर आएंगे, तो उन्हें सूचनाएं पहले से मिल जाएंगी, जिससे कार्य में गति और सुगमता आएगी। इसके अलावा, डिजिटल माध्यम से डेटा का संकलन तेजी से होगा। कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस राष्ट्र निर्माण के महत्वपूर्ण कार्य में अपना सहयोग दें और स्व-गणना पोर्टल का अधिक से अधिक उपयोग करें। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि नागरिकों द्वारा दी गई जानकारी पूरी तरह से गोपनीय और सुरक्षित रहेगी।

# युवाओं को नशे से दूर रखने का संदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लालकुआं।** बिंदुखत्ता में लोक गायक एवं कुमाऊं की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षक स्व. प्रहलाद मेहरा की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर जन जागृति संस्कृति कला समिति बिंदुखत्ता ने दो दिवसीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में उधमसिंह नगर व नैनीताल की कई टीमों ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि के रूप में दर्जा राज्यमंत्री शंकर कोरंगा, भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश महामंत्री दीपेंद्र कोश्यारी, विधायक डा. मोहन सिंह बिष्ट, नवीन तोलिया व हरेन्द्र बोरा मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस दौरान स्व. प्रहलाद मेहरा के योगदान पर प्रकाश डालते हुए उनके पुत्र और प्रसिद्ध गायक कमल मेहरा ने कहा कि उनके पिता ने कुमाऊं की सांस्कृतिक समृद्धि और विरासत को बचाने के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उन्होंने यह भी बताया कि वे अपने पिता द्वारा बताए गए मार्गो पर चलकर कुमाऊं की संस्कृति को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष नीरज मेहरा ने इस अवसर पर युवाओं को संदेश दिया कि स्व. प्रहलाद मेहरा के आदर्शों को अपनाते हुए वे नशे और अन्य बुराइयों से दूर रहकर समाज में सकारात्मक योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा यदि युवा खेल के मैदान में सक्रिय रहेगा तो उसकी रुचि खेल और शारीरिक स्वास्थ्य में बढ़ेगी, जिससे वह नशे और अन्य सामाजिक बुराइयों से दूर रहेगा। इस मौके पर मनीष मेहरा, मनोहर मेहरा, कमल मेहरा, नीरज मेहरा, तरुण बथ्वाल, नीरज द्विवेदी, जय बथ्वाल, बीना देवी, हंसी देवी, नीम मेहरा व भगवती मेहरा मौजूद रही।



# टिकट चेकिंग से रेलवे ने बढ़ाया राजस्व

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल पर मंडल रेल प्रबंधक वीणा सिन्हा के निर्देशन में और वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा के नेतृत्व में नियमित रूप से टिकट जांच अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान विशेष रूप से बिना टिकट या अनियमित यात्रा करने वाले यात्रियों और बिना बुक सामान के साथ यात्रा की प्रवृत्ति पर काबू पाने के लिए जारी है। शुक्रवार को प्रेस को जारी बयान में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा ने बताया कि अप्रैल 2025 से मार्च 2026 के बीच इस मंडल में 150 बस रेड, 102 किलाबंदी, 144 ब्रांच लाइन, 348 स्पॉट और सेक्शनल चैक जैसे कदम उठाए गए। इसके परिणामस्वरूप रेलवे प्रशासन को रेल राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया वित्तीय वर्ष 2025-26 में टिकट जांच के अभियान ने शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें 3.52 लाख उच्च प्रभार मामलों से 20.03 करोड़ की वसूली की गई। यह रेलवे के राजस्व में 25.97 प्रतिशत की वृद्धि और मामलों की संख्या में 20.20 प्रतिशत की बढ़ोतरी को दर्शाता है, जो कि अब तक की सबसे बड़ी वार्षिक सफलता माना ज रहा है। उन्होंने बताया यह उपलब्धि इज्जतनगर मंडल के सभी रेल अधिकारियों, पर्यवेक्षकों और कर्मचारियों के समर्पित प्रयासों का परिणाम है।

# नागरिक सम्मान की तैयारियां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शुक्रवार को नगर निगम पुस्तकालय सभागार में वरिष्ठ नागरिक सम्मान एवं खेल समारोह की तैयारियों को लेकर वरिष्ठ नागरिक जन कल्याण समिति के पदाधिकारियों की एक बैठक सपन्न हुई। समिति की बैठक दर्जाराज्य मंत्री नवीन वर्मा की अध्यक्षता में हुई। जिसमें उन्होंने 18 अप्रैल को आयोजित होने वाले वरिष्ठ नागरिक सम्मान एवं खेल समारोह की तैयारियों पर विस्तृत से चर्चा कीते हुए समिति के पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी। श्री वर्मा ने बताया कि यह आयोजन उत्तराखंड में पहली बार हो रहा है, जिसमें समाज में उत्कृष्ट और प्रेरणादायक कार्य करने वाले वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने सुझाव दिया कि इस भव्य और ऐतिहासिक आयोजन को अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक वरिष्ठ नागरिक सभा स्थल पर आ सकें। बैठक में समिति ने हल्द्वानी और नैनीताल जनपद के सभी सामाजिक संगठनों, गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन, भूतपूर्व सैनिकों, अर्ध सैनिकों, मॉर्निंग वॉकर्स, खेल संगठनों और अन्य वरिष्ठ नागरिकों से अपील की है कि वे इस कार्यक्रम को सफल और ऐतिहासिक बनाने के लिए उपस्थित होकर अपना सहयोग दें। बैठक में समिति के अध्यक्ष भुवन भास्कर पांडे, महामंत्री डीके पांडे, इंद्र सिंह निगल्टिया, पीएस जंतवाल, एलएम लोहनी, आनंद सिंह भाकुनी, राजा राम सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



# हरिद्वार और अल्मोड़ा ने जीता मैच

## अल्मोड़ा के मानव व हरिद्वार के वैभव के नाम रहा मैन ऑफ-द मैच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के तत्वाधान में जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा कराई जा रही सीनियर पुरुष वर्ग की अंतर जिला क्रिकेट लीग मैच के शुक्रवार को दो मुकाबले खेले गए। पहला मुकाबला जीएनजी क्रिकेट अरेना में अल्मोड़ा और टिहरी के बीच खेला गया। अल्मोड़ा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। टिहरी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 47वें ओवर में 202 रन बनाकर आलआउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अल्मोड़ा की टीम ने 30वें ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 206 रन बनाकर 7 विकेट से मैच जीत लिया। मानव यादव ने नाबाद 113, सागर रावत ने 35 और शुभम बच्चस ने 24 रनों का योगदान दिया। मैन ऑफ-द मैच का पुरस्कार अल्मोड़ा के बल्लेबाज मानव यादव को दिया गया। जबकि दूसरा मैच एमएस क्रिकेट ग्राउंड गौलापार में हरिद्वार और चंपावत के बीच खेला गया। चम्पावत ने टॉस जीता और हरिद्वार को पहले बल्लेबाजी करने आंमत्रित किया। हरिद्वार ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 43 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 217 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी चम्पावत की पूरी टीम 39वें ओवर में 178 रन बनाकर आलआउट हो गई, और 39 रनों से मैच हार गई। मैन ऑफ-द मैच का पुरस्कार हरिद्वार के बल्लेबाज वैभव कांडपाल के नाम रहा। अंपायर की भूमिका में राहुल गुप्ता, शेनावाज, रजत धीमान और अमित कुमार जबकि स्कोरर की भूमिका सचिन, हेमंत और मनीष कुमार ने निभाई। मैचों का शुभारंभ पूर्व सहायक खेल निदेशक हल्द्वानी विनोद वर्मा ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया। इस मौके पर क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ अल्मोड़ा के सचिव हर्ष गोयल, जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै, आनंद बिष्ट, नरेन्द्र अधिकारी, किशन अनेरिया, नीरज डसीला, दिग्विजय कनवाल, अभिषेक सिंह मौजूद रहे।



# हरेन्द्र क्वीरा ने कांग्रेस प्रभारी से की मुलाकात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कांग्रेस के जिला प्रवक्ता एवं पूर्व सीएम स्व. नारायण दत्त तिवारी के जनसंपर्क अधिकारी रहे हरेंद्र क्वीरा ने कांग्रेस पार्टी की प्रभारी कुमारी शैलजा से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने संगठन में एकजुटता को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया। हरेंद्र क्वीरा ने कहा कि पूर्व सीएम हरीश रावत गांधी परिवार एवं कांग्रेस के सच्चे सिपाही हैं। उन्होंने अपने पूरे राजनीतिक जीवन में कभी निजी स्वार्थ के लिए पार्टी नहीं छोड़ी और हमेशा कांग्रेस की नीतियों को देवभूमि उत्तराखंड के जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि आज हरीश रावत के बिना उत्तराखंड में कांग्रेस अधूरी है और वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों में पार्टी की एकजुटता अत्यंत आवश्यक है। क्वीरा ने कुमारी शैलजा से आग्रह किया कि वे अपने उत्तराखंड दौरे के दौरान हरीश रावत से अवश्य मुलाकात करें, उनकी बातों को सुनें और पार्टी हित में सकारात्मक निर्णय लें। उन्होंने इसे संगठन को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

## सिंदूजा गुप्ता को पंजाबी यूनिवर्सिटी से गोल्ड मेडल और प्रमाण पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** असिस्टेंट प्रोफेसर सिंदूजा गुप्ता को पंजाब की प्रख्यात पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला में आयोजित कॉन्वोकेशन कार्यक्रम में एमएससी फोरेंसिक साइंस में गोल्ड मेडल से नवाजा गया। यह सम्मान उन्हें पंजाबी विश्वविद्यालय के कुलपति डा. जगदीप सिंह ने दिया साथ ही एक प्रमाण पत्र भी प्रदान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद्र कटारिया मौजूद रहे। बता दें कि सिंदूजा गुप्ता वर्तमान में पंजाबी यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। हाईस्कूल, इंटरमीडिएट और बीएससी में हमेशा अव्वल रहने वाली सिंदूजा बचपन से ही प्रतिभाशाली रही हैं। हाल ही में उन्होंने अफ्रीका जर्नल ऑफ बायोलॉजिकल साइंस द्वारा प्रमाणित एक सफल रिसर्च की, जिसका उद्देश्य रेप के अपराधियों को पकड़ने में मदद करना था। सिंदूजा गुप्ता की इस उपलब्धि पर उनके माता फिजियोथैरेपिस्ट डा. मनीषा गुप्ता, पिता व्यापारी नेता वीरेन्द्र गुप्ता ने सभी गुरुजनों का आभार व्यक्त किया।



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# 31 वाहिनी पीएसी की बाउंड्री के पास मिला बुजुर्ग का शव




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** आदर्श कॉलोनी चौकी क्षेत्र के अंतर्गत 31 वाहिनी पीएसी की बाउंड्री और दशमेश द्वार के पास एक 65 वर्षीय बुजुर्ग का संदिग्ध परिस्थितियों में शव बरामद हुआ। शव मिलने से हड़कंप मच गया है।

112 नंबर पर मिली जानकारी के बाद पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। मौके पर भारत सेवा टीम के सदस्य भी सहायता के लिए पहुँचे। अचेत बुजुर्ग को आनन-फानन में एम्बुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान बहादुर सिंह कन्याल (65 वर्ष), निवासी खटीमा के रूप में हुई है। रुदपुर कोतवाली के उप निरीक्षक जीवन राम अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनास्थल से पुलिस को मृतक का मोबाइल फोन और कुछ दवाइयों के पर्चे बरामद हुए हैं, जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि बुजुर्ग किसी बीमारी से जूझ रहे थे। हालांकि, पुलिस का कहना है कि मौत के सही कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही होगा।

# अनियंत्रित डंपर ने ठेला गाड़ी को मारी टक्कर

## दो सगे भाइयों समेत तीन की हुई मौत, परिवार में मचा कोहराम

- **हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर/सितारगंज।** पीलीभीत हाईवे परमलपुरी के पास गुरुवार रात को हुए भीषण सड़क हादसे में दो सगे भाइयों समेत तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं पुलिस क्षेत्राधिकारी भूपेंद्र सिंह धौनी ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। पुलिस फरार वाहन और चालक की तलाश में जुट गई है।

गुरुवार की रात गांव गौरीखेड़ा निवासी मो. सुल्तान (24) पुत्र शरीफ अपने भतीजे मो. नाजिम (16) पुत्र शराफत हुसैन और भांजे मो. सैफ (15), मो. शादाब (26) और मो. गुलफाम (20) पुत्रगण मो. यामीन के साथ सब्जी ढोने वाली ठेला गाड़ी से यूपी स्थित गांव मुंडलिया में अपने किसी रिश्तेदार के घर जा रहे थे।

तभी पीलीभीत हाईवे पर गांव मालपुरी में पेट्रोल पंप के पास सामने से आए अज्ञात डंपर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। इससे उनकी ठेला गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे में पांचों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को उप जिला अस्पताल सितारगंज में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने मो. सुल्तान, मो. नाजिम और मो. शादाब को मृत घोषित कर दिया।

गंभीर रूप से घायल मो. सैफ और मो. गुलफाम को उन्हें इलाज के लिए हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। घटना की खबर से गांव में अफरातफरी मच गई। हर कोई घायलों की खबर लेने के लिए उप जिला अस्पताल पहुंचा। इस दौरान ग्रामीणों ने पुलिस को अज्ञात डंपर चालक की गिरफ्तारी नहीं होने तक शव रखकर धरना-प्रदर्शन करने के चेतावनी दी है।

सूचना पर सीओ भूपेंद्र सिंह धोनी ने अस्पताल पहुंचकर मृतकों के स्वजनों से घटना की जानकारी ली और बाद में मौके का निरीक्षण किया। सीओ ने कहा कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द ही फरार वाहन और चालक की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस के अनुसार हादसे में जान गंवाने वाले युवकों की पहचान शादाब, नाजिम और सुल्तान निवासी गौरीखेड़ा, सितारगंज के रूप में हुई है। इनमें शादाब और नाजिम सगे भाई बताए जा रहे हैं। एक ही परिवार के दो बेटों की मौत से घर में कोहराम मच गया है और पूरे इलाके में शोक का माहौल है।

## एक नजर

# शक्तिफार्म पुलिस चौकी में महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शक्तिफार्म।** क्षेत्र में महिला सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से नगर पंचायत शक्तिफार्म अध्यक्ष सुमित मण्डल ने पुलिस प्रशासन से अहम मांग उठाई है। इस संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, उधम सिंह नगर को एक लिखित ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें शक्तिफार्म पुलिस चौकी में महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती सुनिश्चित करने की अपील की गई है।

ज्ञापन में बताया गया कि क्षेत्र में महिलाओं से जुड़े मामलोंख़्जैसे घरेलू हिंसा, छेड़छाड़ और अन्य सामाजिक अपराध की संख्या लगातार सामने आ रही है। ऐसे में चौकी पर महिला पुलिसकर्मियों की अनुपस्थिति के कारण पीड़ित महिलाओं को अपनी शिकायत दर्ज कराने में झिझक और असहजता का सामना करना पड़ता है। कई मामलों में महिलाएं सामाजिक दबाव और संकोच के चलते अपनी बात खुलकर नहीं रख पातीं, जिससे उन्हें समय पर न्याय नहीं मिल पाता। प्रेषकों ने अपने पत्र में कहा कि यदि चौकी में महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती होती है, तो महिलाएं बिना किसी भय या झिझक के अपनी समस्याएं साझा कर सकेंगी। वहीं, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को शक्तिफार्म में जल्द महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस समस्या का शीघ्र समाधान किया जाएगा।

# डिप्लोमा इंजीनियर्स की अनिश्चितकालीन हड़ताल 20 वे दिन भी जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ की विभिन्न मांगों के समाधान हेतु अनिश्चितकालीन हड़ताल आज 20वे दिन भी जारी रही। डिप्लोमा इंजीनियर अपनी मांगों के समर्थन में लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहे। इस दौरान हड़ताली डिप्लोमा इंजीनियरों ने जमकर नारेबाजी करते हुए सरकार से अभिलंब समाधान की मांग की। लोनिवि विश्राम गृह खटीमा में महासंघ से जुड़े इंजीनियर्स 27 सूत्रीय मांगों के समाधान हेतु बिना काम पर नहीं लौटने की बात कर रहे थे। इस दौरान वेतन विसंगतियां, न्यूनतम तीन प्रोन्नति देने, पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू करने संबंधित दो दर्जन से अधिक मांगे सम्मिलित हैं। अनिश्चितकालीन हड़ताल पर आनंद बल्लभ जोशी, कमल किशोर जोशी, पीयूष कुमार, प्रेम प्रकाश तिवारी, जीसी लोहनी, भूपेंद्र खर्कवाल, कुंदन सिंह, आदर्श, संजय, शैलेश पांडे, सुभाष आर्य, कल्पना उपाध्याय, विनोद कुमार, यशपाल सिंह, अनिल महर, कमल राय, चंदन जोशी, दीप चंद्र पंत, आशा मेहरा, संजीव एन गोस्वामी, हेमंत गंगवार, शिवानी राणा, रीमा सिंह आदि इंजीनियर सम्मिलित रहे।




# पुलिस ने नेपाल के तीन नशा तस्करों को दबोचा

- **बनबसा के हैरी नामक व्यक्ति से स्मैक खरीदकर नोएडा जाने की फिराक में थे तीनों तस्कर**
- **तस्करों के कब्जे से लाखों रुपये कीमत की 25.73 ग्राम स्मैक बरामद**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देशन में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के अनुक्रम में कोतवाली पुलिस ने तीन लोगों को भारी मात्रा में मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है।

शुक्रवार को पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ऑपरेशन प्रहार के तहत कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में चौकिंग के दौरान बीते गुरुवार की देर शाम को नानकमत्ता के नानकसागर डाम पर स्थित वाटर स्पोर्ट्स के पास से तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान तीनो के कब्जे से पुलिस ने 25.73 ग्राम स्मैक बरामद की है। पूछताछ में तीनों ने अपना नाम राजू नायक पुत्र नारायण सिंह नायक निवासी वार्ड नं. 09 भीमदत्त नगर पालिका ब्रह्मदेव, अंचल-महाकाली नेपाल व विशाल बिष्ट पुत्र धनबहादुर बिष्ट निवासी, वार्ड नं. 12 भीमदत्त नगर पालिका, जिप्रका- कंचनपुर, अंचल महाकाली, नेपाल तथा तीसरे ने अपना नाम आशीष जोशी पुत्र त्रिलोक जोशी निवासी भीमदत्त नगरपालिका वार्ड नं. 12, जिप्रका- कंचनपुर, अंचल महाकाली नेपाल राष्ट्र बताया है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह स्मैक को हैरी नामक व्यक्ति से खरीदकर लाए हैं जो खुद को बनबसा का बताता है। तीनों ने बताया कि वह स्मैक लेकर नोएडा जाने वाले थे। पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 8/21 नारकोटिक एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर तीनों को न्यायालय के समक्ष पेश किया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उप निरीक्षक संजय कुमार, उप निरीक्षक मनोज जोशी, आरक्षी नवीन जोशी, प्रकाश आर्या शामिल हैं।

# अटरिया मंदिर परिसर में चला विशेष सफाई अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** महापौर विकास शर्मा के नेतृत्व में शहर में चलाये जा रहे विशेष स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को प्राचीन अटरिया मंदिर और मेला परिसर में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान महापौर ने स्वयं झाड़ू थामकर श्रमदान किया और उपस्थित लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए शहर को स्वच्छ बनाने की शपथ दिलाई। अभियान में नगर निगम की टीम, स्थानीय व्यापारियों, भाजपा कार्यकर्ताओं और सामाजिक संगठनों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की।

अभियान के दौरान अटरिया मंदिर के मुख्य परिसर के साथ-साथ पूरे मेला क्षेत्र में व्यापक स्तर पर सफाई की गई। इस अवसर पर जनसमूह को संबोधित करते हुए महापौर विकास शर्मा ने कहा कि शहर को सुंदर और रोगमुक्त बनाना नगर निगम की मुख्य प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता का लक्ष्य तभी प्राप्त किया जा सकता है जब नगर का प्रत्येक नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझे। उन्होंने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर 7 से 13 अप्रैल तक प्रदेश व्यापी विशेष स्वच्छता और जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। महापौर ने आह्वान किया कि सभी के सम्मिलित प्रयासों से ही रुद्रपुर को उत्तराखंड का नंबर वन शहर बनाया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डे, मंदिर की महंत पुष्पा देवी, मंदिर समिति सचिव पंकज गौड, पार्षद राजेश जग्गा, एमपी मौर्य, बीनू, राधे शर्मा, कुसुम शर्मा, चंदा, राजू नबियाल, मनोज कर्नाटक, सफाई निरीक्षक कुलदीप कुमार, सौरभ गुप्ता, अनुज पाठक, पूर्व पार्षद महेंद्र आर्य, किसान मोर्चा महामंत्री कमल राणा, राकेश गुप्ता, विनोद, उमेद, बंटी सहित भारी संख्या में निगम कर्मचारी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# पेपर कटिंग ब्लेड से हमला करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति द्वारा वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन प्रहार के क्रम में, पुलिस अधीक्षक काशीपुर एवं क्षेत्राधिकारी बाजपुर के निर्देशन में चौकी इंचार्ज बाजार उ.नि. भूपाल राम पोरी द्वारा मय पुलिस टीम के जसपुर क्षेत्र से वांछित अभियुक्त गौरव कुमार पुत्र जय सिंह, निवासी ग्राम हमिरावाला, चौकी पतरामपुर, कोतवाली जसपुर को गिरफ्तार किया गया।अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त पेपर कटिंग ब्लेड भी बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी अनुसार 06/04/2026 की रात्रि में सुभाष चौक के पास स्थित एक कन्फेक्शनरी दुकान पर बैठकर शराब पीने से मना करने पर आरोपी ने अचानक उग्र होकर दुकानदार के नाबालिग भतीजे पर धारदार पेपर कटिंग ब्लेड से जानलेवा हमला कर दिया । हमले में पीड़ित के पेट, कमर एवं जांघ पर गंभीर व गहरे घाव आए। आरोपी ने धारदार ब्लेड से शरीर के विभिन्न हिस्सों पर कई लंबे-लंबे कट लगाए, जिससे पीड़ित बुरी तरह घायल हो गया, और घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। उक्त घटना के संबंध में कोतवाली जसपुर में मुकदमा पंजीकृत कर जांच उपनिरीक्षक भूपाल राम पौरी के सुपुर्द की गई। पकड़ने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह डांगी, एसएसआई जावेद मलिक, एसआई भूपाल राम पोरी,एचसी नवीन प्रकाश, एचजी दीक्षित कुमार आदि पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# नगर पालिका अध्यक्ष ने किया निर्माणाधीन सीसी रोड का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चन्द्र जोशी ने वार्ड नंबर 17 में निर्माणाधीन सी सी रोड का निरीक्षण किया। साथ ही व्यापक जनसंपर्क एवं भ्रमण के दौरान सम्मानित वार्ड वासियों से आत्मीय भेंट की। इस दौरान स्थानीय नागरिकों के साथ वार्ड से जुड़ी विभिन्न समस्याओं, आवश्यकताओं एवं विकास संबंधी प्रस्तावों पर चर्चा की गयी। भ्रमण के क्रम में वार्ड में चल रहे विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर उनकी प्रगति की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। वार्ड वासियों द्वारा प्राप्त सुझावों और शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए उनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान का आश्वासन दिया गया। पालिकाध्यक जोशी ने कहा हमारा संकल्प है कि समस्त वार्डो के समग्र विकास, स्वच्छता, बुनियादी सुविधाओं की सुदृढ़ता एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु निरंतर प्रयासरत रहेंगे। वहां पर गोविंद भट्ट , मोहन बोरा, लता जोशी, रजनी कोलिया आदि मौजूद रहे।



# क्रय केन्द्रों को लेकर एडीएम ने किसानों के साथ की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय की अध्यक्षता में जिला सभागार में सम्भागीय विपणन अधिकारी, कुमायूं सम्भाग, हल्द्वानी, मुख्य कृषि अधिकारी एवं अन्य संबंधितों व जनपद के किसानों के साथ बैठक की गई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में मण्डी से 08 किलोमीटर दूर क्रय केन्द्रों को ग्रामीण क्षेत्रों में खोले जाने की व्यवस्था सुनिश्चत की जा रही है।

उन्होंने गुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों से अवगत कराते हुए जनपद की मण्डियों में एक अप्रैल को स्थापित किए गए 108 केन्द्रों में से खाद्य विभाग के 18 केन्द्रों को छोड़कर शेष 90 केन्द्र में से जो केन्द्र मण्डी से 08 किलोमीटर से अधिक दूरी पर स्थित हैं, को 48 घण्टे में उक्त केन्द्रों को ग्रामों में स्थापित किए जाने की व्यवस्था की जा रही है। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि सचिव द्वारा जारी सगय सारिणी के क्रम में गेहूं खरीद सत्र 2026-27 के अंतर्गत जनपद में 108 गेहूं क्रय केन्द्र प्रस्तावित किए गए थे।

विगत तीन वर्षों से गेहूं खरीद न होने एवं कृषकों को सगर्थन मूल्य प्राप्त हो सके, के दृष्टिगत उक्त क्रय केन्द्रों को खाद्य विभाग द्वारा ग्रामों के स्थान पर गण्डी परिसर में खोलने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जो अनुमोदन उपरांत जनपद की मण्डियों में 01 अप्रैल को स्थापित किए गए थे।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री से कतिपय कृषकों द्वारा मिलकर उक्त मण्डी परिसर में स्थापित क्रय केन्द्रों को ग्रामों में खोलने का अनुरोध किया गया, जिसके अनुक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा कृषकों के अनुरोध पर उक्त क्रय केन्द्र ग्रामों में खोलने हेतु निर्देश दिये गये थे। बैठक में मुख्य कृषि अधिकारी डा. वीके यादव सहित किसान व अधिकारी मौजूद थे।

# पुष्पा आर्य ने किया नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का शुभारम्भ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** नैनीताल रोड स्थित माई होम्यो हीलर्स द्वारा होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के जनक डॉ. सैमुअल हैनिमैन के जन्मदिवस के अवसर पर नि:शुल्क चिकित्सा शि. विर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ नेता प्रतिपक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक यशपाल आर्य की धर्मपत्नी पुष्पा आर्य ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर सैकड़ों लोगों ने शिविर में पहुंचकर नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा का लाभ उठाया। शिविर में मरीजों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श एवं दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। माई होम्यो हीलर्स की चिकित्सक डॉ. आराधना वर्मा ने मरीजों को नि:शुल्क परामर्श दिया और होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के लाभों के बारे में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को सुलभ एवं किफायती स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना तथा होम्योपैथी के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

# पीड़ित परिवार को वन विभाग की टीम ने सौंपा सात लाख का चेक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** मानव वन्य जीव संघर्ष के पीड़ित परिवार के आश्रित चन्द्र सिंह पुत्र दुर्गा सिंह को प्रभागीय वनाधिकारी हिमांशु बांगरी ने सात लाख का चेक सौंपा। बग्गा 54 निवासी गोपुली देवी पत्नी स्वर्गीय दुर्गा सिंह जंगल में व्यक्तिगत कार्य से गई थी कि वन्य जीव हिंसक घटना में गोपुली देवी की मौत हो गई। एक अप्रैल की इस घटना के बाद वन विभाग ने तत्काल राहत पहुंचाते हुए तीन लाख की नगद राशि दी थी। डीएफओ बांगरी ने उपप्रभागीय वनाधिकारी संचिता वर्मा एवं रेंजर राजेंद्र मनराल के साथ पीड़िता के घर जाकर सात लाख रुपये का चेक पीड़ित परिवार को सौंपा।



# गर्भवती महिलाओं को दिया सुरक्षित प्रसव का प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** शुक्रवार को उप जिला चिकित्सालय बाजपुर में राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित प्रसव, जच्चा-बच्चा की देखभाल एवं मातृ मृत्यु दर को कम करने के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।




कार्यक्रम की अध्यक्षता चिकित्सा अधीक्षक डॉ. पी.डी. गुप्ता ने की। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को नियमित जांच, संतुलित आहार, संस्थागत प्रसव तथा समय पर चिकित्सा सुविधा लेने के महत्व के बारे में बताया। इस अवसर पर महिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. एकता तिवारी, डॉ. आकांक्षा सैनी एवं डॉ. सुजाता ने गर्भावस्था के दौरान सावधानियों और स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी साझा की। कार्यक्रम में एलएचवी जानकी शर्मा, ब्लॉक आशा कोऑर्डिनेटर ब्रिजवाला शर्मा, आंगनबाड़ी सुपरवाइजर पूजा आर्य सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाएं उपस्थित रहीं।

# समर लाइफ स्टाइल एवं फैशन एग्जीबिशन में उमड़ी महिलाओं की भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** शुक्रवार को रामराज रोड स्थित होटल सनसाइन में संगिनी इवेंट्स द्वारा आयोजित समर लाइफ स्टाइल एवं फैशन एग्जीबिशन का शुभारम्भ धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन नेता प्रतिपक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक यशपाल आर्य की धर्मपत्नी पुष्पा आर्य, ब्लॉक प्रमुख सुखमन कौर औलख तथा दर्जा गन्ना राज्यमंत्री स. मंजीत सिंह 'राजू' की धर्मपत्नी रंजीत कौर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। एग्जीबिशन में महिलाओं की भारी भीड़ देखने को मिली, जहां विभिन्न प्रकार के समर कलेक्शन, फैशन परिधान, ज्वेलरी एवं लाइफ स्टाइल उत्पादों की आकर्षक श्रृंखला प्रस्तुत की गई। आयोजक अपूर्वा गर्ग एवं कृतिका गर्ग ने बताया कि यह उनका तीसरा एग्जीबिशन है। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य हर बार बाजपुरवासियों के लिए कुछ नया और आकर्षक प्रस्तुत करना है। इस मौके पर शशि गर्ग, नजमा शेख, पूजा जिंदल, ममता जैन, गीता खत्री, बबली जोशी समेत तमात लोग मौजूद रहे।





**नगर पालिका परिषद्, गदरपुर, ऊधम सिंह नगर**

पत्रांक: 27/ नामा. सूचना/2026-27 दिनांक:- 09/04/26

**नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड नं.-04 कमांक 310 पर श्री धर्मेन्द्र कुमार पुत्र श्री तारा चन्द का नाम अंकित है, जिसका गृहकर 442 रु० वार्षिक है। इकरारनामा बिक्रीनामें के आधार पर गृहकर अभिलेखों में श्री प्यारा लाल पुत्र श्री हजारा राम निवासी वार्ड नं. 04, सकैनिया मोड़ गदरपुर, ऊधम सिंह नगर के जरिये अपने नाम से पत्रावली प्रस्तुत कर गृहकर नामान्तरण कराने के लिये अनुरोध किया गया है, जो कि प्रस्तावित है। उपरोक्तानुसार नामान्तरण करने पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति पालिका कार्यालय में मय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायगा। विवाद की दशा में नामान्तरण स्वत: निरस्त समझा जायेगा, तथा सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**

**नगर पालिका परिषद्, गदरपुर, ऊधम सिंह नगर**

पत्रांक: 21/ नामा. सूचना/2026-27 दिनांक:- 08/04/26

**नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड नं.-07 कमांक 238 पर श्री अनमोल छाबडा पुत्र स्व. रविन्द्र छाबला का नाम अंकित है, जिसका गृहकर 153 रु० वार्षिक है। इकरारनामा बिक्रीनामें के आधार पर गृहकर अभिलेखों में श्रीमती संतोष रानी पत्नी श्री बलवीर राम निवासी वार्ड नं. 06, गदरपुर, ऊधम सिंह नगर के जरिये अपने नाम से पत्रावली प्रस्तुत कर गृहकर नामान्तरण कराने के लिये अनुरोध किया गया है, जो कि प्रस्तावित है। उपरोक्तानुसार नामान्तरण करने पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति पालिका कार्यालय में मय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायगा। विवाद की दशा में नामान्तरण स्वत: निरस्त समझा जायेगा, तथा सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**

**नगर पालिका परिषद्, गदरपुर, ऊधम सिंह नगर**

पत्रांक: 22 / नामा० सूचना/2025-26 दिनांक:- 08/04/26

**नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड नं.-06 कमांक 395 पर श्री अशोक कुमार पुत्र श्री हुकम चन्द का नाम अंकित है, जिसका गृहकर 730 रू० वार्षिक है। रजिस्टर्ड बिक्रीनामें के आधार पर गृहकर अभिलेखों में श्री पवन कुमार पुत्र श्री जसवन्त लाल निवासी वार्ड नं. 06, आवास विकास, गदरपुर, जिला ऊधम सिंह नगर ने अपने नाम से पत्रावली प्रस्तुत कर गृहकर नामान्तरण कराने के लिये अनुरोध किया गया है, जो कि प्रस्तावित है। उपरोक्तानुसार नामान्तरण करने पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति पालिका कार्यालय में मय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की दशा में नामान्तरण स्वत: निरस्त समझा जायेगा, तथा सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**

**नगर पालिका परिषद्, गदरपुर, ऊधम सिंह नगर**

पत्रांक: 28 / नामा० सूचना/2026-27 दिनांक:- 09/04/26

**नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड नं.-04 कमांक 374 पर श्री आनन्दी प्रसाद पुत्र श्री राम चरन का नाम अंकित है, जिसका गृहकर 450 रू० वार्षिक है। जिसकी दिनांक- 08/12/1988 को मृत्यु हो चुकी है। परिवारिक बटवारे के आधार पर गृहकर अभिलेखों में भवन का 1/3 भाग का श्री बंटी कुमार पुत्र श्री रतन लाल निवासी वार्ड नं. 04, बाल्मीकि बस्ती, गदरपुर, जिला ऊधम सिंह नगर ने अपने नाम से पत्रावली प्रस्तुत कर गृहकर नामान्तरण कराने के लिये अनुरोध किया गया है, जो कि प्रस्तावित है। उपरोक्तानुसार नामान्तरण करने पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति पालिका कार्यालय में मय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की दशा में नामान्तरण स्वत: निरस्त समझा जायेगा, तथा सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**

**नगर पालिका परिषद्, गदरपुर, ऊधम सिंह नगर**

पत्रांक: 29 / नामा० सूचना/2026-27 दिनांक:- 09/04/26

**नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड नं.-04 कमांक 374 पर श्री आनन्दी प्रसाद पुत्र श्री राम चरन का नाम अंकित है, जिसका गृहकर 450 रू० वार्षिक है। जिसकी दिनांक- 08/12/1988 को मृत्यु हो चुकी है। परिवारिक बटवारे के आधार पर गृहकर अभिलेखों में भवन का 1/3 भाग का श्री राजेश कुमार पुत्र स्व. आनन्दी प्रसाद निवासी वार्ड नं. 04, बाल्मीकि बस्ती, गदरपुर, जिला ऊधम सिंह नगर ने अपने नाम से पत्रावली प्रस्तुत कर गृहकर नामान्तरण कराने के लिये अनुरोध किया गया है, जो कि प्रस्तावित है। उपरोक्तानुसार नामान्तरण करने पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति पालिका कार्यालय में मय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की दशा में नामान्तरण स्वत: निरस्त समझा जायेगा, तथा सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**

# गैस माफियाओं पर बड़ी कार्रवाई

**34 सिलेंडर बरामद, दो लोगों को किया गिरफ्तार**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर में गैस की किल्लत के बीच कोतवाली पुलिस और प्रशासन ने अवैध गैस रिफिलिंग के गोरखधंधे का बड़ा खुलासा किया है। खताड़ी मोहल्ले में एक घर के अंदर चल रहे इस अवैध कारोबार पर छापेमारी कर टीम ने 34 गैस सिलेंडर बरामद किए, जिनमें छोटे और बड़े दोनों शामिल हैं।

एसडीएम गोपाल सिंह चौहान और कोतवाल सुशील कुमार की संयुक्त कार्रवाई में मौके से गैस भरने के उपकरण, तराजू-बांट और डीजल से भरी कैन भी जब्त की गई। जांच में सामने आया कि बड़े सिलेंडरों से छोटे सिलेंडरों में ₹200 से 250 प्रति किलो के हिसाब से गैस बेची जा रही थी।

पुलिस ने मौके से अमन और शहजाद को गिरफ्तार किया है, जबकि इस पूरे मामले में महिलाओं की संलिप्तता की भी आशंका जताई जा रही है। प्रशासन का कहना है कि गैस एजेंसी से जुड़े कुछ लोगों की भूमिका भी जांच के दायरे में है।

फिलहाल मामले की जांच जारी है और प्रशासन ने साफ किया है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।वहीं सीओ सुमित पांडे ने कहा कि दो लोगों के खिलाफ मुकदमा कर उनको गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है।इस दौरान पुलिस टीम में वरिष्ठ उप निरीक्षक दीपक बिष्ट, पीरुमदारा पुलिस चौकी इंचार्ज वीरेंद्र सिंह बिष्ट,मालधन पुलिस चौकी इंचार्ज धर्मेन्द्र कुमार, कांस्टेबल अमित कुमार,कांस्टेबल गगन भंडारी, कांस्टेबल संजय सिंह,महिला कांस्टेबल रेशु शामिल रहे।

# महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या की कोशिश

**हालत गंभीर, हायर सेंटर रेफर**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर से एक महिला ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। गंभीर हालत में महिला को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

रामनगर के गुलरघट्टी क्षेत्र में एक 27 वर्षीय महिला नसरीन ने अपने ही कमरे में फंदे से लटककर आत्महत्या करने का प्रयास किया।परिजनों के अनुसार, महिला काफी देर तक कमरे में बंद थी। काफी देर तक कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर परिजनों ने दरवाजा तोड़ा।

आनन-फानन में महिला को फंदे से नीचे उतारकर अस्पताल पहुंचाया गया। सरकारी अस्पताल की डॉ. दीपा ने जानकारी देते हुए बताया कि महिला को शुक्रवार सुबह अस्पताल लाया गया था। जांच के दौरान महिला के गले में फंदे का निशान पाया गया।

डॉक्टरों के मुताबिक, महिला की स्थिति बेहद गंभीर थी। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत को देखते हुए उसे तत्काल हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

वहीं मामले को लेकर कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस जांच शुरू कर दी गई है। सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है, और जांच पूरी होने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### भारी बारिश से किसानों की फसल चौपट, मुआवजे की मांग तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** ग्राम पंचायत मनिहार गोठ एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले दो दिनों से लगातार हो रही भारी बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। तेज वर्षा और जलभराव के चलते खेतों में खड़ी फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गई है, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।



स्थानीय किसानों बहादुर चंद, माया देवी, गुड्डी, फखरुद्दीन अली, लतीफ हुसैन,शाहिदा खातून का कहना है कि इस समय उनकी फसल तैयार होने की स्थिति में थी, लेकिन अचानक हुई मूसलाधार बारिश ने खेतों में पानी भर दिया, जिससे फसल सड़ने लगी और कई जगह पूरी तरह नष्ट हो गई। किसानों ने बताया कि गेहूं, सब्जी एवं अन्य मौसमी फसलों को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा है। इस आपदा से प्रभावित किसानों ने जिला प्रशासन से तत्काल सर्वे कराकर उचित मुआवजा देने की मांग की है। इस संबंध में तहसीलदार मोहीउद्दीन ने जानकारी देते हुए बताया कि किसानों की शिकायत को गंभीरता से लिया गया है। उन्होंने कहा कि नुकसान का आकलन करने के लिए संबंधित क्षेत्र के लेखपालों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जल्द ही टीम मौके पर पहुंचकर जांच करेगी और रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### नन्हे हाथों ने रंगों से लिखी स्वच्छता की इबारत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** स्वच्छता सप्ताह के तहत आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता ने यह




साबित कर दिया कि बदलाव की असली शुरुआत नई पीढ़ी के हाथों में है। नगर पालिका परिषद चम्पावत द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी रचनात्मकता से स्वच्छता का सशक्त संदेश पूरे शहर तक पहुंचाया। नगर के विभिन्न विद्यालयों से पहुंचे छात्र-छात्राओं ने रंगों के जरिए समाज की सच्चाई और उम्मीद दोनों को कागज पर उतारा। कहीं स्वच्छ और हरित चम्पावत की सुंदर तस्वीर उभरी, तो कहीं गंदगी के खिलाफ जागरूकता का तीखा संदेश नजर आया।

**नगर पालिका की पेंटिंग प्रतियोगिता में दिखा बच्चों में उत्साह**

"स्वच्छ भारत" और "एक कदम स्वच्छता की ओर" जैसे संदेशों को बच्चों ने बेहद प्रभावशाली अंदाज में प्रस्तुत किया। कई चित्रों में पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त जीवन और साफ-सफाई को लेकर गहरी सोच दिखाई दी। नन्हे कलाकारों ने यह भी दिखा दिया कि बदलाव की शुरुआत घर और आसपास से ही होती है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों का उत्साह और ऊर्जा देखते ही बन रही थी। नगर पालिका परिषद के अधिकारियों ने बताया कि ऐसे आयोजन बच्चों में जिम्मेदारी और सामाजिक चेतना विकसित करते हैं। जब बच्चे स्वच्छता का महत्व समझते हैं, तो वे अपने परिवार और समाज को भी इसके लिए प्रेरित करते हैं।

### मांगों को लेकर डिप्लोमा इंजीनियर्स का बेमियादी धरना तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** लोहाघाट में उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स का 27 सूत्रीय मांगों को लेकर शुरू हुआ बेमियादी धरना प्रदर्शन लगातार उग्र होता जा रहा है। शासन की अनदेखी और बेरुखी से नाराज इंजीनियर्स का आक्रोश अब खुलकर सामने आने लगा है। धरना स्थल पर क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता खुशाल सिंह अधिकारी ने सत्यम अधिकारी के साथ पहुंचकर आंदोलन को अपना पूर्ण समर्थन दिया।

विधायक ने स्पष्ट कहा कि वे डिप्लोमा इंजीनियर्स की समस्याओं को भलीभांति समझते हैं और उनकी आवाज को शासन तक मजबूती से उठाएंगे। वहीं यूकेडी के कार्यकर्ताओं ने भी आंदोलनकारियों के समर्थन में उतरकर इस आंदोलन को और मजबूती दी। इंजीनियर प्रबुद्ध शर्मा की अध्यक्षता और ऋषभ शाह के संचालन में आयोजित सभा में आंदोलनकारियों का गुस्सा साफ झलकता दिखा। वक्ताओं ने कहा कि एक ओर कर्मचारी 60 वर्ष तक सेवा देते हैं, जबकि विधायक और सांसद मात्र पांच साल में पेंशन के हकदार बन जाते हैं। यह व्यवस्था पूरी तरह अन्यायपूर्ण है। महासंघ के जिला अध्यक्ष गोपाल कालाकोटी ने बताया कि शासन स्तर से वार्ता का निमंत्रण मिला था, लेकिन उसका मसौदा आंदोलन को कमजोर करने वाला प्रतीत हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार केवल "झुनझुना" दिखाकर आंदोलन को तोड़ना चाहती है, जिसे इंजीनियर्स ने सिरे से खारिज कर दिया है। धरना स्थल पर परमानंद पुनेठा, प्रशांत वर्मा, पवन बिष्ट, नरेंद्र मोहन गढ़कोटी, किशोर राठौड़, ललित भट्ट, सुधीर कुमार, रेनू कुमारी, कुमारी अल्का, रामनिवास राणा, चेतन ओली, संदीप कुमार, सचिन पुनेठा सहित कई इंजीनियर्स ने अपने विचार रखते हुए शासन से मांगों को तत्काल मानने की अपील की।

### क्षेत्र की विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री से मिले डा. यूनुस चौधरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**जसपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता व समाजसेवी डॉक्टर यूनुस चौधरी ने खटीमा में सेवा संकल्प फाउंडेशन द्वारा आयोजित सैनिक सम्मान समारोह में भाग लिया।

मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने बताया कि उन्होंने सुबेदार स्वर्गीय शेर सिंह धामी की छठवीं पुण्यतिथि पर आयोजन में भागीदारी की उसके पश्चात जसपुर तहसील क्षेत्र के विभिन्न प्रमुख मांगों को संबंधित मांग पत्र यशस्वी मुख्यमंत्री को सौंप कर क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया और शेष बची हुई मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने की मांग की। इस अवसर पर उनके साथ आसिफ चौधरी,आरिफ अंसारी, देवेंद्र कुमार, इकराम प्रधान, दानिश चौधरी, इकबाल व फारूक चौधरी समेत दर्जनों क्षेत्रीय लोग शामिल रहे।

### अतिक्रमण अभियान चलाया गया, पालिका की कार्रवाई से मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर में जिला प्रशासन के निर्देश पर नगर पालिका ने अतिक्रमण के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया गया।रामनगर के गैस गोदाम रोड और ऊंट पड़ाव क्षेत्र में सड़क किनारे रखे सामान को जब्त करते हुए अवैध कब्जों को हटाया गया। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। शुक्रवार को रामनगर में नगर पालिका प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई जिला प्रशासन के निर्देशों के तहत गैस गोदाम रोड और ऊंट पड़ाव जैसे व्यस्त इलाकों में की गई, जहां लंबे समय से सड़क किनारे व सिंचाई। नहर पर अवैध रूप से सामान रखकर अतिक्रमण किया जा रहा था। पालिका टीम ने मौके पर पहुंचकर सड़क किनारे रखे सामान को जब्त किया और अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई शुरू की। अचानक हुई इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और अतिक्रमण करने वाले लोग अपने-अपने सामान को जल्दबाजी में हटाते नजर आए। इस दौरान नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी आलोक उनियाल ने सख्त रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिशासी अधिकारी आलोक उनियाल ने बताया कि यह अभियान शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है,उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी, ताकि शहर को साफ-सुथरा और व्यवस्थित बनाया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि अतिक्रमण हटने से सड़कों पर जाम की समस्या से काफी हद तक राहत मिलेगी और आम लोगों को आवागमन में सुविधा होगी।

# सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी पहुंचे टनकपुर पावर स्टेशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**टनकपुर/बनबसा।** उत्तराखंड सरकार के कृषि एवं सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी का टनकपुर पावर स्टेशन पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। पावर स्टेशन प्रमुख ऋषि रंजन आर्य ने पौधा एवं शॉल भेंट कर मंत्री का अभिनंदन किया। इस दौरान पावर स्टेशन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

मंत्री गणेश जोशी ने पावर हाउस का निरीक्षण कर बिजली उत्पादन व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मशीनों, टरबाइनों एवं विद्युत उत्पादन प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी। पावर स्टेशन प्रमुख ऋषि रंजन आर्य ने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों और उत्पादन से जुड़ी योजनाओं की जानकारी भी साझा की। मंत्री गणेश जोशी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि टनकपुर पावर स्टेशन उत्तराखंड की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में अहम भूमिका निभा रहा है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को उत्पादन क्षमता बढ़ाने और व्यवस्थाओं को और मजबूत करने के निर्देश दिए। इस दौरान मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों में उत्साह देखने को मिला।

# उद्यमिता ओरिएंटेशन कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बनबसा।** राजकीय महाविद्यालय, अमोड़ी में देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत आयोजित एक दिवसीय उद्यमिता ओरिएंटेशन कार्यक्रम उत्साहपूर्ण एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. डा. अजिता दीक्षित, नोडल अधिकारी डा. दिनेश कुमार गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक जयेंद्र विक्रम शर्मा एवं प्राध्यापकों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत ने कार्यक्रम को गरिमामयी शुरुआत प्रदान की।

प्राचार्य प्रो. डा. अजिता दीक्षित ने अपने प्रेरक संबोधन में विद्यार्थियों को उद्यमिता के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि महाविद्यालय निरंतर छात्रों के सर्वांगीण विकास एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रयासरत है। उन्होंने विद्यार्थियों को स्थानीय संसाधनों एवं पारंपरिक कौशल के माध्यम से स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित किया। नोडल अधिकारी डा. दिनेश कुमार गुप्ता ने देवभूमि उद्यमिता योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रशिक्षण, मार्गदर्शन एवं विभिन्न अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद से पधारे प्रोजेक्ट ऑफिसर जयेंद्र विक्रम शर्मा ने अत्यंत सरल एवं प्रभावी ढंग से विद्यार्थियों को उद्यमिता, नवाचार एवं स्टार्टअप के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को प्रशिक्षण, मेंटरशिप, वेंचर सपोर्ट एवं वित्तीय सहायता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर छात्रा किरन नेगी द्वारा एपण कला पर आधारित सुंदर एवं आकर्षक कलाकृतियों का प्रदर्शन किया गया, जिसकी सभी उपस्थितजनों ने सराहना की। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आभार ज्ञापन डा. अर्चना वर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डा. संजय कुमार, डा. रंजना सिंह, डा. अतुल मिश्र, संजय कुमार गंगवार, हरीश चन्द्र जोशी, हरीश चन्द्र ओझा, दशरथ बोहरा, दिनेश रावत सहित समस्त प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# चंपावत में जनगणना का बिगुल, अंतिम चरण में प्रशिक्षण

**दो चरणों में होगी जनगणना, हर घर से जुटेगा डेटा, प्रशासन ने दिए सख्त निर्देश**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** जनपद चंपावत में जनगणना 2027 को लेकर तैयारियां अब चरम पर पहुंच गई हैं। चंपावत, पाटी और लोहाघाट तहसीलों में जनगणना कर्मियों का प्रशिक्षण अंतिम चरण में चल रहा है। चंपावत तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी अनुराग आर्य के नेतृत्व में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जबकि पाटी में तहसीलदार चंद्र सिंह हरकोटिया की निगरानी में कर्मियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जनगणना का पहला चरण अप्रैल से सितंबर तक चलेगा, जिसमें मकानों और आवासीय इकाइयों की गणना की जाएगी। इसके बाद फरवरी 2027 से दूसरे चरण की शुरुआत होगी, जिसमें मकानों की बनावट, परिवार की संरचना, परिवार प्रमुख, उपलब्ध सुविधाएं और संसाधनों का विस्तृत विवरण जुटाया जाएगा। अधिकारियों ने प्रशिक्षण में शामिल कर्मियों को निर्देश दिए कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चंपावत में आयोजित प्रशिक्षण में तहसीलदार बृजमोहन आर्य, पवन जुकरिया, राकेश फर्त्याल और कृष्णानंद जोशी सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। वहीं पाटी में डॉ. कमल गहतौड़ी, महेश आर्य, ललित मोहन, हरीश पांडे, तहसीलदार चंद्र सिंह हरकोटिया, रजिस्टर कानूनगो मनोज गहतौड़ी, देहरादून से आए भावेश धीमान और नगर पंचायत पाटी के ईओ कमल मेहता ने प्रशिक्षण में भाग लिया।

# पुलिस की तत्परता से मिला खोया बैग, युवक के चेहरे पर लौटी मुस्कान

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बनबसा।** ईमानदारी और मुस्तैदी की मिसाल पेश करते हुए बनबसा पुलिस ने एक नेपाली युवक का खोया हुआ बैग खोजकर उसे सुरक्षित लौटाया, जिससे युवक के चेहरे पर फिर से मुस्कान लौट आई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, आज 10 अप्रैल शुक्रवार को 08:30 बजे नेपाल के महेन्द्रनगर निवासी नीरज बुगाटी पुत्र प्रेम बुगाटी थाना बनबसा पहुंचे और उन्होंने सूचना दी कि उनका भूरे रंग का बैग टैक्सी में भूलवश छूट गया है। बैग में एक एंड्रॉयड मोबाइल, जरूरी कागजात, कुछ इलेक्ट्रिकल सामान और एक छोटा पर्स रखा हुआ था। युवक को टैक्सी का नंबर भी ज्ञात नहीं था, जिससे मामला चुनौतीपूर्ण हो गया। सूचना मिलते ही बनबसा पुलिस हरकत में आई और तत्काल आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी। पुलिस की तत्परता रंग लाई और कुछ ही समय में संबंधित टैक्सी वाहन का पता लगा लिया गया। इसके बाद पुलिस टीम ने युवक का बैग और उसमें रखा समस्त सामान सुरक्षित बरामद कर उसे सुपुर्द कर दिया। खोया हुआ सामान सकुशल वापस मिलने पर युवक नीरज बुगाटी ने चम्पावत पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए पुलिस की कार्यशैली की सराहना की। स्थानीय लोगों ने भी बनबसा पुलिस के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की है।

# बरहैनी के युवक-युवती ने रजामंदी से किया निकाह, सुरक्षा की लगाई गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बाजपुर।** क्षेत्र के ग्राम बरहैनी निवासी 19 वर्षीय सबिया और 20 वर्षीय फरमान अली ने आपसी रजामंदी से निकाह कर लिया है। दोनों ने साथ रहने की इच्छा जताते हुए अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता भी व्यक्त की है। शुक्रवार को युवक-युवती बाजपुर कोतवाली पहुंचे, जहां उन्होंने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपनी मर्जी से निकाह किया है और अब वे जीवनभर साथ रहना चाहते हैं। साथ ही उन्होंने आशंका जताई कि यदि उन्हें किसी प्रकार का नुकसान होता है, तो उसकी जिम्मेदारी लड़की पक्ष के परिजनों की होगी। पुलिस ने दोनों की बात सुनते हुए आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, युवक-युवती को न्यायालय में पेश कर उनके धारा 164 के तहत बयान दर्ज कराए जाएंगे, ताकि उनकी सुरक्षा और कानूनी प्रक्रिया सुनिश्चित की जा सके।

# मेडिकल स्टोर संचालकों की बैठक में नियमो की जानकारी दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर ड्रग एंड कैमिस्ट एसोसिएशन, रामनगर की बैठक में मेडिकल स्टोर संचालको को औषधि विभाग के नये नियमो की जानकारी दी गयी। एसोसिएशन के अध्यक्ष उमेश गर्ग की अध्यक्षता व महासचिव इकरार हुसैन के संचालन में एक होटल में सम्पन्न हुई।बैठक में डॉक्टर उमेश गर्ग ने बताया कि औषधि विभाग के द्वारा हाल फिलहाल में लागू किये गये नये नियमो व कानून से मेडिकल स्टोर स्वामियों को अवगत कराया गया।महासचिव ने बताया कि ड्रग इंस्पेक्टर डॉक्टर अर्चना के द्वारा सभी मेडिकल स्टोरों में फार्मासिस्ट की उपस्थिति की अनिवार्यता, मेडिकल में सीसीटीवी लगवाये जाने, एक्सपायरी दवाओं की अलग से व्यवस्था किए जाने, साफ-सफाई रखने व शिड्यूल एच की दवाओं का रजिस्टर व क्रय-विक्रय के बिलों का ठीक से रखने के नियमो से अवगत कराया गया। इस दौरान बैठक में कोषाध्यक्ष पुनीत मित्तल, शाहनबाज सिद्दीकी, इरफान खान, अरशद सिद्दीकी, मो शरीफ सिद्दीकी, डॉ अतीक वारसी, डॉ एमके रजा, मो जीशान, मो हासिम, मो रेहान, शेखर चंद्र, कैलाश पांडे, जीवन मेहरा, जितेश अग्रवाल, दिनेश करगेती, अमजद खान, शिवम ठाकुर, राजीव सक्सेना, संजय तिवारी, रम्पी कोटिया, डॉ काशिफ हुसैन, पंकज गर्ग, आरिफ अहमद, अरबाज अब्बासी, दिनेश तिवारी, डॉ जफर सैफी, कैलाश जोशी, गिरिजा शंकर गुप्ता, दिनेश पंत, अखिल मित्तल आदि मेडिकल स्टोर संचालक मौजूद रहे।

# सेवानिवृत्त शिक्षकों को भावभीनी विदाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** शिक्षक भवन लोहाघाट में आज प्राथमिक शिक्षक संगठन लोहाघाट इकाई द्वारा एक भावनात्मक और गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले चुके जिला अध्यक्ष गोविन्द सिंह बोहरा सहित पिछले दो वर्षों में सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों को सम्मानित कर भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक मंत्री मयंक पुनेठा ने किया, जबकि अध्यक्षता कार्यकारी जिला अध्यक्ष उत्तम फर्त्याल ने की।

मुख्य अतिथि के रूप में शतायु प्राप्त पूर्व प्रधानाध्यापक मोती सिंह मेहता की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बना दिया। ब्लॉक अध्यक्ष कैलाश फर्त्याल ने सभी अतिथियों और उपस्थित शिक्षकों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम के दौरान गंगा गिरी, सुमन चंद्र राय, खष्टी बल्लभ पाण्डेय, फतेह सिंह मेहता, इंद्रा आर्या, पीताम्बर भट्ट, राजकुमारी भट्ट, कैलाश वर्मा और मीनाक्षी पाटनी को शाल ओढ़ाकर, माल्यार्पण और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कीर्ति बल्लभ भट्ट, कैलाश ओली, शंकर अधिकारी, श्रीनिवास ओली, सतीश गहतोड़ी, जीवन मेहता आदि मौजूद थे।

# टनकपुर बन सकता है 'हर्बल हब'!

**जड़ी-बूटी व्यापार से सीमांत क्षेत्र में रोजगार की बड़ी उम्मीद**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर/ चंपावत।** भारत-नेपाल सीमा पर स्थित टनकपुर अब जड़ी-बूटी व्यापार के जरिए आर्थिक बदलाव की नई इबारत लिख सकता है। पहाड़ी क्षेत्रों की समृद्ध जैव विविधता और पड़ोसी देश नेपाल से आने वाली दुर्लभ जड़ी-बूटियों की उपलब्धता इस क्षेत्र को हर्बल कारोबार का बड़ा केंद्र बनाने की क्षमता रखती है।

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि सुनियोजित प्रयास किए जाएं, तो यह क्षेत्र युवाओं के लिए रोजगार का मजबूत आधार बन सकता है। टनकपुर से जुड़े पहाड़ी क्षेत्रों में औषधीय पौधों की भरपूर उपलब्धता है, वहीं नेपाल के हिमालयी इलाकों से आने वाली बहुमूल्य जड़ी-बूटियां अंतरराष्ट्रीय बाजार में ऊंची कीमत पर बिकती हैं। ऐसे में टनकपुर और बनबसा बॉर्डर क्षेत्र स्वाभाविक रूप से जड़ी-बूटी व्यापार के ट्रांजिट प्वाइंट बन सकते हैं। हालांकि संभावनाएं बड़ी हैं, लेकिन इस क्षेत्र में अभी तक संगठित हर्बल बाजार की कमी है। सीमा व्यापार पर अत्यधिक निर्भरता, अवैध तस्करी और प्रोसेसिंग सुविधाओं का अभाव प्रमुख समस्याएं बनी हुई हैं। इन कारणों से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सीमित रह जाते हैं। यदि जड़ी-बूटी व्यापार को बढ़ावा दिया जाए तो क्षेत्र में कई प्रकार के रोजगार सृजित हो सकते हैं:-

**जड़ी-बूटी की खेती और संग्रहण**

**हर्बल उत्पादों की प्रोसेसिंग यूनिट**

**पैकेजिंग व ब्रांडिंग उद्योग**

**निर्यात और लॉजिस्टिक्स**

**हर्बल रिसर्च एवं प्रशिक्षण केंद्र**

**विशेषज्ञों और स्थानीय लोगों के अनुसार, इस दिशा में ठोस कदम उठाना जरूरी है**

टनकपुर/बनबसा में अंतरराष्ट्रीय स्तर की हर्बल मंडी की स्थापना, स्थानीय स्तर पर प्रोसेसिंग यूनिट लगाकर मूल्य संवर्धन, किसानों और युवाओं को प्रशिक्षण और सरकारी योजनाओं से जोड़ना नेपाल के साथ संगठित और वैध व्यापार व्यवस्था विकसित करना, हर्बल पार्क और वेलनेस सेंटर के जरिए हर्बल पर्यटन को बढ़ावा देना।

**बदल सकती है सीमांत क्षेत्र की तस्वीर**

जड़ी-बूटी व्यापार को बढ़ावा मिलने से न केवल स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा, बल्कि पलायन पर भी रोक लगेगी। साथ ही टनकपुर की पहचान एक उभरते "हर्बल हब" के रूप में स्थापित हो सकती है। टनकपुर के पास प्राकृतिक संसाधन, भौगोलिक स्थिति और व्यापारिक संभावनाएंख़तीनों मौजूद हैं। जरूरत है इन्हें सही दिशा देने की। यदि सरकार, प्रशासन और स्थानीय लोग मिलकर प्रयास करें, तो आने वाले समय में टनकपुर जड़ी-बूटी व्यापार का प्रमुख केंद्र बनकर आर्थिक विकास की नई मिसाल पेश कर सकता है।

# सीएम ने दून से की घोषणाओं की समीक्षा

## अधिकारियों ने कार्यों की प्रगति के बारे में बताया



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** सूबे के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को देहरादून से नैनीताल जिले की विधानसभा क्षेत्र लालकुआं, नैनीताल, भीमताल, रामनगर तथा कालाढूंगी के अंतर्गत 10-10 प्रमुख कार्य एवं सीएम घोषणाओं की वर्चुअल माध्यम से विस्तृत समीक्षा की। नैनीताल से जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल द्वारा समीक्षा बैठक में सभागार कक्ष से वर्चुअल माध्यम से प्रतिभाग किया। वर्चुअल माध्यम से समीक्षा बैठक में विधानसभा क्षेत्र लालकुआं के अंतर्गत सीएम घोषणाओं में 8 घोषणाएं समिलित की गई जिनमें से 04 घोषणाओं के शासनादेश निर्गत हो गए हैं और 3 लंबित घोषणाओं पर चर्चा हुई। सिंचाई विभाग द्वारा गोला एवं नन्धौर नदी से बाढ़ सुरक्षा योजना, हल्द्वानी-लालकुआं के मध्य रेलवे क्रॉसिंग पर सेतु निर्माण योजना 49.47 करोड़ की लागत से व जंगली जानवर से बचाव हेतु आबादी से लगे वन क्षेत्र के मध्य सौर ऊर्जा फेंसिंग विषय शामिल रहे। विधानसभा क्षेत्र भीमताल में 8 घोषणाएं शामिल की गई जिनमें से चार घोषणाओं के लिए शासनादेश निर्गत हो गए हैं और 04 लंबित घोषणाओं पर चर्चा की गई। विधानसभा क्षेत्र नैनीताल के 10 मुख्यमंत्री घोषणाओं में से 9 घोषणाओं पर शासनादेश निर्गत किये जा चुके हैं शेष 01 लंबित घोषणा बेतालघाट के ग्राम दाड़िमा, रतौडा, रोपा, कटिमी से गाजर तथा बिस्गोली तक क्षतिग्रस्त सिंचाई नहर के निर्माण कार्य जो रुपए 498.84 लाख की लागत से किया जाना है पर चर्चा की गई। विधानसभा क्षेत्र कालाढूंगी के अंतर्गत समिलित 10 मुख्यमंत्री घोषणाओं में से 6 मुख्यमंत्री घोषणाओं के लिए शासनादेश निर्गत हो गए हैं शेष लंबित चार घोषणाओं पर चर्चा हुई। बैठक में रामनगर की कुल 11 घोषणाओं की समीक्षा की गई जिनमें से 6 घोषणाओं के लिए शासनादेश निर्गत हो गए हैं और शेष पांच लंबित है। समीक्षा बैठक में जनपद से मुखय विकास अधिकारी अरविन्द कुमार पाण्डे, अपर जिला अधिकारी शैलेंद्र सिंह नेगी, सचिव प्राधिकरण विजय नाथ शुकल, अधीक्षण अभियंता लोनिवि मनोहर सिंह धर्मशक्तू तथा जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी आदि उपस्थित रहे।

### सीएम धामी आज नैनीताल जिले में

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** सीएम पुष्कर सिंह धामी शनिवार (आज) को जनपद नैनीताल भम्रण पर आ रहे हैं। जिला. धिकारी कार्यालय से प्राप्त सूचना अनुसार मुख्यमंत्री शनिवार (आज) को पूर्वाह्न 11.40 बजे देहरादून से हैलीकाप्टर द्वारा प्रस्थान कर अपराह्न 12.45 बजे विकास भवन खेल मैदान हैलीपैड भीमताल पहुँचेंगे। वहां से प्रस्थान कर अपराह्न 13 बजे से अपराह्न 14.30 बजे तक बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ अप्लाइड साइंसेज के वार्षिकोत्सव में प्रतिभाग करेंगे।

# सड़कों की जांच की जाए: अजय भट्ट

## दिशा की बैठक में सांसद ने कहा-गुणवत्ता से समझौता नहीं

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** सांसद अजय भट्ट ने नैनीताल क्लब में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की गहन समीक्षा की। सांसद श्री भट्ट ने कहा कि अधिकारी केन्द्र सरकार की योजना कार्यो को गंभीरता से लेते हुए कार्यो को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें और जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक पहुँचाने के लिए लक्ष्यों के अनुरूप कार्यों को समय पर पूर्ण करें। सांसद ने मुख्य रूप से पेयजल, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं पर विशेष जोर देते हुए उन्हें समय पर पूरा करने को कहा ताकि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आम जनता को योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके। सांसद भट्ट ने कहा कि सभी अधिकारी केन्द्र संचालित योजनाओं व विकास कार्यो की जानकारी सभी जनप्रतिनिधियों को भी दें और योजना कार्यो का शुभारंभ एवं लोकार्पण क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से कराएं ताकि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानक.




ारी जनता तक जाएं। पर्वतीय क्षेत्रों की विभिन्न सड़कों की खराब गुणवत्ता के संबंध में सांसद श्री भट्ट ने कहा कि जो सड़कें मानकों के अनुरूप नहीं बनी है उन सड़कों की जांच की जाए इस संबंध में उन्होंने संबंधित को निर्देश दिए। उन्होंने कहा गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। बैठक में सांसद ने विभिन्न विभागों की समीक्षा की। बैठक में रेल विभाग की समीक्षा के दौरान बताया कि काठगोदाम, हल्द्वानी लालकुआं तथा रामनगर एवं काशीपुर रेलवे स्टेशनों को केन्द्र सरकार द्वारा लगभग 55 करोड की लागत से इन रेलवे स्टेशनों को हाईटेक एवं आधुनिक बनाया जा रहा है इसके साथ ही लाल. कुआ-सितारगंज के मध्य रेल पटरी बिछाने हेतु 1546 करोड़ की लागत से डीपीआर का कार्य भी पूर्ण हो चुका है शीघ्र ही टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ कर कार्य प्रारंभ किया जायेगा। उन्होंने गोलापुल के पास रेलवे एवं सिचाई विभाग द्वारा भूस्खलन को रोकने हेतु जो कार्य किया जा रहा है उसे मानसून से पूर्व पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि सूर्यानाला में पुल निर्माण हेतु वन विभाग द्वारा जो आपति लगाई गई है यथाशीध्र उन आपतियों का निस्तारण करते हुए प्रस्ताव भेजा जाए उन्होंने अवगत कराया कि पुल निर्माण हेतु 13 लाख 60 हजार की धनराशि स्वीकृत हो चुकी है। सांसद आदर्श ग्राम योजना की समीक्षा के दौरान जनपद में भीमताल में देवीधुरा गांव एवं जंगलियागांव को योजना के अन्तर्गत रखा गया है जिला विकास अधिकारी ने बताया कि उक्त ग्रामों में सभी मूलभूत सुविधाएं प्रदान की गई हैं। पीएमजीएसवाई की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता ने बताया कि जनपद में फेज 4 के अन्तर्गत 63 सड़कें स्वीकृत है जिसके अन्तर्गत 17 सड़कों की डीपीआर तैयार हो चुकी है बाकी पर कार्य गतिमान है। बैठक में अध्यक्ष जिला पंचायत दीपा दर्मवाल, मेयर हल्द्वानी गजराज सिंह बिष्ट, दायित्वधारी दीपक मेहरा, शान्ति मेहरा, दिनेश आर्य, भावना मेहरा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, ब्लाक प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट, केडी रूवाली, मनीषा जन्तवाल, अंकित साह, दीप कुमार के साथ ही जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, मुख्य विकास अधिक. ारी अरविन्द कुमार पाण्डे सदस्य दिशा कमला आर्य, गोपाल सिंह रावत तथा भुवन जोशी, मनोज जोशी, पार्षद धीरज कुमार के साथ ही विभिन्न विभागों के अधिकारी व अन्य उपस्थित रहे।

## नैनीताल जिले में ओवररेटिंग पर सख्त कार्रवाई, मदिरा दुकानों से 3.05 लाख का जुर्माना वसूला गया

**नैनीताल।** जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के निर्देशन में जनपद नैनीताल में प्राप्ति हो रही ओवररेटिंग की शिकायतों का गंभीरता से संज्ञान लेते व्यापक स्तर पर कार्रवाई की गई। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के निर्देशानुसार शुक्रवार को तहसील क्षेत्र नैनीताल, कालाढूंगी, हल्द्वानी, रामनगर, भीमताल एवं लालकुआं में संचा. लित मदिरा दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान देशी मदिरा दुकान रानीखेत रोड रामनगर, लालकुआं समेत हल्द्वानी तथा विदेशी मदिरा दुकान कालाढूंगी, मंडी तीनपानी बाईपास, मुखानी, जवाहर नगर हल्द्वानी, लालकुआं तथा भवानीगंज, बैलपड़ाव तथा तल्लीताल आदि क्षेत्रों में अधिकतम खुदरा मूल्य से अधिक दरों पर मदिरा विक्रय किए जाने सहित अन्य अनियमितताएं पाई गईं। इन अनियमितताओं के विरुद्ध आबकारी अधि. नियम की धारा 64/74 के अंतर्गत संबंधित विक्रेताओं पर कुल 3 लाख 50 हजार रुपएं का जुर्माना आरोपित कर तत्काल सरकारी राजस्व में जमा कराया गया। दूसरी ओर प्रशासन द्वारा समस्त मदिरा विक्रेताओं को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु निर्धारित एमआरपी के अनुसार ही मदिरा का विक्रय सुनिश्चित किया जाए। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।जनपद प्रशासन आमजन से भी अपील करता है कि यदि कहीं ओवररेटिंग अथवा अन्य अनियमितता पाई जाती है तो उसकी सूचना तत्काल संबंधित अधिकारियों को मुहैया कराएं ताकि समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## रातीघाट में शराब बंदी को कांग्रेसियों का समर्थन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के रातीघाट में शराब की दुकान खोले जाने के विरोध में आंदोलन शुक्रवार को भी जारी रहा। इस मौके पर आंदोलन को समर्थन देने पहुंची सूबे की पूर्व दर्जा राज्यमंत्री व जिला महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट ने कहा कि विगत 10 वर्षो में स्कूल-कालेज, रोजगार तथा चिकित्सा के विकास का दिवास्वप्न दिखाकर सत्ता में आयी भाजपा सरकार ने जनता को खनन और शराब के अलावा कुछ दिया ही नहीं। बिष्ट ने कहा कि इन सभी से जबर्दस्त राजस्व वसूली करके सूबे में चिकित्सा और स्वास्थ्य जैसी सेवाएँ खस्ताहाल हैं। उन्होंने कहा कि शहरों को छोड़ गाँवों के भोले भाले निवा. सियों के लिए शराब की दुकान खोलकर उन्हें लत डलवा देना अनैतिक है। विरोध कार्यक्रम में निकटवर्ती ग्रामों से आए सैकड़ों ग्रामीणों ने अपनी नाराजगी व्यक्त की। वक्ताओं ने बताया कि यह दुकान आस पास के युवाओं को नशे का आदी बना रही है तथा ग्रामीणों पर भी इसका बुरा असर हो रहा है लिहाज़ा इसे तुरंत बंद किया जाना चाहिए। विरोध कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य यशपाल आर्या, जया किशोर, संजय सिंह, चंदन सिंह, किशोर सिंह, ब्लॉक प्रमुख अंकित साह, नीमा देवी, हेमा देवी, बिमला देवी, देवकी देवी, शान्ति तिवारी सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति ने प्रतिभाग कर शराब की दुकान का विरोध किया और शराब नहीं रोजगार दो के नारे लगाए।

## एक नजर

### गुरुजनों की जनगणना में ड्यूटी, शिक्षण प्रभावित

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय में इन दिनों गुरुजनों की ड्यूटी जनगणना में लगाए जाने से स्कूल में शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है। स्कूल प्रबंधन के मुताबिक नगर के विद्यालयों में सबसे अधिक छात्र संख्या सैनिक स्कूल में है किंतु स्कूल के 12 शिक्षकों की जनगणना ड्यूटी लगने से सबसे अधिक संख्या वाले इस विद्यालय में पठनपाठन व्यवस्था पटरी से उतर गई है। वर्तमान में हालत यह हैं कि शिक्षकों के ड्यूटी में जाने की वजह से एक ही कक्षा में कम से कम 250 से लेकर 300 बच्चों को एक बार में पढ़ाना पड़ रहा है। अभिभावकों में इस बात को लेकर खासी नाराजगी है कि सत्र प्रारंभ होते ही पढ़ाई का माहौल बनने के बजाय 250 से लेकर 300 विद्यार्थी एक कक्षा में पढ़ने पड़ रहे हैं। अभिभावकों ने मांग उठाई है कि जनगणना में शिक्षकों की ड्यूटी कम से कम लगाई जाए। दूसरी ओर स्कूल के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता ने भी मामले की पुष्टि की है।

### डीएसबी के संगीत विभाग में भजन प्रतियोगिता

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल के संगीत विभाग में शुक्रवार को विद्यार्थियों हेतु भजन प्रतियोगिता (सगुण निर्गुण) आयोजित की गई जिसमें विद्यार्थियों ने प्रतिभाग कर कृष्ण, मीरा, मथुरा काशी तथा भोलेनाथ तथा श्री राम के सुंदर भजन प्रस्तुत किए। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ प्रो. ज्योति जोशी, प्रो. ललित तिवारी तथा डा. रवि जोशी ने दीप प्रज्वलन कर किया। शुभम पोखरिया, नवल, तनिष्क ने संगीत दिया तथा आंचल, अभिषेक तथा आयुष, दिया, हर्षिता, कविता, मयंक तथा नवल व रिया ने प्रस्तुति देकर सबका दिल जीता। इस अवसर पर सभी विजेता प्रतिभागियों को मेडल प्रदान किए गए। प्रतियोगिता में प्रथम आयुष कोटवाल, द्वितीय आंचल जोशी तथा तृतीय दिया आर्य रही। इस अवसर पर प्रो. नीरजा टंडन, प्रो. हरिप्रिया पाठक, डा. अशोक कुमार, डा. मनोज बिष्ट, डा. अलंकार समेत आनंद रावत, डा. लक्ष्मी धस्माना तथा बबीता लोहनी सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे। संचालन प्रो. ललित तिवारी एवं डा. अलंकार ने किया।

### उत्तराखंड में उद्यमिता के विस्तार पर मंथन

**नैनीताल।** राजकीय महाविद्यालय भतरौंजखान में उद्यमिता विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उत्तराखंड में उद्यमिता के विस्तार क्षेत्र एवं संभावनाएं को लेकर चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुखय अतिथि जिला समन्वयक महेंद्र सिंह रौतेला ने किया साथ ही कार्यक्रम में पीपीटी के माध्यम से देवभूमि उद्यमिता योजना, उद्यमिता के विभिन्न आयाम, उत्तराखंड में उद्यमिता के विस्तार क्षेत्र एवं संभावनाएं, हिम टिहरी तथा डिजिटल नोमाड विलेज, हेरिटेज टूरिज्म, एग्रो प्रोसेसिंग व लेंसकार्ट जैसे सफल उद्यमों की चर्चा की गई वहीं डा.. केतकी तारा कुमैया ने विद्यार्थियों को एक सफल उद्यमी बनने के गुर भी सिखाए साथ ही विद्यार्थियों की अभिरुचियों का मूल्यांकन करने के लिए एक लघु परीक्षा भी आयोजित कर प्रामाण पत्र बांटे गए। इस दौरान प्राचार्य प्रो. पुष्पेश कुमार पांडेय, नोडल अधिकारी डा. केतकी तारा कुमैया, डा. पूनम, प्रीति, सुनीता भट्ट, भूपेंद्र, अरुण, गिरीश, धर्मेंद्र गिरी, विकास कोली, धर्मेंद्र, प्रवेश, मोि. हत बिमला, लकी, बबली, भावना, गीता, किरण, कोमल, दीपा, ज्योति, प्रेरणा, शीतल, पूनम, दीपक तथा दिव्या समेत कई छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### शुभम आईआईटी में बने सहायक प्राध्यापक

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर नैनीताल के भूविज्ञान विभाग के शोधार्थी डा. शुभम चौधरी का चयन भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान



भुवनेश्वर में सहायक प्राध्यापक लिए हुआ है। बता दें डा. शुभम चौधरी जोकि विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. संतोष कुमार के निर्देशन में कार्यरत रहे हैं ने मेघालय के सुखवैली क्षेत्र में पाए जाने वाले मैफिक एवं अल्ट्रामैफि क शैलों तथा उनसे संबंधित खनिजीकरण पर महत्वपूर्ण शोध कार्य किया है। उनका यह शोध कार्य भूविज्ञान के क्षेत्र में विशेष महत्व रखता है।प्रो. संतोष कुमार ने इस कामयाबी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि चौधरी की यह सफलता विभाग के लिए प्रेरणास्रा. ेत है और इससे अन्य शोधार्थियों को भी उच्च गुणवत्ता वाले शोध के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। कुलपति प्रो. (कर्नल) दीवान सिंह रावत व विश्वविद्यालय परिवार ने शुभम चौधरी को इस उपलबधि के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### बीडीसी सदस्य ने जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** पाटकोट के बीडीसी सदस्य अजय कुमार ने गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी की शिकायत करते हुए कोटाबाग पुलिस चौकी में लिखित तहरीर दी है। अजय कुमार ने बताया कि शुक्रवार को लीलाराम, उसकी पत्नी और गिरीश चंद्र ने बाहर से गुंडों को बुलाकर उन्हें और उनके परिवार को गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। अजय कुमार ने तहरीर में कहा कि यदि भविष्य में उन्हें, उनके परिवार या उनकी बुआ मीना देवी और उसके परिवार को कोई नुकसान होता है, तो इसके लिए लीलाराम और उसके साथी जिम्मेदार होंगे। चौकी इंचार्ज देवेंद्र सिंह राणा ने बताया कि उक्त परिवार के बीच जमीन का विवाद चल रहा है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है और तहरीर के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# अधिवक्ता समाज के पथ प्रदर्शक: सांसद

## नैनीताल जिला बार एसोसिएशन के नवनियुक्त पदाधिकारियों को अजय भट्ट ने दिलाई शपथ

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिला बार एसोसिएशन नैनीताल की नवनियुक्त कार्यकारिणी का भव्य शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार को आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अजय भट्ट रहे, जबकि विशिष्ट अतिथियों में पूर्व विधायक डा. नारायण सिंह जंतवाल तथा पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल रही। इससे पूर्व समारोह का शुभारंभ अतिथियों की ओर से दीप प्रज्वलन कर किया, जिसके बाद जिला जज एवं एसोसिएशन के संरक्षक प्रशांत जोशी ने एसोसिएशन के नवनियुक्त अध्यक्ष अरुण सिंह बिष्ट, सचिव संजय सुयाल, उपाध्यक्ष कमल चिलवाल, संयुक्त सचिव



नीरज गोस्वामी तथा कार्यकारिणी सदस्य तारा आर्या, सरिता बिष्ट, प्रेमा आर्या, निर्मल कुमार एवं मोहम्मद बिलाल को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई जिसके बाद पदाधिकारियों ने विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। मुख्य अतिथि अजय भट्ट ने सभी नवनियुक्त पदा. धिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए अधिवक्ताओं को समाज का पथप्रदर्शक बताया। उन्होंने कहा कि वे स्वयं भी नैनीताल जिला बार के आजीवन सदस्य हैं और इस पर उन्हें गर्व है साथ ही अधिवक्ता हितों के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन देते हुए सांसद निधि से चैंबर निर्माण के लिए 5 लाख रुपए की घोषणा की। विशिष्ट अतिथियों ने भी पदा. धिकारियों को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष अरुण सिंह बिष्ट ने कहा कि उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारी को वे पूर्ण निष्ठा के साथ निभाएंगे और अधिवक्ता हित सर्वोपरि रहेगा वहीं सचिव संजय सुयाल ने बताया कि 100 वर्ष से अधिक पुराने बार भवन के जीर्णोद्धार को प्राथमिकता दी जाएगी तथा तहसील परिसर में अधिवक्ताओं के लिए चैंबर मुहैया कराने के प्रयास किए जाएंगे। इस दौरान सीनियर सिविल जज हर्ष यादव, एसोसिएशन के निर्वितमान अध्यक्ष भगवत प्रसाद समेत मनीष मोहन जोशी, दीपक रुवाली, शिवांशु जोशी, सोहन तिवारी, नीरज साह समेत कई अधिवकता मौजूद थे।

# निचली अदालत के दोषी हाई कोर्ट से बरी

## हत्या के मामले में आरोपी तीन लोगों को उच्च न्यायालय से राहत

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण निर्णय जारी करते हुए हत्या के मामले में निचली अदालत से दोषी तीन लोगों को बरी कर दिया है। तीनों आजीवन कारावास की सजा काट रहे थे।तीनों की अपील पर न्यायमूर्ति रवींद्र मैठाणी और न्यायमूर्ति सिद्धार्थ साह की खंडपीठ में हुई। मामला हरिद्वार जिले के लक्सर कोतवाली से जुड़ा है जिसमें निचली अदालत ने नरेंद्र, पप्पू गुज्जर और प्रवीण बाल्मीकि को हत्या का दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई थी।

आरोपियों पर भारतीय दंड संहिता की धारा 302, 307 तथा 120 बी तथा 504 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने पाया कि अभियोजन पक्ष आरोपों को संदेह से परे साबित करने में असफल रहा।

अदालत ने कहा कि मामले में प्रस्तुत गवाहों के बयान आपस में विरोधाभासी हैं और जांच प्रक्रिया में गंभीर खामियां रही हैं। विशेष रूप से पहचान परेड न कराना और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य पेश न करना जांच को कमजोर बनाता है। अदालत ने यह भी पाया कि प्रवीण बाल्मीकि को हथियार अधिनियम के तहत दोषी ठहराने के मामले में उचित कार्रवाई नहीं की गई जो एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया संबंधी त्रुटि है।

इन सभी तथ्यों को देखते हुए हाईकोर्ट ने नरेंद्र, पप्पू गुज्जर और प्रवीण बाल्मीकि को सभी आरोपों से बरी कर दिया साथ ही राज्य सरकार द्वारा इसी मामले में बरी किए गए सुशील के खिलाफ दायर अपील को भी खारिज कर दिया है। कोर्ट ने प्रवीण बाल्मीकि की तत्काल रिहाई के भी आदेश दिए हैं। नरेंद्र और पप्पू गूर्जर पहले से ही जमानत पर रिहा हैं।

### 17 अप्रैल तक रिपोर्ट पेश करे सरकार

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय में हल्द्वानी में क्रिकेट लीग कराए जाने के नाम पर धोखाधड़ी के मामले में मुख्य आरोपी विकास ढाका की पुलिस द्वारा नियम विरुद्ध तरीके से की गई गिरफ्तारी पर रोक लगाए जाने को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ ने राज्य सरकार से कहा है कि मामले की जाँच में अभी तक कया प्रगति हुई है। उसकी रिपोर्ट कोर्ट में 17 अप्रैल तक पेश करें साथ में कोर्ट ने अगली सुनवाई हेतु 17 अप्रैल की तिथि नियत की है। पूर्व के आदेश पर आज खेल सचिव अमित सिन्हा कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश हुए। उनके द्वारा कोर्ट को अवगत कराया कि उनका कार्य खेल कराने के लिए मैदान उपलबध कराना है। खेल फ्रैंचाईजी प्राईवेट कंपनियां कराती है। उसका लेना देना उनसे नहीं है। अगर कोई घपला होता है तो पुलिस उसपर मुकदमा दर्ज करती है। जिसपर कोर्ट ने हुई धोखाधड़ी जांच की प्रगति रिपोर्ट कोर्ट में पेश करने को कहा है।

### राज्य सरकार को दो हफ्ते की मोहलत

**नैनीताल।** हाईकोर्ट ने एचएनबी विश्वविद्यालय से संबद्ध कालेजों के मामले में दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने राज्य सरकार से दो सप्ताह में जवाब देने को कहा है। देहरादून निवासी रविंद्र जुगरान की ओर द्वारा दायर अवमानना याचिका पर न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की पीठ में सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता की ओर से आरोप लगाया गया कि हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच के स्पष्ट निर्देशों और राज्य व केंद्र सरकार के बीच हुए समझौते के बावजूद हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय से संबद्ध कालेजों का रखरखाव राज्य सरकार द्वारा नहीं किया जा रहा है। कोर्ट ने राज्य सरकार को दो सप्ताह के अंदर जवाब पेश करने को कहा।

## मां पाषाण देवी मंदिर में दी 101 महिलाओं को सामूहिक भिटौली

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**



**नैनीताल।** नैनीताल के प्रसिद्ध श्री मां पाषाण देवी मंदिर में चैत्र मास के पावन अवसर पर शुक्रवार को एक भव्य भिटौली कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 101 महिलाओं को सामूहिक भिटौली दी गई। मां पाषाण देवी मंदिर नैनीताल व जीवन वर्षा केंद्र भवाली की ओर से यह कार्यक्रम किया गया। मुख्य पुजारी जगदीश चंद्र भट्ट ने बताया कि मां पाषाण देवी के नाम पर यह सामूहिक भिटौली कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें उन महिलाओं को भिटौली दी जाती है जिन्हें भिटौली देने वाला कोई भी नहीं है। जीवन वर्षा केंद्र की अध्यक्ष डा. प्रगति जैन ने बताया कि यह कार्यक्रम उनकी ओर से बीते पांच सालों से आयोजित किया जा रहा है जिसमें इस साल 101 महिलाओं को भिटौली दी गई। इस दौरान महिलाओं ने मंदिर में भजन कीर्तन किए।

## सांसद से मिले डिप्लोमा इंजीनियर



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** हड़ताली उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ ने शुक्रवार को नैनीताल प्रवास पर पहुंचे सांसद अजय भट्ट को 27 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। सांसद ने तत्काल सचिव स्तर पर वार्ता कर जल्द समाधान का आश्वासन दिया और मुख्यमंत्री से भी बात करने को कहा। इससे पूर्व शुक्रवार को हड़ताली डिप्लोमा इंजीनियरों ने नैनीताल की लोअर मालरोड में 2018 की आपदा से क्षतिग्रस्त सड़क पर चल रहा माइक्रो पाइलिंग का काम रुकवा दिया। महासंघ के शाखा अध्यक्ष दीप चौधरी ने बताया कि जब तक मांगें नहीं मानी जातीं हड़ताल जारी रहेगी। सदस्यों ने कहा कि हड़ताल से आम जनता प्रभावित हो रही है लेकिन सरकार सुध नहीं ले रही है। इस दौरान विपिन पुरोहित, बीपी उनियाल, राजेंद्र गिरी, तुला राम टम्टा, गोविन्द सिंह जनोटी, वेद प्रकाश, जीबी जोशी तथा विवेक धर्मशत्तू आदि मौजूद मौजूद रहे।

# ग्राफिक एरा में विशेषज्ञ व्याख्यान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**भीमताल।** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल परिसर में टेक टॉक पहल के अंतर्गत जेन एआई फॉर एवरीवन विषय पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान सह हैंड्स.ऑन प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डा. अमित आर. भट्ट द्वारा सभी संकाय सदस्यों के लिए संचालित किया गया। सत्र के दौरान प्रो. भट्ट ने जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का विस्तृत और सरल परिचय देते हुए विशेष रूप से बड़े भाषा मॉडल एलएलएम की कार्यप्रणाली को समझाया। उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विकासक्रम और इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हाल के वर्षों में हुई प्रगति का मुख्य कारण कंप्यूटिंग क्षमता में वृद्धि है। इस संदर्भ में उन्होंने



लॉगरिथमिक तालिकाओं के उपयोग के अपने अनुभव साझा किएए जिससे यह स्पष्ट हुआ कि पहले सीमित संसाधनों में भी जटिल समस्याओं का समाधान कैसे किया जाता था। सत्र में दक्षता कर टोकन सीमा, उत्तर संबंधी सीमाएं और सुरक्षा तंत्र जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी चर्चा की गई। उन्होंने अटेंशन लेयर की भूमिका को स्पष्ट करते हुए बताया कि यह अगला शब्द या टोकन निर्धारित करने में कैसे मदद करती है। प्रो. भट्ट ने जेन एआई के व्यावहा. रिक उपयोगों पर प्रकाश डालते हुए यह भी कहा कि इसके प्रभावी उपयोग के लिए बुनियादी समझ आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने गुरुकुल परंपरा का उल्लेख करते हुए शिक्षक की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि एआई टूल्स जितने भी उन्नत कयों न हों छात्रों के समग्र विकास के लिए मार्गदर्शन तथा अनुभव और व्यक्तिगत सीख अत्यंत आवश्यक है।

# 'नशे से दूर जिन्दगी से जुड़ें'

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** जिलाधिकारी नैनीताल के निर्देशों के अनुपालन में तहसील कालाढूंगी में उप जिलाधिकारी विपिन चन्द्र पंत के नेतृत्व में एक संयुक्त जागरूकता अभियान नशे से दूर जिंदगी से जुड़ें चलाया गया। इस अभियान में राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, चिकित्सा विभाग, समाज कल्याण विभाग और प्रोबेशन विभाग की टीमें शामिल हुईं। अभियान का मुख्य उद्देश्य कालेज, स्कूल और कोचिंग सेंटर के आसपास स्थित दुक. ानों में नशे के खिलाफ सघन चेकिंग करना था। अभियान के दौरान, राजकीय पॉलिटेक्निक कालेज कालाढूंगी के पुरुष और महिला छात्रावासों में कोई नशा संबंधित प्रकरण सामने नहीं आया। छात्रावास में उपस्थित छात्रों को यह हिदायत दी गई कि यदि उनके आसपास किसी भी प्रकार का नशा देखा जाए, तो वे तुरंत पुलिस विभाग को सूचित करें। इसके अलावा, उप जिलाधिकारी ने छात्रों को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक किया। कालेज परिसर में स्थित भोजनालय का निरीक्षण भी किया गया, जहां गंदगी पाई गई। इस पर कालेज के प्राचार्य को सख्त चेतावनी दी गई और भोजन की गुणवत्ता तथा साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी गई। इसके अलावा,



कालाढूंगी स्थित कुंवर क्लासेस कोचिंग सेंटर का भी निरीक्षण किया गया, जहां नशे से संबंधित कोई भी मामले सामने नहीं आए। वहीं, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के सामने स्थित दो दुकानों पर बीड़ी, सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद पाए गए। इस पर पुलिस द्वारा चालानी कार्रवाई की गई और दुकानदारों को चेतावनी दी गई कि भविष्य में वे स्कूल और कालेज के निकट तंबा. कू उत्पादों का विक्रय न करें। इस अभियान में उप जिला. धिकारी विपिन चन्द्र पंत, एसएसआई कोतवाली पंकज जोशी, चिकित्साधिकारी डा. मदन बनवाल, सहायक समाज कल्याण अधिकारी योगेश पाण्डे, और प्रोबेशन विभाग हल्द्वानी से सूरज कुमार भी उपस्थित थे।

## गैस गोदाम का निरीक्षण किया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उच्चाधिकारियों के निर्देश पर क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट द्वारा भीमताल पाण्डेगाँव स्थित कुमाऊँ मंडल विकास निगम के गैस गोदाम भीमताल गैस सर्विस का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। बिष्ट के मुता. बिक निरीक्षण के दौरान गोदाम में रमेश सिंह बिष्ट स्टोर कलर्क और सहायक




मनोज गंगोला मौजूद थे। गैस गोदाम का निरीक्षण करने पर गोदाम में घरेलू सिलेंडर भरे हुए 179 सिलेंडर तथा 19 किलोग्राम के व्यवसायिक सिलेंडर 58 तथा 10 किलोग्राम के घरेलू सिलेंडर 28 तथा 5 किलो के एफटीएल 14 और 5 किलो के 14 सिलेंडर गोदाम में उपलबध पाए गए। स्टोर क्लर्क रमेश सिंह बिष्ट से आज की प्राप्ति और वितरण के संबंध में जानकारी प्राप्त करने पर उनके द्वारा अवगत कराया गया कि आज 438 घरेलू सिलेंडर का स्टॉक प्राप्त हुआ था जिसमें से आज विभिन्न क्षेत्रों में 325 घरेलू सिलेंडर वितरित किए गए। इसी प्रकार 11 व्यवसायिक सिलेंडर विभिन्न प्रतिष्ठानों को वितरित किए गए। मौके पर एआरओ बिष्ट द्वारा उच्चाधिकारियों के आदेश के अनुसार सभी उपभोक्ताओं को निर्धारित रोस्टर के अनुसार होम डिलीवरी कर गैस सिलेंडर मुहैया कराने की हिदायत दी गई।

## कार्यालय जिला पंचायत, उत्तरकाशी

पत्रांक : 101/निर्माण/2025-26 दिनांक : 10.04.2026

**निविदा सूचना (Tender Notice)**

जिला पंचायत, उत्तरकाशी द्वारा ''विधायक निधि/ यात्रा व्यवस्था / जिला निधि'' में निर्माण हेतु उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली, 2025 के अध्याय-4 में विहित प्रावधानं (प्रस्तर 4.4.2) के अनुरूप, जिला पंचायत में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से सीमित निविदा पृच्छा' (Limited Tender Enquiry) आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | विकास खण्ड | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर राशि (2%) | निविदा शुल्क + GST (18%) | कार्य अवधि | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **विधायक निधि** | | | | | | | |
| 1. | विकासखण्ड मोरी के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सरास के सल्ला से मेयण्डा तक पैदल सम्पर्क मार्ग का मरम्मत कार्य। | मोरी | 3.50 | 7000 | 500 | 1 माह | AB |
| **यात्रा व्यवस्था** | | | | | | | |
| 2. | जानकीचट्टी में घोड़ा पड़ाव का नव निर्माण कार्य। | नौगांव | 10.00 | 20000 | 10000 | 2 माह | A |
| 3. | कुथनौर में शौचालय निर्माण कार्य | नौगांव | 3.00 | 6000 | 500 | 1 माह | AB |
| 4. | स्यानाचट्टी में शौचालय का निर्माण कार्य | नौगांव | 3.00 | 6000 | 500 | 1 माह | AB |
| **जिला निधि** | | | | | | | |
| 5. | रानाचट्टी में शौचालय का निर्माण कार्य | नौगांव | 3.00 | 6000 | 500 | 1 माह | AB |

**निविदा समय-सारणी-**
1. निविदा प्रपत्र विक्रय प्रारम्भ तिथि: (दिनांक 13.04.26)
2. निविदा प्रपत्र विक्रय की अन्तिम तिथि: (दिनांक 2.5.04.26) (सांय 5:00 बजे तक)
3. निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि: (दिनांक 27.04.26) (अपराह् 2:00 बजे तक)
4. निविदा खोलने की तिथि: (दिनांक 27.04.26) (अपराह् 2:30 बजे)

**निविदा की शर्ते एवं नियम (Terms & Condition)**

1. पंजीकरण एवं अर्हता: निविदा में केवल वही ठेकेदार भाग ले सकते हैं जिनका जिला पंचायत में वर्ष 2025-26 हेतु विधिवत पंजीकरण वैध हो। निविदा के साथ पंजीकरण प्रमाण पत्र, पैन कार्ड एवं आधार कार्ड की सत्यापित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
2. जी०एस०टी० अदेयता (अनिवार्य): उत्तराखण्ड शासन, वित्त अनुभाग के पत्र संख्या 223817 दिनांक 10.07.2024 के अनुपालन में, निविदा के साथ जी०एस०टी० अदेयता प्रमाण पत्र (GST No Dues Certificate) तथा समस्त देय विवरण (Return) जमा होने का साक्ष्य प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। इसके अभाव में निविदा 'गैर-प्रतिक्रियाशील' (Non & Responsive) मानी जाएगी।
3. धरोहर राशि (EMD): प्रत्येक निविदादाता द्वारा कार्य हेतु (अनिवार्यत:) उक्तानुसार निर्धारित धरोहर राशि (2%) 'अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत उत्तरकाशी के नाम बन्धक एफ.डी.आर. (FDR), सी.डी.आर. (CDR) या बैंक गारंटी के रूप में संलग्न करनी होगी।
4. निविदा निरस्तीकरण: अधोहस्ताक्षरी/अध्यक्ष जिला पंचायत को यह अधिकार सुरक्षित होगा कि वह बिना कोई कारण बताये किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को अधिप्राप्ति नियमावली 2025 के प्रस्तर नियम 2.2.15 के अधीन निरस्त कर सकती हैं।
5. अन्य शर्ते किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय के नोटिस बोर्ड में देखी जा सकती है।

**अपर मुख्य अधिकारी**
**जिला पंचायत, उत्तरकाशी**

# खिलन जोशी ने चारशॉट से जीता आंध्र ओपन का खिताब

**विशाखापत्तनम, वार्ता।** खिलन जोशी ने विशाखापट्टनम के ईस्ट पॉइंट गोल्फ क्लब में खेले गए 1 करोड़ रुपए के आंध्र ओपन गोल्फ चैंपियनशिप 2026 में दो-अंडर 69 का स्कोर बनाते हुए अपना सातवां पेशेवर खिताब जीता। 33 वर्षीय बेंगलुरु के खिलन (68-68-70-69) ने कुल नौ-अंडर 275 के स्कोर के साथ चार शॉट के आरामदायक अंतर से जीत दर्ज की। इस जीत से उन्हें 15 लाख रुपए की पुरस्कार राशि मिली और वे 2026 डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में 55वें स्थान से 12वें स्थान पर पहुंच गए, जबकि उनकी सीजन कमाई 18,13,875 रुप हो गई। चंडीगढ़ के अक्षय शर्मा (70-70-74-65), जो टूर पर दो बार के विजेता हैं, ने अंतिम राउंड में कोर्स रिकॉर्ड छह-अंडर 65 का स्कोर बनाकर 13वें स्थान से छलांग लगाई और कुल पांच-अंडर 279 के साथ उपविजेता रहे, जो विजेता से चार शॉट पीछे थे। जोशी ने अंतिम राउंड की शुरुआत सात-अंडर पर तीन शॉट की बढ़त के साथ की और दो-अंडर 69 का स्कोर बनाते हुए पांच बर्डी और तीन बोगी के साथ खिताब अपने नाम किया। यह उनकी अगस्त 2022 में कोयंबटूर के बाद 44 महीनों में पहली जीत रही। अपने प्रदर्शन पर जोशी ने कहा कि मैं खासकर बैक-नाइन पर थोड़ा नर्वस था, लेकिन मैंने धैर्य बनाए रखा और अपनी प्रक्रिया पर भरोसा किया। शुरुआत वैसी नहीं रही जैसी मैं चाहता था, लेकिन मैं अपने एप्रोच पर कायम रहा और अच्छी वापसी की। मुझे इस बात पर गर्व है कि मैंने दबाव में संयम बनाए रखा और राउंड अच्छे से खत्म किया। पूरे हफ्ते मेरी बॉल- स्ट्राइकिंग मजबूत रही-मैंने हवा में अच्छा कंट्रोल रखा, ड्राइविग लगातार अच्छी रही और काफी ग्रीन्स हिट किए। पटिंग मेरी सबसे अच्छी नहीं थी, लेकिन ग्रीन्स हिट करना ही फर्क बना। उपविजेता अक्षय शर्मा के कोर्स रिकॉर्ड अंतिम राउंड 65 में सात बर्डी और एक बोगी शामिल रही। उनकी पांच बर्डी बैक-नाइन पर आईं।

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, (वि./यॉ.) ग्रामीण निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड
तपोवन मार्ग, रायपुर रोड, देहरादून

पत्रांक : 34/35/ग्रा.नि.वि./निविदा सूचना/2026-27 दिनांक 10.04.2026

**''ई- निविदा आमंत्रण सूचना-02/अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या-03''**

अधिशासी अभियन्ता(वि0/यॉ0) ग्रामीण निर्माण विभाग उत्तराखण्ड देहरादून द्वारा विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों कॉलम 08 के अनुसार निम्नलिखित कार्य को पूरा करने के लिए दिनांक 27.04.2026 को अपराह्न 12.00 बजे तक निविदा आमंत्रित करता है। निविदा से संबंधित मूल अभिलेख उसी दिन अपराह्न 12.00 बजे तक ऑनलाइन अपलोड करना अनिवार्य होगा तथा कैम्प कार्यालय अधिशासी अभियंता(वि0/यॉ) भीमताल नैनीताल में निविदा उसी दिन अपराह्न 12.30 बजे ऑनलाइन खोली जायेगी। क्रं0 सं0 2 पर अंकित ऑफलाइन निविदा का विक्रय दिनांक 25.04.2026 को 4.00 बजे सांय तक कैम्प कार्यालय अधिशासी अभियंता(वि0/यॉ) भीमताल, नैनीताल से किया जायेगा। तथा दिनांक 27.04.2026 को 12.00 बजे आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन अपराह्न 12.30 बजे अधोहस्ताक्षरी के द्वारा प्राविकृत द्वारा निविदाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र0 गसं 0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी0एस0टी0 रहित | धरोहर धनराशि | निविदाप्रपत्र का मूल्य एवं जी0एस0 टी0 | कार्यपूर्णकर ने की अवधि | निविदा की वैधता | ठेकेदारहेतु श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | पर्यटन स्थल का विकास एवं सौंदर्यीकरण मद अंतर्गत कोसी बैराज में पर्यटकों हेतु स्थल विकास से संबंधित अवस्थापना कार्य। | 26,85,195.00 | 81,000.00 | 2000.00 + 18%GST | 12 माह | 60 दिन | 'ए' विद्युतीकरण |
| 1. | Internal electrification in District Library at Rudrapur(U.S. Nagar) | 1534548.00 | 47000.00 | 1500.00 + 18%GST | 12 माह | 45 दिन | 'ए'श्रेणी |

**-:निविदा की शर्तें:-**

1 उक्त कार्य की जानकारी अधिशासी अभियन्ता(वि0/यॉ0) ग्रामीण निर्माण विभाग उत्तराखण्ड देहरादून के कार्यालय में दिनांक 27.04.2026 से पूर्व किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

(इं. तहसीन अहमद)
अधिशासी अभियन्ता,(वि./यॉ.)
ग्रामीण निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड देहरादून

## कार्यालय नगर निगम रुड़की, जनपद हरिद्वार, (उत्तराखण्ड)
दूरभाष नम्बर: 01322 - 272666 ई-मेल आई0डी0-nagarnigamroorkee@gmail-com

पत्रांक:-02/प0प्र0 अनु0/ई0-निविदा /न0नि0रुड़की/2026-27 दिनांक:-10/04/2026

Press Note

**E-TENDER NOTICE**

Nagar Nigam Roorkee invites open E-Tenders in Two Bid System for **"for reaire and paint 4.5 cubic meter and 1.1 cubic meter distubeen."** Tender filling details are given below:-

| SR. NO. | Bid Publish Date | Bid Submission Starting date | Bid Submission End date | Bid Opening Date |
|---|---|---|---|---|
| 01. | 11/04/2026 | 16/04/2026 | 24/04/2026 | 25/04/2026 |

Note:-
1- For More Details visit to www.uktenders.gov.in.
2- All the Bidder should read the terms & Conditions of the tender before the filling. As per the tender conditions technical analysis will be done by section.

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम रुड़की

खेल विशेष

# टी-20 विश्वकप कप से पहले पाकिस्तान करेगा जिम्बाब्वे की मेजबानी

**हरारे, वार्ता।** आगमी महिला टी-20 विश्वकप से पहले जिम्बाब्वे की महिला टीम पाकिस्तान में छह मैचों की सफेद गेंद सीरीज खेलेंगी। यह पहली बार होगा जब जिम्बाब्वे की महिला टीम इस उपमहाद्वीप के देश का दौरा करेगी। इस सीरीज में तीन एकदिवसीय और तीन टी-20 मैच शामिल हैं, प सभी कराची के नेशनल बैंक स्टेडियम में खेले जाएंगे।आईसीसी के अनुसार, जिम्बाब्वे की टीम 29 अप्रैल को कराची पहुंचेगी। इसके बाद, तीन मई को एकदिवसीय मैचों के साथ दौरे की शुरुआत होगी। इसके बाद 12 मई से टी-20 सीरीज की शुरुआत होगी। तीनों एकदिवसीय मैच आईसीसी महिला चैंपियनशिप 2025-29 का हिस्सा होंगे, जबकि टी-20 मैच पाकिस्तान के लिए इस साल के आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप से पहल तैयारी के लिहाज से बेहद अहम होंगे। आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 12 जून से शुरू होगा। इस बड़े टूर्नामेंट से पहले, पाकिस्तान आयरलैंड का दौरा भी करेगा, जहां वह मेजबान टीम और वेस्टइंडीज के साथ मिलकर एक टी-20 त्रिकोणीय सीरीज में हिस्सा लेगा।

# आर्यना सबालेंका स्टटगार्ट ओपन से हटीं

**स्टटगार्ट (जर्मनी), वार्ता।** विश्व की नंबर एक महिला खिलाड़ी आर्यना सबालेंका चोट के कारण स्टटगार्ट ओपन से हट गई हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया कि मुझे यह बताते हुए बहुत दुख हो रहा है कि मैं इस साल पोर्श टेनिस ग्रां प्री में नहीं खेल पाऊंगी। दुर्भाग्य से, मियामी के बाद मुझे चोट लग गई, और हालांकि मैंने समय पर ठीक होने के लिए हर संभव कोशिश की, लेकिन मैं अभी मुकाबले के लिए तैयार नहीं हूं। सबालेंका पिछले महीने 'सनशाइन डबल' जीतने वाली सिर्फ पांचवीं महिला खिलाड़ी बनीं, जब उन्होंने इंडियन वेल्स में अपनी जीत के बाद मियामी में भी सफलता हासिल की। बेलारूस की यह खिलाड़ी, जो स्टटगार्ट में चार बार उपविजेता रही हैं, उनकी जगह इस टूर्नामेंट में पोलैंड की मैग्डालेना फेच लेंगी। यह टूर्नामेंट सोमवार से शुरू हो रहा है।

# विश्वनाथ ने जीता गोल्ड, पांच स्वर्ण के साथ भारतीय अभियान समाप्त

**उलानबटोर, वार्ता।** भारतीय पहलवान विश्वनाथ सुरेश ने एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2026 में पुरुषों के 50 किंग्रा भार वर्ग में जापान के दाइची इवाई को 5-0 के बड़े अंतर से हराकर स्वर्ण पदक जीता। इसी के साथ भारत ने पांच स्वर्ण पदकों के साथ अपने अभियान का समापन किया। सचिन (60 किलोग्राम) भार वर्ग में भी कड़ी टक्कर देते हुए रजत पदक जीता। चैंपियनशिप में भारत पांच स्वर्ण पदकों, कजाकिस्तान से एक कम, के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर रहा। हालांकि भारत ने कुल मिलाकर सबसे अधिक 16 पदक जीते। इस प्रदर्शन की मुख्य बात भारतीय महिला टीम का ऐतिहासिक प्रदर्शन रहा।

# हॉकी इंडिया ने टिम व्हाइट को जूनियर महिला हॉकी टीम का कोच बनाया

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को आधिकारिक तौर पर टिम व्हाइट को भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम का कोच नियुक्त कर दिया। ऑस्ट्रेलियाई के टिम व्हाइट ने हाल ही में जनवरी 2026 में हॉकी इंडिया लीग (हीरो एचआईएल) में अकॉर्ड तमिलनाडु ड्रैगन्स के मुख्य कोच के रूप में काम किया था। अब वह भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के कोच की भूमिका संभालेंगे। उनका मुख्य लक्ष्य अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सितारों की अगली पीढ़ी को तैयार करना है। भारत आने से पहले, व्हाइट बेल्जियम की अंडर-21 महिला टीम के कोच थे, और उन्होंने दिसम्बर में हुए 2025 जूनियर विश्व कप में टीम को कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। 2021 से 2024 के बीच, वह बेल्जियम की राष्ट्रीय महिला टीम के कोचिग स्टाफ का भी एक अहम हिस्सा थे। इस दौरान टीम ने अपनी विश्व रैंकिंग में जबरदस्त सुधार करते हुए 12वें स्थान से तीसरे स्थान पर जगह बनाई, और विशेष रूप से 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों के सेमीफाइनल तक का सफर तय किया। अपनी नियुक्ति को लेकर टिम व्हाइट ने कहा कि हाल ही में तमिलनाडु ड्रैगन्स के कोच के तौर पर भारत में समय बिताने के बाद, मैं इस देश के जबरदस्त जुनून और हॉकी की समृद्ध संस्कृति से एक बार फिर यहां खिचा चला आया। मैंने जूनियर वर्ल्ड कप में भारत के खिलाफ कोचिग करते हुए यहां की युवा प्रतिभा को करीब से देखा है, और ऐसे जुनूनी खिलाड़ियों के साथ एक फुल-टाइम प्रोग्राम में काम करने का मौका मिलना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मेरा लक्ष्य ऐसे तकनीकी रूप से दक्ष खिलाड़ी तैयार करना है, जो जूनियर और सीनियर टीम के बीच के अंतर को पाटने और सीनियर टीम में अपनी जगह बनाने के लिए पूरी तरह तैयार हों।

## AXIS BANK LTD.

**गिरवी रखी गई सोने के आभूषणों की ई-नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना**

उधारकर्ताओं को, विशेष रूप से और आम जनता को, यह सूचित किया जाता है कि नीचे दिए गए खातों में गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी एक्सिस बैंक द्वारा नीचे उल्लिखित शाखा में आयोजित की जाएगी।
नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं ने बैंक के पक्ष में सोने के आभूषण गिरवी रखकर (''स्वर्ण ऋण सुविधा'') **एक्सिस बैंक** लिमिटेड से ऋण सुविधा का लाभ उठाया है। ऋण लेने वालों/गारंटरों को मांग नोटिस जारी किए गए थे, जिसमें उनसे लिए गए स्वर्ण ऋण की बकाया राशि का भुगतान करने का अनुरोध किया गया था। चूंकि ऋण लेने वाले/गारंटर बकाया ऋण राशि का भुगतान करने में विफल रहे हैं, इसलिए बैंक को गिरवी का उपयोग करने के लिए विवश होना पड़ा है और उसने गिरवी रखे गए स्वर्ण आभूषणों की ई-नीलामी आयोजित करने का प्रस्ताव दिया है, जिसका विस्तृत विवरण नीचे दी गई संपत्ति की अनुसूची में दिया गया है। यह नीलामी **11.05.2026** को दोपहर **11:00 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक ''जैसा है, जहां है'', ''जैसा है, जो है'', ''जो कुछ भी है'' और ''कोई सहारा नहीं''** के आधार पर होगी।

**उधारकर्ताओं का विवरण और बकाया राशि**

| ग्राहक का नाम | लोन खाता नंबर | बकाया राशि (रु. में) | रिकॉल नोटिस की तिथि | सकल वजन | शुद्ध वजन |
|---|---|---|---|---|---|
| **बी.ओ.:- बाजपुर (यूटी)** | | | | | |
| श्रद्धा सिंह अग्नि | XXXXXXXXXXX6091 | ₹ 10,78,711.43 | 19-03-2026 | 186.000 | 183.300 |
| जयपाल सिंह | XXXXXXXXXXX2728 | ₹ 1,51,945.31 | 19-03-2026 | 34.800 | 25.100 |
| **बी.ओ.:- देहरादून (यूटी)** | | | | | |
| राघव गुप्ता | XXXXXXXXXXX0301 | ₹ 20,25,717.00 | 19-12-2025 | 308.100 | 305.600 |
| रितु आर्य | XXXXXXXXXXX6555 | ₹ 6,29,321.00 | 06-01-2025 | 130.200 | 128.400 |
| **बी.ओ.:- गंगूवाला, उधा जेएसपी यूटी** | | | | | |
| रवि कुमार | XXXXXXXXXXX9345 | ₹ 18,63,543.93 | 19-12-2025 | 267.000 | 250.700 |
| सागर कुमार | XXXXXXXXXXX6088 | ₹ 3,47,300.00 | 23-01-2026 | 59.900 | 50.100 |
| **बी.ओ.:- जीएमएस रोड, देहरादून (यूटी)** | | | | | |
| शिपेंद्र कुमार सिंह | XXXXXXXXXXX5709 | ₹ 72,691.00 | 09-02-2026 | 10.300 | 10.100 |
| पारस शर्मा | XXXXXXXXXXX9890 | ₹ 56,316.00 | 09-03-2026 | 8.480 | 7.780 |
| **बी.ओ.:- हरिद्वार (यूटी)** | | | | | |
| अरुण कुमार | XXXXXXXXXXX4616 | ₹ 6,26,252.00 | 09-02-2026 | 126.000 | 121.500 |
| कनिष्क वर्मा | XXXXXXXXXXX8483 | ₹ 4,06,496.00 | 16-02-2026 | 62.900 | 61.900 |
| विकास | XXXXXXXXXXX9608 | ₹ 65,763.00 | 09-03-2026 | 12.200 | 11.800 |
| **बी.ओ.:- काशीपुर (यूटी)** | | | | | |
| अंकित कुमार | XXXXXXXXXXX7188 | ₹ 4,34,794.00 | 10-12-2025 | 101.800 | 81.000 |
| नजमा परवीन | XXXXXXXXXXX0344 | ₹ 1,90,551.00 | 19-03-2026 | 45.400 | 43.500 |
| महफूज़. | XXXXXXXXXXX5389 | ₹ 1,78,166.00 | 09-03-2026 | 24.200 | 23.400 |
| **बी.ओ.:- रूड़की (यूटी)** | | | | | |
| शमीम | XXXXXXXXXXX4209 | ₹ 2,41,278.00 | 10-01-2026 | 36.800 | 35.600 |
| अभिषेक | XXXXXXXXXXX2866 | ₹ 2,27,921.00 | 19-03-2026 | 30.100 | 28.800 |
| **बी.ओ.:- सहारनपुर रोड सी1498 यूटी** | | | | | |
| पुष्पेंडर बेसनेट | XXXXXXXXXXX3504 | ₹ 9,57,368.90 | 27-09-2025 | 218.140 | 214.260 |
| अमित | XXXXXXXXXXX7067 | ₹ 63,625.00 | 19-03-2026 | 9.800 | 9.400 |
| **बी.ओ.:-टिहरी यूटी** | | | | | |
| सुनील | XXXXXXXXXXX2256 | ₹ 1,26,455.00 | 10-12-2025 | 32.500 | 25.990 |

**निविदा की शर्तें एवं नियम**

नीलामी के दिन/तारीख को निविदाकर्ताओं को आधार/आरक्षित मूल्य बताया जाएगा, जिस पर नीलामी की बोलियों पर विचार किया जाएगा। केवल बैंक द्वारा प्रदान किए गए निर्धारित निविदा प्रपत्र में दी गई बोलियों/प्रस्तावों पर ही विचार किया जाएगा।
अधूरे निविदा प्रपत्र/निविदाएँ अमान्य मानी जाएँगी और अस्वीकृत की जा सकती हैं।
निविदा दस्तावेज और शर्तें उपरोक्त शाखा से प्राप्त की जा सकती हैं। विधिवत भरा हुआ निविदा दस्तावेज 11-05-2026 को कार्य समय के दौरान संबंधित शाखा अधिकारी को सौंप दिया जाना चाहिए। नियत तिथि के बाद प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा।
उक्त संपत्ति **''जैसी है जहाँ है'', ''जैसी है वैसी'', ''जो कुछ भी है'' और ''कोई सहारा नहीं''** के आधार पर बिक्री के लिए प्रस्तुत की जाती है। बैंक उक्त संपत्ति के संबंध में मानक, शुद्धता और/या किसी अन्य देय राशि, कर, यदि कोई हो, के लिए कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है।
बैंक द्वारा नीलामी की तिथि पर निविदाएं निविदाकर्ताओं की उपस्थिति में खोली जाएंगी। निविदाकर्ता उपर्युक्त तिथि और समय पर उपस्थित रहना चुन सकते हैं, ताकि वे अपनी-अपनी पेशकशें प्रस्तुत/संशोधित कर सकें।

**ऊपर उल्लिखित शाखाओं के नाम, नीलामी तिथि: 11-05-2026.**

एक बार प्रस्तुत की गई पेशकश/निविदा वापस नहीं ली जा सकती है और यदि किसी विशेष वस्तु/संपत्ति/आभूषण के लिए एक ही बोली/निविदा है, तो बोलीकर्ता को बोली राशि जमा करनी होगी।
यदि किसी विशेष वस्तु/संपत्ति/आभूषण के लिए एक से अधिक बोलियां हैं, तो बोलीकर्ताओं के बीच पारस्परिक बोली लगाई जाएगी और उच्चतम बोली लगाने वाले को सफल बोलीकर्ता घोषित किया जाएगा।
बोलीकर्ता को सभी केवाईसी दस्तावेज, जैसे पैन नंबर, पैन कार्ड, आधार कार्ड और पता प्रमाण आदि प्रस्तुत करने होंगे। बोलीकर्ता को वैध ईमेल आईडी और संपर्क नंबर भी प्रस्तुत करना होगा।
बैंक अपने विवेकाधिकार पर पेशकश को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
उक्त संपत्ति की बिक्री/बिक्री के लिए प्रस्तावित संपत्ति से उत्पन्न होने वाले किसी भी विवाद/मतभेद का निपटारा केवल मुंबई स्थित न्यायालयों/न्यायाधीशों के क्षेत्राधिकार के अधीन होगा।

**स्थान: उत्तराखंड, दिनांक: 11.04.2026** **हस्ताक्षर/-, अधिकृत अधिकारी, एक्सिस बैंक लिमिटेड**

## कार्यालय जिला पंचायत पिथौरागढ़

पत्रांक : 59/ जि0पं0 नि0अनु0/निविदा/2025-26 दिनांक : 10/04/2026

**निविदा सूचना**

जिला पंचायत, पिथौरागढ़ के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि, वित्तीय वर्ष 2025-26 में दैवीय आपदा /राज्य वित्त मद में प्राप्त धनराशि से निम्न निर्माण कार्यों हेतु दिनांक 24.04.2026 तक कार्यालय में निर्धारित शुल्क जमा कर निविदा प्राप्त की जायेंगी। प्राप्त निविदायें **दिनांक 25.04.2026 को अपरान्ह 1:00 बजे** तक ठेकेदारों/प्रतिनिधियों द्वारा निविदा बॉक्स में जमा की जायेगी तथा जमा निविदायें दिनांक 25.04.2026 को **ही अपरान्ह 3:00 बजे** निविदा समिति एवं ठेकेदारों/प्रतिनिधियों के सम्मुख खोली जायेंगी। प्रत्येक निविदा प्रपत्र पर दरों का उल्लेख अंकों तथा शब्दों अथवा प्रतिशत में करना होगा। निविदा के साथ ठेकेदार द्वारा रु0 100.00 मूल्य का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर एवं जिला पंचायत पिथौरागढ़ के ठेकेदारी पंजीकरण प्रमाण-पत्र तथा जी0एस0टी0 अदेय प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है। निविदा के साथ 2 प्रतिशत की जमानत धनराशि एन0एस0सी0/के0वी0पी0/एफ0डी0आर0 जो कि अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत पिथौरागढ़ के नाम बंधक होनी आवश्यक है। अन्य शर्तों की जानकारी हेतु किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय में आकर सम्पर्क कर सकते हैं। बिना कारण बताये किसी भी निविदा को अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार मा0 अध्यक्ष महोदय, जिला पंचायत, पिथौरागढ़ में निहित होगा।

नोट:- अवकाश की स्थिति में निविदा जमा एवं खुलने की प्रकिया उक्त तिथि से अगले कार्यालय दिवस में सम्पन्न होगी।

| क्रं. स. | कार्य का नाम | स्वीकृत धनराशि (लाख में) | जमानत की धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | जी0एस0टी0 की धनराशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | इमला मे क्षतिग्रस्त पुलिया का पुनर्निर्माण | 3.10 | 6200 | 620 | 112 | 45 दिन |
| 2 | ग्राम तोमिक के पैना से बौना जाने वाला शम्तिगाड़ में क्षतिग्रस्त पुलिया का पुनर्निर्माण | 4.40 | 8800 | 880 | 158 | 45 दिन |
| 3 | ग्राम पंचायत गोगना के तोक कंथगॉव में क्षतिग्रस्त उच्च प्राथमिक विद्यालय कंथगॉव पुनर्निर्माण कार्य | 5.40 | 10800 | 1080 | 194 | 45 दिन |
| 4 | रा0प्रा0वि0 मरोली में भवन मरम्मत कार्य | 5.80 | 11600 | 1160 | 209 | 45 दिन |
| 5 | रा0इ0का0 धारचूला में क्षतिग्रस्त दीवार रैलिंग निर्माण कार्य | 5.90 | 11800 | 1180 | 212 | 45 दिन |
| 6 | रा0प्रा0वि0 सेरी बाराकोट में भवन की छत मरम्मत कार्य | 7.50 | 15000 | 1500 | 270 | 45 दिन |
| 7 | रा0जू0हाईस्कूल बुंगा में भवन की छत मरम्मत कार्य | 9.00 | 18000 | 1800 | 324 | 45 दिन |
| 8 | रा0प्रा0 वि0 जामिरपानी मे क्षतिग्रस्त भवन मरम्मत कार्य | 5.40 | 10800 | 1080 | 194 | 45 दिन |
| 9 | गडेरा गधेरे मे आर0सी0सी0 पुलिया का एप्रोच कार्य। | 3.00 | 6000 | 600 | 108 | 45 दिन |
| 10 | मटेना पलटयानी रौली में क्षतिग्रस्त पुलिया का निर्माण | 4.20 | 8400 | 840 | 151 | 45 दिन |
| 11 | ग्राम कनारी एकल शिलिंग से मल्ला गॉव तक क्षतिग्रस्त पाईप लाईन पुनर्निर्माण | 1.40 | 2800 | 280 | 50 | 45 दिन |
| 12 | ग्राम घटगाड मे क्षतिग्रस्त पुलिया एवं पहुँच मार्ग | 3.00 | 6000 | 600 | 108 | 45 दिन |
| 13 | रा0प्रा0वि0 धौलकांडा के प्रांगण की सुरक्षा दीवार एवं आंगन का पुनर्निर्माण कार्य | 5.30 | 10600 | 1060 | 191 | 45 दिन |
| 14 | ग्राम डुबक्या गुरना को जोडने वाली पुलिया क्षतिग्रस्त का पुनर्निर्माण कार्य | 4.80 | 9600 | 960 | 173 | 45 दिन |
| 15 | इमला से इमलाधूरा तक मोटर मार्ग में सुधारीकरण कार्य। | 3.50 | 7000 | 700 | 126 | 45 दिन |
| 16 | सुखियाथौड पेयजल लाईन मरम्मत कार्य | 1.00 | 2000 | 200 | 36 | 45 दिन |
| 17 | ग्राम बांस में सैम मन्दिर के आंगन की दीवार क्षतिग्रस्त | 1.50 | 3000 | 300 | 54 | 45 दिन |
| 18 | ग्राम उर्ग अन्तर्गत मतस्य तालाब की सुरक्षा मरम्मत कार्य | 7.79 | 15580 | 1558 | 280 | 45 दिन |
| 19 | ग्राम पंचायत गिरगॉव में कीवी कलस्टर सिंचाई कार्य | 5.00 | 10000 | 1000 | 180 | 45 दिन |
| 20 | मुख्य सड़क से सातशिलिंग व पंचकोटी मन्दिर तक आन्तरिक सम्पर्क मार्ग निर्माण | 15.00 | 30000 | 3000 | 540 | 45 दिन |
| 21 | कार्यालय जिला पंचायत पिथौरागढ़ परिसर में 01 अतिरिक्त कक्ष, शौचालय एवं अन्य निर्माण कार्य | 20.00 | 40000 | 4000 | 720 | 45 दिन |

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत पिथौरागढ़

## PMGSY कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, पी0एम0जी0एस0वाई0, चम्पावत।
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, IRRIGATION.DIVISION (PMGSY), CHAMPAWAT
Phone fax 05965-230148 E-Mail; eepmgsychampawat@rediffmail.com

पत्रांक- 407/10-पी0एम0जी0एस0वाई0 **कोटेशन** दिनांक : 02/04/2026

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा पी0एम0जी0एस0वाई0, सिं0ख0, चम्पावत के अन्तर्गत निम्न कार्य के कोटेशन एजेन्सियों/आपूर्तिकर्ताओं से दिनांक- 10.04.2026 के अपराह्न 1:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिनांक को दोपहर 2:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कोटेशनदाताओं एवं उनके जन प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। कोटेशन दिनांक- 10.04.2026 के दोपहर 1:00 बजे तक सील बन्द लिफाफे में कोटेशन बॉक्स में डाली जायेगी, कोटेशन के साथ रु0 100.00 का नॉनजुडीसियल स्टाम्प पेपर मय रेवन्यू टिकट के साथ संलग्न कर अनिवार्य होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | दरें |
|---|---|---|
| 1 | प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत मा0 मुख्यमंत्री घोषणा में सेतु के निर्माण हेतु "Preparation of DPR (Details Project Report) for Construction of Bridge at Km 3.000 in Amori-Chatkot Bypas Road (about 45 Mtr. Long) at District-Champawat to all cost Survey, Investigation, Design etc. Testing and cost of vetting charge from hovement Technical Institute" | Rate given by include all tex for DPRs |
| 2 | प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत मा0 मुख्यमंत्री घोषणा में सेतु के निर्माण हेतु "Preparation of DPR (Details Project Report) for Construction of Bridge at Km 1.000 & 6.000 in Satkula to Ruiya Bypas Road (about 30 Mtr. Long) at District- Champawat to all cost Survey, Investigation, Design etc. Testing and cost of vetting charge from hovement Technical Institute" | Rate given by include all tex for DPRs |

नोट- शेष शर्तें कार्यालय के नोटिस बोर्ड से देखी जा सकती हैं।

अधिशासी अभियन्ता,
सिं0ख0, पी0एम0जी0एस0वाई0, चम्पावत

# सीएम धामी ने की जनगणना 2027 के लिए स्व-गणना

## डिजिटल जनगणना में उत्तराखंड ने बढ़ाया कदम, मुख्यमंत्री ने की सक्रिय भागीदारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में जनगणना 2027 के अंतर्गत अपनी स्व-गणना की प्रक्रिया पूरी करते हुए राज्य में इस महत्वपूर्ण अभियान की औपचारिक शुरुआत की। इस अवसर पर जनगणना से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे और उन्होंने मुख्यमंत्री को डिजिटल प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश पहली बार पूरी तरह डिजिटल जनगणना की ओर अग्रसर हुआ है, जो पारदर्शिता, सटीकता और जनभागीदारी को सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि यह पहल भारत को डिजिटल युग में एक और मजबूत कदम आगे बढ़ाने वाली है।

जनगणना 2027 का पहला चरण 'हाउस लिस्टिंग और हाउ. सिंग जनगणना' है, जिसके अंतर्गत आवासीय स्थिति, सुविधाओं और घरेलू विवरणों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी एकत्र की जा रही है। इस बार 'स्व-गणना' की सुविधा के माध्यम से नागरिक स्वयं ऑनलाइन पोर्टल पर अपने परिवार की जानकारी दर्ज कर सकते हैं, जिससे प्रक्रिया अधिक सरल और त्रुटिरहित होगी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर अधिकारियों से जनगणना कार्य को समयबद्ध, पारदर्शी और प्रभावी ढंग से संपन्न करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह डेटा राज्य और देश की नीतियों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, इसलिए इसकी शुद्धता अत्यंत आवश्यक है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि जनगणना 2027 देश के विकास की आधारशिला है। डिजिटल माध्यम से की जा रही यह जनगणना पारदर्शिता और सटीकता को सुनिश्चित करेगी। मैं प्रदेशवासियों से आग्रह करता हूं कि वे स्वयं आगे आकर स्व-गणना करें और इस राष्ट्रीय अभियान का हिस्सा बनें।




■ सीएम धामी ने जनता से की अपील, स्वयं करें स्व-गणना, बनें भागीदार ■ अधिकारियों की मौजूदगी में शुरू हुआ जनगणना का पहला चरण

मुख्यमंत्री धामी ने प्रदेश की जनता से अपील करते हुए कहा कि सभी नागरिक स्व-गणना पोर्टल का उपयोग कर अपने परिवार की सही और पूर्ण जानकारी दर्ज करें। उन्होंने कहा कि यह न केवल आपकी भागीदारी को सुनिश्चित करेगा, बल्कि भविष्य की योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाने में भी सहायक होगा।उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि जनगणना के दौरान एकत्रित सभी आंकड़ों की सुरक्षा के लिए कड़े प्रावधान किए गए हैं और इनका उपयोग केवल सांख्यिकीय उद्देश्यों के लिए ही किया जाएगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल उत्तराखंड में डिजिटल सशक्तिकरण और जनभागीदारी को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर श्रीमती गीता धामी, निदेशक (जनगणना संचालन) ईवा श्रीवास्तव तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनप्रतिनिधियों की उठाई गई समस्याओं को दें सर्वोच्च प्राथमिकता: धामी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को सचिवालय में नैनीताल एवं ऊधमसिंहनगर जनपद की विभिन्न विधानसभाओं से संबंधित मुख्यमंत्री घोषणाओं की समीक्षा की।

■ नैनीताल एवं ऊधमसिंहनगर जनपद की विभिन्न विधानसभाओं से संबंधित मुख्यमंत्री घोषणाओं की समीक्षा

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई समस्याओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उनका त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायकगण अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं को शासन तक पहुंचाते हैं, इसलिए उन पर गंभीरता से कार्यवाही करना शासन व प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्देश दिए कि अल्पकालिक प्रकृति के कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाए, जबकि दीर्घकालिक योजनाओं को निर्धारित समयसीमा के अंतर्गत चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। कार्यों की प्रगति में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव को निर्देश दिए कि ऐसी योजनायें, जिनमें एक से अधिक विभागों की सहभागिता है, उनके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए। उन्होंने कहा कि इन कार्यों की मुख्य सचिव स्तर पर नियमित समीक्षा की जाए, ताकि परियोजनाओं में अनावश्यक विलंब न हो और समय पर उनका क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जन समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारी विधायकगणों के साथ निरंतर संवाद बनाए रखें। इससे न केवल समस्याओं की सही जानकारी प्राप्त होगी, बल्कि उनके समाधान में भी तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर तालमेल से विकास कार्यों में गुणवत्ता और प्रगति दोनों सुनिश्चित हो सकेंगी।

बैठक में मुख्यमंत्री ने आगामी वर्षाकाल को ध्यान में रखते हुए आवश्यक तैयारियों पर विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि बरसात से पूर्व सभी बरसाती नालों की सफाई, सिल्ट हटाने तथा जल निकासी से संबंधित अन्य आवश्यक कार्य समय रहते पूर्ण कर लिए जाएं, ताकि जलभराव और बाढ़ जैसी समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके। मुख्यमंत्री ने ग्रीष्मकाल में संभावित वनाग्नि की घटनाओं को रोकने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वनाग्नि की रोकथाम के लिए विभागों के बीच समन्वय के साथ-साथ जनजागरूकता पर भी ध्यान दिया जाए। बैठक में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, राम सिंह कैड़ा, बंशीधर भगत, दीवान सिंह बिष्ट, त्रिलोक सिंह चीमा, शिव अरोड़ा, सरिता आर्य, डॉ. मोहन सिंह बिष्ट, मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिवगण, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, वर्चुअल माध्यम से कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत आदि मौजूद रहे।

# उत्तराखंड के विकास के लिए जनगणना अभियान में बनें सहभागी : भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने प्रदेश में शुरू जनगणना अभियान की श्स्व गणनाश प्रक्रिया का स्वागत करते हुए जनता से बढ़चढ़ कर भागेदारी की अपील की है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद श्री महेंद्र भट्ट ने इसे उत्तराखंड के भविष्य की आदर्श तैयारी की दिशा में एक निर्णायक कदम बताया है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व वाली सरकार राज्य के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक विकास को पहुंचा रही है। भविष्य में ये विकास और जनकल्याण की योजनाओं का अधिक प्रभावी तरीके से लाभ प्रत्येक व्यक्ति को मिले, उसके लिए अधिकृत तात्कालिक जमीनी आंकड़े और जानकारियों का आना भी जरूरी है। ऐसे ही राष्ट्रीय उद्देश्य के लिए जनगणना की संविधानिक प्रक्रिया समूचे देश में कराई जा रही है। जिसके क्रम में शुरुआती चरण



■ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने की ने की प्रदेशवासियों से स्व गणना में बढ़चढ़ कर भागेदारी की अपील

में स्व गणना प्रक्रिया आज से राज्य में प्रारंभ हुई है। इनके माध्यम से प्राप्त दस्तावेजी आंकड़े राज्य में भी भविष्य की नीतियों के निर्माण में मील का पत्थर साबित होने वाले हैं।

जिसके संबंध में उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा, जनगणना से एकीकृत डेटा, बेहतर कल का निर्माण करेगा। जिसको राज्य के परिप्रेक्ष्य में स्पष्ट करते हुए कहा कि यह अभियान केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं है, बल्कि उस हकीकत को भी दर्शाता है, जिसके उसके आधार पर इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं अन्य कल्याणकारी सुविधाओं के विस्तार का आधार तैयार किया जाएगा। उन्होंने प्रदेशवासियों को सतर्क करते हुए कहा कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों एवं अनधिकृत सूचनाओं पर ध्यान न दें। सभी एकमत से राष्ट्र एवं राज्य निर्माण के इस महत्वपूर्ण कार्य में अपना सहयोग दें। एक मजबूत और समृद्ध उत्तराखंड के निर्माण के लिए सही जानकारियों और आंकड़ों का होना भी अनिवार्य है। वहीं जनता को भी विश्वास दिलाया कि उनकी साझा की गई जानकारी पूरी तरह से सुरक्षित होंगी और इसका उपयोग केवल कार्यों और योजनाओं के निर्माण के लिए किया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं, समाजसेवियों एवं बुद्धिजीवियों से भी आग्रह की किया कि वे भी घर-घर जाकर लोगों को पोर्टल के माध्यम से अपनी जानकारी स्वयं दर्ज करने और सीखने के लिए प्रेरित करें।

# चारधाम यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता: कौशिक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) तथा उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूएसडीएमए) के संयुक्त तत्वावधान में आगामी चारधाम यात्रा को आपदा सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को गढ़वाल मंडल के सभी सात जनपदों में व्यापक मॉक ड्रिल आयोजित की गई। यह मॉक ड्रिल अलग-अलग आपदाओं के काल्पनिक परिदृश्यों के साथ 50 विभिन्न स्थलों पर एक साथ संपन्न हुई, जिसमें जिला प्रशासन, पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, सेना, वायु सेना, अर्द्धसैनिक बल, स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन, परिवहन, लोक निर्माण, विद्युत, दूरसंचार तथा अन्य संबंधित विभागों ने सहभागिता की। यह मॉक ड्रिल सामुदायिक सहभागिता पर केंद्रित रही।

मा0 आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास मंत्री श्री मदन कौशिक ने



■ कहा-सुरक्षित व सुगम यात्रा के लिए सरकार प्रतिबद्ध ■ चारधाम यात्रा पर मॉक ड्रिल का किया निरीक्षण

मॉक ड्रिल का निरीक्षण किया तथा वर्चुअल माध्यम से विभिन्न जनपदों के इंसीडेंट कमाण्डरों, उत्तरदायी अधिकारियों, सेक्टर प्रभारियों एवं मैदानी टीमों से संवाद कर अभ्यास के दौरान समन्वय और प्रतिक्रिया क्षमता की जानकारी ली। मा0 मंत्री श्री मदन कौशिक ने कहा कि वर्ष 2013 की केदारनाथ आपदा के बाद उत्तराखण्ड के आपदा प्रबंधन तंत्र ने लंबा सफर तय किया है। राज्य ने अपनी आपदा प्रतिक्रिया क्षमता, पूर्व चेतावनी व्यवस्था, राहत एवं बचाव संसाधनों तथा संस्थागत समन्वय में लगातार सुधार किया है। उन्होंने कहा कि सरकार सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित चारधाम यात्रा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा माननीय मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन में यात्रा को लेकर व्यापक तैयारियां की गई हैं।

उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि उत्तराखण्ड की पहचान, अर्थव्यवस्था और गौरव से जुड़ा महत्वपूर्ण आयोजन है। ऐसे में यात्रा से जुड़े सभी विभागों, एजेंसियों और स्थानीय प्रशासन को यह संकल्प लेना होगा कि प्रत्येक श्रद्धालु को सुरक्षित, सुगम और बेहतर यात्रा अनुभव उपलब्ध कराया जाए, ताकि देवभूमि उत्तराखण्ड की सकारात्मक छवि देश-विदेश तक पहुंचे। उन्होंने मौसम आधारित रियल-टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम के जरिये यात्रियों तक सभी एलर्ट पहुंचाने के निर्देश दिए ताकि वे सुरक्षात्मक कदम उठा सकें। उन्होंने संवेदनशील एवं संभावित जोखिम वाले क्षेत्रों की पूर्व पहचान कर वहां आवश्यक संसाधनों, मशीनरी, चिकित्सा सुविधाओं, संचार साधनों और राहत दलों की अग्रिम तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर मॉक ड्रिल में उपाध्यक्ष, राज्य सलाहकार समिति, आपदा प्रबंधन विनय रूहेला, सचिव आनंद स्वरूप, एनडीएमए के लीड कंसलटेंट मेजर जनरल सुधीर बहल, एसीईओ प्रशासन महावीर सिंह चौहान, एसीईओ क्रियान्वयन डीआईजी राजकुमार नेगी, कमाण्डेंट एसडीआरएफ अर्पण यदुवंशी, कमाण्डेंट एनडीआरएफ संतोष कुमार, संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी मो ओबैदुल्लाह अंसारी आदि मौजूद रहे।

### मॉक ड्रिल के माध्यम से संभावित चुनौतियों और कमियों की पहचान हुई: सुमन

सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने कहा कि चारधाम यात्रा जैसे संवेदनशील आयोजन के लिए एनडीएमए के सहयोग से यूएसडीएमए द्वारा प्रत्येक वर्ष मॉक ड्रिल का आयोजन किया जा रहा है। इस अभ्यास से मैदानी स्तर पर व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति का आकलन हुआ है तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय, संचार व्यवस्था और राहत-बचाव तंत्र की तैयारी और मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि मॉक ड्रिल के माध्यम से संभावित चुनौतियों और जिन कमियों की पहचान हुई है, उन्हें यात्रा शुरू होने से पहले दूर किया जाएगा।

**शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने वर्चुअल माध्यम से जारी किया परिणाम**

# उत्तराखंड संस्कृत शिक्षा बोर्ड का परीक्षा परिणाम घोषित

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड संस्कृत शिक्षा बोर्ड की 10वीं एवं 12वीं कक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिये गये हैं। सूबे के संस्कृत शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज पश्चिम बंगाल से वर्चुअल माध्यम से जुड़ कर बोर्ड परीक्षओं के परिणाम जारी किये। उन्होंने बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण एवं श्रेष्ठता सूची में स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को बधाई दी। डा. रावत ने बताया कि परीक्षा वर्ष 2026 में कुल 1775 छात्र-छात्राओं ने संस्कृत बोर्ड की परीक्षा दी, जिसमें से इंटरमीडिएट में 88.48 प्रतिशत जबकि हाईस्कूल में 92 प्रतिशत छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुये।

सूबे के संस्कृत शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने बताया कि संस्कृत बोर्ड परीक्षा का परीक्षा परिणाम समय पर जारी कर दिया गया है।



■ पूर्वमध्यमा में 92 तथा उत्तरमध्यमा में 88.48 फीसदी रहा रिजल्ट

इसके लिये उन्होंने विभागीय अधिकारियों एवं बोर्ड परीक्षा के आयोजन से जुड़े कार्मिकों की जमकर तारीफ की।

संस्कृत बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित करने के अवसर पर वर्चुअल माध्यम से जुड़े विभागीय मंत्री डॉ. रावत ने बताया कि इस वर्ष परिषदीय परीक्षा में कुल 1775 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुये, जिसमें से पूर्वमध्यमा (हाईस्कूल) में 950 जबकि उत्तरमध्यमा (इंटरमीडिएट) में 825 शामिल थे। उन्होंने बताया कि इस वर्ष पूर्वमध्यमा (हाईस्कूल) का कुल परीक्षाफल 92 फीसदी रहा जबकि उत्तरमध्यमा (इंटरमीडिएट) का रिजल्ट 88.48 फीसदी रहा है। डा. रावत ने परिषदीय परीक्षा में उत्तीर्ण एवं प्रवीणता सूची में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों के साथ फोन पर बात. चीत कर उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की, साथ ही उन्होंने बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण करने में असफल रहे छात्र-छात्राओं को निराश न होने की बात कही।

### संस्कृत बोर्ड परीक्षा में ये रहे अव्वल

उत्तराखंड संस्कृत शिक्षा परिषद की 10वीं बोर्ड परीक्षा की श्रेष्ठता सूची में श्री परशुराम चतुर्वेद विद्यालय भगवान राम, परशुराम मंदिर प्रकाशनगर देहरादून के छात्र रूद्रांश उनियाल ने 88.2 फीसदी अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान हासिल किया जबकि 87.4 प्रतिशत अंक हासिल कर गुरूकुल संस्कृत उत्तरमाध्यमा विद्यालय ज्वालापुर, हरिद्वार के छात्र प्रिंस पुण्डीर ने द्वितीय स्थान पर प्राप्त किया। वहीं श्री परशुराम चतुर्वेद विद्यालय भगवान राम, परशुराम मंदिर प्रकाशनगर देहरादून के छात्र अनमोल तथा दुर्गादत्त कपिलाश्रमी संस्कृत उत्त. रमाध्यमा विद्यालय हल्द्वानी के छात्र प्रकाश चन्द्र पाठक ने 86-86 फीसदी अंक लाकर संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार इंटरमीडिएट में जयदयाल अग्रवाल संस्कृत उत्तरमाध्यमा विद्यालय श्रीनगर के छात्र सक्षम प्रसाद ने 93.4 प्रतिशत अंक लाकर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। वहीं गुरूकुल संस्कृत उत्तरमाध्यमा विद्यालय ज्वालापुर हरिद्वार के छात्र अर्जुन कुमार ने 90.8 फीसदी अंक लाकर श्रेष्ठता सूची में दूसरे स्थान प्राप्त किया। जबकि तीसरे स्थान पर द्रोणस्थली आर्ष कन्य गुरूकुल विद्यालय देहरादून की छात्रा अदिति जांगिड़ ने 88.6 अंक अर्जित कर तीसरा स्थान हासिल किया।

# सीएम ने मानचित्रक के पद पर चयनित 12 अभ्यर्थियों को सौंपे नियुक्ति पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में कृषि एवं कृषक कल्याण विभाग के अंतर्गत मानचित्रक के पद पर चयनित 12 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी नियुक्ति कृषि व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी अभ्यर्थी अपने कार्यक्षेत्र में पूरी ईमानदारी और लगन से कार्य करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने पारदर्शी और निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए राज्य में सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया है। इस कानून के प्रभावी



■ सभी चयनित अभ्यर्थियों को दी शुभकामनाएं ■ कहा- कृषि व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी सभी की नियुक्ति

क्रियान्वयन के बाद प्रदेश में अब तक 30 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी सेवाओं में नियुक्ति दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि यह सरकार की युवाओं के प्रति प्रतिबद्धता और सुशासन का प्रमाण है।मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है, साथ ही मिलेट के उत्पादन और विपणन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। किसानों की आय बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार तथा फसल विविधीकरण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त राज्य में सेब, कीवी, बागवानी एवं औषधीय पौधों की खेती को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य कृषि को लाभकारी और युवाओं के लिए आकर्षक बनाना है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस क्षेत्र से जुड़ सकें। कार्यक्रम में कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी, सचिव कृषि एस.एन. पाण्डेय, अपर सचिव आनंद श्रीवास्तव एवं कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# पूर्व सैनिक कल्याण के लिए घोषणाओं के आदेश जारी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

देहरादून। सुबे के सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा जनपद पौड़ी के लैन्सडौन में आयोजित शहीद सम्मान समारोह में की गई महत्वपूर्ण घोषणाओं के आदेश भी जारी हो गये हैं।

उन्होंने बताया कि घोषणाओं में गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार स्थित सैनिक विश्राम गृह का जीर्णोद्धार कर उसे आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा, जिससे सैनिकों एवं उनके परिजनों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। साथ ही, निदेशालय सैनिक कल्याण तथा जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास



■ सैनिक कल्याण मंत्री जोशी ने दिए अग्रिम कार्रवाई के निर्देश

कार्यालयों में पूर्व सैनिकों की नियुक्ति करते हुए निःशुल्क सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कॉमन सर्विस सेंटर स्थापित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, अन्य स्रोतों से अनुदान प्राप्त करने की बाध्यता को समाप्त करते हुए द्वितीय विश्व युद्ध के सभी पूर्व सैनिकों एवं उनकी विधवाओं को राम्भान राशि प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। वहीं, गढ़वाल राइफल्स रेजीमेंटल सेंटर, लैन्सडौन स्थित संग्रहालय के जीर्णोद्धार के लिए भी आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

सैनिक कल्याण मंत्री जोशी ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन निर्णयों से प्रदेश के सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मुख्यमंत्री की घोषणाओं के अंतर्गत विकास कार्यों पर अग्रिम प्रस्ताव अतिशीघ्र शासन को उपलब्ध प्रेषित किये जाए।

# हेल्थ क्रांति का आधार है आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन: उनियाल

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड में स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक और सुलभ बनाने की दिशा में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत देहरादून में शुक्रवार को राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कार्यशाला में स्वास्थ्य सेवाओं के डिजिटलीकरण, आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता पहचान संख्या (एबीएचए आईडी) के अधिक उपयोग, दूरचिकित्सा सेवाओं के विस्तार और मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य अतिथि सुबोध उनियाल ने कहा कि आयुष्मान भारत




डिजिटल मिशन देश में डिजिटल स्वास्थ्य क्रांति की मजबूत नींव बन चुका है। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे अपनी आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता पहचान संख्या बनवाएं, जिससे स्वास्थ्य सेवाएं अधिक पारदर्शी और आसान हो सकें। कार्यक्रम की शुरुआत पंजीकरण सत्र से हुई, इसके बाद विशेषज्ञों ने मिशन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। राष्ट्रीय स्तर की जानकारी देते हुए डॉ. पंकज कुमार अरोरा, निदेशक, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण) ने बताया कि मिशन के तहत पूरे देश में एकीकृत डिजिटल स्वास्थ्य ढांचा तैयार किया जा रहा है। उन्होंने स्वास्थ्य पहचान संख्या, डिजिटल स्वास्थ्य अभिलेख और विभिन्न प्रणालियों के आपसी तालमेल के महत्व को रेखांकित किया। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के साथ एकीकरण पर बोलते हुए संयुक्त सचिव ज्योति यादव ने डिजिटल दावा निपटान, लाभार्थी निगरानी और आंकड़ा एकीकरण की प्रक्रिया को समझाया। उन्होंने कहा कि इससे नागरिकों को बिना रुकावट स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं।

राज्य स्तर की प्रगति पर जानकारी देते हुए राज्य मिशन निदेशक रीना जोशी ने बताया कि उत्तराखंड में आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता पहचान संख्या निर्माण, स्वास्थ्य संस्थानों का पंजीकरण और डिजिटल स्वास्थ्य अभिलेखों के एकीकरण में तेजी आई है। इससे दूरस्थ क्षेत्रों तक भी स्वास्थ्य सेवाएं पहुंच रही हैं।

कार्यक्रम में सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य सचिन कुर्वे ने कहा कि डिजिटल स्वास्थ्य सेवाएं समय की आवश्यकता हैं और राज्य सरकार इस दिशा में तेजी से काम कर रही है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. सुनील कुमार बरनवाल ने डिजिटल स्वास्थ्य प्रशासन, आंकड़ों की सुरक्षा और मिशन की राष्ट्रीय दृष्टि पर प्रकाश डाला। तकनीकी सत्र में प्रज्ञा पालिवाल ने जमीनी स्तर पर मिशन के क्रियान्वयन और उससे जुड़ी चुनौतियों तथा उनके समाधान की जानकारी दी। वहीं राहुल वशिष्ठ ने डिजिटल चिकित्सीय सहायता प्रणाली और स्वास्थ्य आंकड़ा प्रबंधन के महत्व को समझाया। अंतिम सत्र में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि डिजिटल माध्यम से सेवाओं में सकारात्मक बदलाव आया है।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# यह कैसा युद्धविराम

पश्चिम एशिया में युद्ध से उपजे संकट के बीच यह पहला मौका था, जब ईरान और इस्राईल-अमेरिका के बीच 14 दिनों के युद्धविराम पर सहमति बनी थी। मगर इस्राईल ने बुधवार को ही जिस तरह लेबनान पर हमला किया, उससे साफ है कि युद्धविराम में उसकी कोई दिलचस्पी नहीं है। गौरतलब है कि लेबनान पर इजराइली हमले में दो सौ से ज्यादा आम लोग मारे गए। विचित्र है कि ईरान के खिलाफ युद्ध में अमेरिका और इस्राईल साझा मोर्चे के तहत हमले कर रहे थे, लेकिन जब दोनों पक्षों के बीच युद्धविराम पर सहमति बनी, तो उसे ठोस आकार देने के बजाय इस्राईल ने समझौते को तोड़ने की पृष्ठभूमि बनानी शुरू कर दी। विडंबना यह भी है कि लेबनान पर इस्राईल के हमले के बाद अब ईरान ने फिर से होर्मुज जलमार्ग को बंद करने की घोषणा की है। निश्चित रूप से ईरान के इस रुख को उसकी प्रतिक्रिया कहा जा सकता है, लेकिन सवाल है कि इस समूचे परिदृश्य में किसी भी पक्ष की जिद और अकड़ का नतीजा क्या निकल रहा है। इस्राईल और अमेरिका ने जिस दिन ईरान पर साझा हमला किया था, तभी से यह आशंका बनी हुई थी कि इसका असर केवल पश्चिम एशिया तक सीमित नहीं रहेगा। इसके बाद ईरान ने स्वाभाविक ही रणनीति के तहत होर्मुज जलमार्ग को बाधित कर दिया और उसके बाद दुनिया के ज्यादातर देशों में प्राकृतिक तेल और गैस की आपूर्ति रुक गई। भारत सहित बहुत सारे ऐसे देश हैं, जहां पेट्रोल-डीजल से लेकर रसोई गैस का संकट पैदा हो गया और आम लोगों का जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। युद्धविराम की घोषणा के बाद यह उम्मीद जगी थी कि अब होर्मुज जलमार्ग के खुलने से जहाजों की आवाजाही का रास्ता खुलेगा और स्थिति सुधरेगी, मगर लेबनान पर इजराइल के ताजा हमले में जिस तरह बड़े पैमाने पर आम लोगों की मौत की खबर आई है, उससे एक बार फिर शांति की उम्मीदों पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। सवाल है कि अगर युद्धविराम की शर्तों में लेबनान पर भी इस्राईली हमले रोकना शामिल था, तो इस पर अमल के बजाय इसे ताक पर रख कर नागरिक ठिकानों को निशाना बनाने के पीछे कौन-सी मंशा काम कर रही है। इस्राईल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने यह भी कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो इस्राईल फिर से ईरान के खिलाफ लड़ाई शुरू करेगा। खुद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जिस भड़काऊ लहजे में बात कर रहे हैं, उसे कैसे देखा जाएगा। हैरानी की बात है कि ट्रंप युद्धविराम और उसकी शर्तों पर सहमति जताने के बाद लेबनान पर हमले के मसले को समझौते से अलग बताते हैं। दूसरी ओर, ईरान ने कहा कि युद्धविराम और इस्राईल के जरिए जंग, दोनों साथ नहीं चल सकते। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि पश्चिम एशिया के इस युद्ध का खमियाजा दुनिया के ज्यादातर देश उठा रहे हैं।

## उप्र अब देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन



उप्र अब देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बन चुका है, करीब 9 वर्ष पहले तक यूपी को बीमारू राज्य माना जाता था, लेकिन आज प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है, आधुनिक दिनचर्या ने बीमारियों को बढ़ावा दिया है, हमारे सामने दो बड़ी चुनौतियां हैं-एक बचाव और दूसरी उपचार, बीमारियों के तेजी से बढ़ते प्रभाव को देखते हुए जागरूकता और समय पर इलाज बेहद जरूरी है, पिछले एक दशक में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का व्यापक विस्तार हुआ है, पहले जहां मात्र 17 सरकारी मेडिकल कॉलेज थे, वहीं अब केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग से 81 मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं, इसके अलावा दो एम्स भी प्रदेश में कार्यरत हैं, हर जिले में आईसीयू की सुविधा विकसित की गई है और कई अस्पतालों को कैथलैब से लैस किया गया है। -**योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र**

# रूढ़ियों के विरुद्ध प्रकाश, समता का सूर्य, विचारों के कृषक फुले का दर्शन





श्वेता गोयल

भारत का सामाजिक और सांस्कृतिक इतिहास अनेक विभूतियों की गाथाओं से सुसज्जित है किंतु समय के अनंत प्रवाह में कुछ ऐसे व्यक्तित्व उभरते हैं, जो केवल कालखंड विशेष की उपज नहीं होते बल्कि युगों-युगों तक मानवता का मार्ग प्रशस्त करने वाले ध्रुवतारे बन जाते हैं। 19वीं सदी के भारत में जब रूढ़िवादिता, जड़ता और अमानवीय भेदभाव का अंधकार अपने चरम पर था, तब महाराष्ट्र की पावन धरा पर महात्मा ज्योतिराव गोविंदराव फुले के रूप में एक ऐसी प्रखर रश्मि का प्रादुर्भाव हुआ, जिसने सदियों से सोई हुई दलित चेतना को न केवल झकझोरा बल्कि उसे आत्मसम्मान और ज्ञान के आलोक से मंडित कर दिया। ज्योतिबा फुले मात्र एक समाज सुधारक नहीं थे, वे उस वैचारिक क्रांति के शिल्पी थे, जिन्होंने भारतीय समाज की ऊसर और पथरीली भूमि को अपने पसीने और संकल्प से सींचकर उसमें समता, बंधुत्व और न्याय के बीज बोए। आज हम जिस आधुनिक भारत के संवैधानिक मूल्यों, स्त्री-शिक्षा और मानवाधिकारों पर गर्व करते हैं, उस विराट वटवृक्ष की जड़ें वास्तव में फुले के उन साहसिक संघर्षों में निहित हैं, जो उन्होंने उस दौर में किए थे, जब शिक्षा प्राप्त करना एक वर्ग विशेष का एकाधिकार और स्त्रियों का शिक्षित होना महापाप माना जाता था। 11 अप्रैल 1827 को पुणे में एक साधारण परिवार में जन्मे ज्योतिबा का जीवन संघर्ष की वह महागाथा है, जो यह सिद्ध करती है कि मनुष्य की महानता उसके कुल या जाति में नहीं बल्कि उसके उन उदात्त कार्यों में छिपी है, जो वह समूची मानवता के कल्याण हेतु समर्पित करता है।

ज्योतिबाफुले के व्यक्तित्व का निर्माण उन विसंगतियों के बीच हुआ, जहां पग-पग पर उन्हें जातिगत ऊंच-नीच और अपमान का दंश झेलना पड़ा। एक प्रसंग उनके जीवन की दिशा बदलने वाला सिद्ध हुआ, जब उन्हें एक उच्चवर्णीय मित्र के विवाह समारोह में केवल इसलिए अपमानित होकर निकलना पड़ा क्योंकि वे 'निम्न' समझी जाने वाली जाति से थे। वह अपमान ज्योतिबा के लिए केवल व्यक्तिगत पीड़ा नहीं थी बल्कि उन्होंने उसे समाज की उस सड़ी-गली व्यवस्था के विरुद्ध एक चुनौती के रूप में स्वीकार किया, जो मनुष्य को मनुष्य समझने से इनकार करती थी। उस क्षण उनके भीतर जो विद्रोह उपजा, वह घृणा में नहीं बल्कि सृजन में परिवर्तित हुआ। उन्होंने अनुभव किया कि समाज की इस दासता की बेड़ियों को काटने का एकमात्र शस्त्र 'शिक्षा' है। फुले का दर्शन अत्यंत स्पष्ट था कि अज्ञान ही समस्त दुखों की जड़ है। उनकी प्रसिद्ध काव्य पंक्तियां 'विद्या बिना मति गई, मति बिना नीति गई, नीति बिना गति गई, गति बिना वित्त गया, वित्त बिना शूद्र टूटे, इतने अनर्थ एक अविद्या ने किए', आज भी सामाजिक परिवर्तन का सबसे बड़ा मूलमंत्र मानी जाती हैं। उन्होंने यह भली-भांति समझ लिया था कि जब तक समाज का वंचित वर्ग और आधी आबादी यानी स्त्रियां शिक्षित नहीं होंगी, तब तक राष्ट्र की प्रगति का स्वप्न एक मृगतृष्णा मात्र बना रहेगा। इसी बोध के साथ उन्होंने 1848 में पुणे के भिडेवाड़ा में देश का पहला बालिका विद्यालय स्थापित कर एक ऐसे शैक्षिक आंदोलन की नींव रखी, जिसने भारतीय इतिहास की धारा को सदैव के लिए बदल दिया।

महात्मा फुले की महानता इस तथ्य में निहित है कि उन्होंने जो उपदेश दिए, उन्हें पहले अपने आचरण में उतारा। जब उन्होंने बालिकाओं को पढ़ाने का निश्चय किया तो समाज के कट्टरपंथियों ने भारी विरोध किया। किसी भी शिक्षिका का मिलना असंभव था, तब ज्योतिबा ने अपनी जीवनसंगिनी सावित्रीबाई फुले को स्वयं शिक्षित किया और उन्हें शिक्षिका के रूप में तैयार किया। यह भारतीय इतिहास का सबसे क्रांतिकारी युगल था, जिसने समाज के पत्थरों और कीचड़ की बौछार को सहते हुए भी ज्ञान की लौ को बुझने नहीं दिया। सावित्रीबाई जब स्कूल जाती तो रूढ़िवादी लोग उन पर गंदगी फैंकते किंतु ज्योति. बा के अटूट समर्थन और प्रेरणा ने उन्हें कभी डिगने नहीं दिया। इन दोनों महामानवों ने मिलकर केवल स्कूल नहीं खोले बल्कि स्त्री-शक्ति को उसकी अस्मिता और अधिकारों से परिचित कराया। फुले दंपति का मानना था कि एक पुरुष की शिक्षा केवल एक व्यक्ति को लाभ पहुंचाती है किंतु एक स्त्री की शिक्षा पूरे परिवार और आने वाली पीढ़ियों को आलोकित करती है। उनके प्रयास केवल शिक्षा तक सीमित नहीं थे बल्कि उन्होंने विधवाओं के मुंडन की कुप्रथा के विरुद्ध नाइयों को संगठित किया, बाल विवाह का पुरजोर विरोध किया और विधवा विवाह का समर्थन कर समाज की जड़ चेतना पर सीधा प्रहार किया।

ज्योतिबा फुले का सामाजिक दर्शन केवल सहानुभूति पर आधारित नहीं था, वह तार्किक और बौद्धिक विद्रोह था। उनकी कालजई कृति 'गुलाम. गिरी' इस दृष्टि से एक क्रांतिकारी घोषणापत्र है। इस पुस्तक में उन्होंने पौराणिक आख्यानों की तर्कसंगत व्याख्या करते हुए उजागर किया कि किस प्रकार कुछ विशिष्ट वर्गों ने धर्म और शास्त्रों की आड़ लेकर बहुजन समाज को मानसिक और शारीरिक रूप से दास बनाए रखा। उन्होंने 'सत्यशोधक समाज' की स्थापना 1873 में इसी उद्देश्य से की थी कि लोग पुरोहितों और बिचौलियों के चंगुल से मुक्त होकर ईश्वर की प्रत्यक्ष आराधना कर सकें और अपने मानवीय अधिकारों के प्रति सचेत हों। सत्यशोधक समाज ने विवाहों में पुरोहितों की अनिवार्यता को समाप्त कर सादगीपूर्ण और समतावादी संस्कारों को बढ़ावा दिया। फुले का यह आंदोलन केवल धार्मिक सुधार नहीं था बल्कि एक सांस्कृतिक पुनर्निर्माण था, जिसने शूद्रों और अति-शूद्रों के भीतर यह आत्मविश्वास भरा कि वे भी इस धरती के समान उत्तराधिकारी हैं। वे वर्ण व्यवस्था के उस ढांचे को ध्वस्त करना चाहते थे जो जन्म के आधार पर श्रेष्ठता का दंभ भरता था। उनके विचारों ने ही आगे चलकर डॉ. अंबेडकर जैसे महापुरुषों को प्रेरणा दी, जिन्होंने महात्मा फुले को अपना वैचारिक गुरु माना और उनके अधूरे कार्यों को संवैधानिक परिणति तक पहुंचाया। समाज सुधारक होने के साथ-साथ ज्योतिबा फुले एक अत्यंत सूक्ष्म दृष्टि वाले अर्थशास्त्री और किसानों के मसीहा भी थे। उन्होंने ग्रामीण भारत की जर्जर स्थिति को बहुत करीब से देखा था। उनकी पुस्तक 'किसान का कोड़ा' भारतीय कृषि व्यवस्था पर किया गया एक मार्मिक और तथ्यात्मक प्रहार है। उन्होंने बताया कि किस प्रकार अनपढ़ किसान साहूकारों के कर्ज, सरकार के भारी करों और धार्मिक कर्मकांडों के बोझ तले दबा हुआ है। फुले ने किसानों को आधुनिक खेती, सिंचाई के साधनों और पशुपालन के वैज्ञानिक तरीकों को अपनाने का सुझाव दिया। उन्होंने अकाल के समय पशुओं के चारे और किसानों के अनाज के लिए जो लड़ाई लड़ी, वह आज के समय में भी नीति-निर्धारकों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनकी संवेदना का विस्तार इतना व्यापक था कि उन्होंने अपने घर का पानी का हौज अछूत समझे जाने वाले लोगों के लिए खोल दिया, जो उस समय के समाज में एक अकल्पनीय और अत्यंत साहसी कदम था। वे केवल अस्पृश्यता के उन्मूलन की बात नहीं कर रहे थे, वे मनुष्य की गरिमा को पुन:स्थापित कर रहे थे। उन्होंने 'दलित' शब्द को संघर्ष की पहचान दी और उसे मुख्यधारा में लाने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। महात्मा फुले की दृष्टि वैश्विक थी, उन्होंने 'गुलामगिरी' को अमेरिका के उन अश्वेत लोगों को समर्पित किया, जो दासता के विरुद्ध संघर्ष कर रहे थे। यह उनकी इस सोच को दर्शाता है कि विश्व में कहीं भी होने वाला अन्याय समस्त मानवता के लिए खतरा है। 11 मई 1888 को मुंबई की एक विशाल जनसभा में जनता ने उन्हें 'महात्मा' की उपाधि से विभूषित किया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इस बार की गर्मियों में यहां घूमने का बनाएं प्लान

**हिमाचल प्रदेश में स्पीति वैली एक खूबसूरत जगह है। इस समय यहां की सड़के , घटिया, ठंडे रेगिस्तान और बर्फ से ढंके पहाड़ आपका मन को खुश कर देगी। यहां चारों तरफ हिमालय से घिरी स्पीति घाटी, 12,500 फीट की ऊंचाई पर है। इस समय स्पीति में न्यूनतम तापमान माइनस 7 डिग्री है और अधिकतम तापमान 6 डिग्री बना रहता है।**

इस समय देश में भीषण गर्मी पड़ रही है, लेकिन इस बार हालात और भी बदतर हैं। भारत के कई राज्यों में तापमान 52 डिग्री पार हो चुका है। ऐसे में गर्मी से लोगो का बुरा हाल हो चुका है। गर्मी के कहर से बचने के लिए लोग घर के अंदर रहना ही पंसद कर रहे हैं। अगर आप गर्मियों की छुट्टियो में कहीं घूमने का प्लान कर रहे हैं, तो भारत में ऐसी कई जगह हैं, जहां इस समय बर्फ जमी होती है और तापमान जोरी डिग्री से नीचे रहता है। जानिए भारत से ठंडी जगहों के बारे में।

**सेला पास**

जून-जुलाई में घूमने के लिए अरुणाचल प्रदेश में स्थित सबसे ठंडी जगह है। यह 13,700 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। यहां हमेशा चारों तरफ से बर्फ से ढकी रहती वर्तमान में यहां का तापमान 6 डिग्री सेल्सियस है। यह हिल स्टेशन बहुत ही सुंदर है और यहां फोटोग्राफी के लिए सबसे बढ़िया जगह है।

**स्पीति वैली**

हिमाचल प्रदेश में स्पीति वैली एक खूबसूरत जगह है। इस समय यहां की सड़के , घटिया, ठंडे रेगिस्तान और बर्फ से ढंके पहाड़ आपका मन को खुश कर देगी। यहां चारों तरफ हिमालय से घिरी स्पीति घाटी, 12,500 फीट की ऊंचाई पर है। इस समय स्पीति में न्यूनतम तापमान माइनस 7 डिग्री है और अधिकतम तापमान 6 डिग्री बना रहता है।

**द्रास**

गर्मी के कहर से बचने के लिए आप द्रास घूमने जा सकते हैं। यह जम्मू कश्मीर के कारगिल जिले में लद्दाख का प्रवेश द्वार है। यह हिल स्टेशन सबसे ठंडा है। बता दें कि कारगिल अपनी



खूबसूरती और युद्ध के लिए जाना जाता है। यहां इस समय तापमान 11 डिग्री सेल्सियस है।

**सोनमर्ग**

गर्मी से बचने के लिए आप सोनमर्ग जा सकते हैं। इन दिनों यहां का तापमाम 15 डिग्री सेल्सियस रहता है। खूबसूरत नजारों और सुंदर घाटी के लिए यह जाना जाता है। सोनमर्ग में अल्पाइन घास के मैदानों, ग्लेशियर, झीलों और ट्रेकिंग के लिए बहुत फेमस है। प्रकृति प्रेमी के लिए यह जगह जन्नत से कम नहीं है।

# वृद्धावस्था का एक रोग जो बना चुनौती

पर्किंसन रोग नर्वस सिस्टम में धीरे-धीरे बढ़ता एक डिसऑर्डर है जिससे पूरे शरीर की गतिविधि प्रभावित होती है। शुरू में धीरे-धीरे इसके बढ़ते रहने के कारण आमतौर पर इसके कोई लक्षण नजर नहीं आते हैं या बमुश्किल किसी हाथ में कंपकंपी महसूस होती है। आम तौर पर हाथों में कंपकंपी से ही पर्किंसन की मौजूदगी की पुष्टि हो जाती है, लेकिन इसके साथ ही जकडन या शारीरिक गतिविधियों में धीमापन या अति संवेदनशीलता जैसे लक्षण भी प्रकट हो सकते हैं। शुरुआती चरणों में चेहरे पर शायद कोई लक्षण न दिखे या टहलते समय बाजुओं में कोई झटका महसूस न हो सके, लेकिन जुबान धीमी या अस्पष्ट हो सकती है और रोग बढने के साथ ही ये लक्षण बदतर होने लगते हैं। ऐसी स्थिति में किसी अनुभवी न्यूरोलॉजिस्ट से तत्काल संपर्क करना जरूरी है।

पर्किंसन रोग में मस्तिष्क के कुछ स्नायु तंत्र (न्यूरॉन) धीरे-धीरे कमजोर या मृतप्राय होने लगते हैं। कई लक्षण उन न्यूरॉन की क्षति के कारण बढ़ जाते हैं जो आपके मस्तिष्क तक रासायनिक संदेशवाहक यानि डोपेमाइन बनाते हैं। डोपेमाइन का स्तर जब कम हो जाता है तो इससे मस्तिष्क की गतिविधि असामान्य होने लगती है, जिससे पर्किंसन के लक्षण सामने आने लगते हैं। पर्किंसन रोग की वजह अभी तक अज्ञात है, लेकिन इसके पनपने में कई कारक जिम्मेदार माने जाते हैं, जिनमें शामिल हैं- आनुवांशिक, पर्यावरण प्रभाव, लेवी बॉडीज की मौजूदगी। इसके रिस्क फैक्टर्स है:-उम्र, वंशानुगत, लिंग, टॉक्सिन की चपेट में आना: इसके लक्षण और संकेत अलग-अलग तरह के लोगों पर अलग-अलग तरह के हो सकते हैं। शुरुआती लक्षण बहुत मामूली और न पहचाने जाने लायक हो सकते हैं। अक्सर ये लक्षण शरीर के एक हिस्से से शुरू होते हैं और जब तक शरीर के दोनों तरफ लक्षणों का असर होता है, तब तक अमूमन वह हिस्सा बहुत बिगड़ चुका होता है। कंपकंपी, धीमी गतिविधि, सख्त मांसपेशियां, शरीर की असाधारण मुद्रा और संतुलन, स्वाभाविक गतिविधियों पर विराम, बोली में बदलाव, लिखावट में बदलाव। सबसे अच्छा होगा कि मेडिकल स्थिति के आधार पर किसी अनुभवी न्यूरोलॉजिस्ट से जांच करवाएं, शारीरिक जांच कराएं और इसके लक्षणों और संकेतों का मूल्यांकन करें। एमआरआई, मस्तिष्क की अल्ट्रासाउंड, एसपीईसीटी और पीईटी स्कैन जैसी इमेजिंग जांच भी दूसरे तरह के डिसऑर्डर का पता लगाने में मददगार साबित हो सकती है।

इमेजिंग टेस्ट सिर्फ पर्किंसन्स रोग की डायग्नोसिस में मददगार नहीं होती है। कई बार पर्किंसन रोग की पहचान करने में बहुत समय लग जाता है। डॉक्टर आपकी स्थिति और समय के साथ आपके लक्षणों का मूल्यांकन करने तथा पर्किंसन्स रोग की पहचान करने के लिए मूवमेंट डिसऑर्डर में प्रशिक्षित न्यूरोलॉजिस्टों से नियमित रूप से परामर्श लेते रहने की सलाह दे सकते हैं। डीप ब्रेन स्टिमुलेशन (डीबीएस) में सर्जन आपके मस्तिष्क के एक खास हिस्से में इलेक्ट्रोड का प्रत्यारोपण करते हैं। ये इलेक्ट्रोड्स आपके कॉलरबोन के पास आपके सीने में इंप्लांट किए गए जनरेटर से जुड़े होते हैं, जिससे आपके मस्तिष्क तक इलेक्ट्रिकल पल्स भेजे जाते हैं और आपके पर्किंसन रोग के लक्षणों को कम किया जा सकता है। डीप ब्रेन स्टिमुलेशन अक्सर एडवांस स्टेज में पहुंच चुके पर्किंसन पीड़ितों को दिया जाता है, जिन पर दवाइयों का असर खत्म हो जाता है। डीबीएस चिकित्सा स्थिति के उतार-चढ़ाव को स्थिर कर सकता है, अस्वाभाविक गतिविधियों (डिसकिनेसियास) को कम या रोक सकता है, कंपकंपी, अकड़न को कम कर सकता है और सामान्य गतिवधियों में आई कमी को सुधार सकता है। डिसकिनेसियास पर नियंत्रण पाने के लिए ली जा रही दवाइयों का असर प्रभावी बनाने के लिए डीबीएस कारगर होता है। हालांकि डीबीएस उन समस्याओं में मददगार नहीं होता, जिनमें कंपकंपी के अलावा चिकित्सा पद्धति का कोई असर नहीं होता। कंपकंपी यदि दवाइयों से बहुत ज्यादा नियंत्रित नहीं हो पाती है, तो इसे डीबीएस से नियंत्रित किया जा सकता है। पीडी के लक्षणों को कम करने के लिए दवाइयों का तात्कालिक प्रभाव ही होता है। जब किसी व्यक्ति पर दवाइयों का प्रभावी असर रहता है तो उसे ऑन-फेज कहा जाता है और जब दवाइयां उस पर बेअसर हो जाती है तो उसे ऑफ फेज कहा जाता है। एक समय बाद शरीर पर दवाइयों का प्रभाव खत्म हो जाता है और दवाइयां लेने की दर बढ़ जाती है। मरीज को यदि दिन में तीन बार दवाइयां लेने की सलाह दी जाती है तो प्रभाव कम होते रहने के कारण उस पर दिन में आठ से ज्यादा बार भी दवाइयां लेनी पड़ सकती है। इससे उसके जीवन की गुणवत्ता प्रभावित होती है, क्योंकि उसमें कई बार ऑन और ऑफ प्रभाव की स्थिति में जीना पड़ जाता है। डीबीएस मरीज पर लगातार 24 घंटे तक प्रभावी रहता है। इससे डिसकिनेसियास की स्थिति से भी निपटा जा सकता है जिस कारण अस्वाभाविक गति. विधियां रुक जाती हैं। इसके अलावा डीबीएस कंपकंपी में उतार-चढ़ाव नहीं आने देता है, जैसाकि दवाइयां लेने से होता है। दवाइयां अनिश्चित लक्षणों के प्रभाव को कम कर सकती हैं और काम पर जाने या खरीदारी करने की योजना बनाने वाले मरीजों में अटैक का खतरा बना रह सकता है क्योंकि दवाइयों का असर किसी भी वक्त कम हो सकता है जिससे उनके जीवन की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है।

(साभार प्र.सा.)



**इमेजिंग टेस्ट सिर्फ पर्किंसन्स रोग की डायग्नोसिस में मददगार नहीं होती है। कई बार पर्किंसन रोग की पहचान करने में बहुत समय लग जाता है। डॉक्टर आपकी स्थिति और समय के साथ आपके लक्षणों का मूल्यांकन करने तथा पर्किंसन्स रोग की पहचान करने के लिए मूवमेंट डिसऑर्डर में प्रशिक्षित न्यूरोलॉजिस्टों से नियमित रूप से परामर्श लेते रहने की सलाह दे सकते हैं। डीप ब्रेन स्टिमुलेशन ( डीबीएस ) में सर्जन आपके मस्तिष्क के एक खास हिस्से में इलेक्ट्रोड का प्रत्यारोपण करते हैं। ये इलेक्ट्रोड्स आपके कॉलरबोन के पास आपके सीने में इंप्लांट किए गए जनरेटर से जुड़े होते हैं, जिससे आपके मस्तिष्क तक इलेक्ट्रिकल पल्स भेजे जाते हैं और आपके पर्किंसन रोग के लक्षणों को कम किया जा सकता है।**

# EDUCATIONAL INSTITUTIONS CONTINUE NAINITAL's LEGACY AS EDUCATION HUB

ALL SAINTS' COLLEGE
NAINITAL
FOUNDED IN 1869
DIOCESE OF AGRA CHURCH OF NORTH INDIA
From Class Nursery to XII (ICSE Board)
A DAY BOARDING SCHOOL
BEST SCHOOL OF SPORTS
Admission Open for Classes 1 to 9 - 2026 Session (GIRLS ONLY)
Admission open for Nursery, L.K.G. and U.K.G. - 2026 Session (Boys and Girls)
Anjina Richards (Principal)
Ph.: 05942-235121
E-mail: principal@allsaintscollege.org
Website: www.allsaintscollege.org



## छात्राओं की विशेष पहचान बनाने में इतिहास रचा है ऑलसेंट्स कालेज ने



अंजिना रिचर्डस

ऑलसेंट्स कालेज का गौरवमय इतिहास ब्रिटिश काल से रहा है। इस विद्यालय से हजारों बच्चे शिक्षा प्राप्त कर देश-विदेश में अपना भविष्य सव चुके हैं। इस विद्यालय में वैश्विक स्तर पर शिक्षा प्रदान की जाती है। वर्तम प्रधानाचार्य अंजिना रिचर्डस कुशलतापूर्वक विद्यालय का संचालन कर रही अंग्रेजी माध्यम से संचालित इस विद्यालय की स्थापना 1869 में हुई थी तब लेकर आज तक यह विद्यालय निंरतर प्रगति की ओर अग्रसर है। देश विदे के बच्चे इस इस विद्यालय में अध्ययन करने आते है। इस विद्यालय से शि हुई हैं। प्रधानाचार्य अंजिना रिचर्डस कहती है कि शिक्षा के मापदंड ध्यान में रखकर गुणवत्ता शिक्षा प्रदान करने का प्रयास है जिसे भविष्य में भी जारी रखेंगी।

LONGVIEW
PUBLIC SCHOOL
25 YEARS OF LPS
Award-Winning Best CBSE School in Nainital
Experiential learning
Excellent Teacher-Student ratio
WE ARE NOW CO-ED AND SENIOR SECONDARY
Nursery to Class 12th!
Join our legacy of excellence and holistic development.
Call Us 6397909778 / 9411110395
For more details, visit www.lpsnainital.edu.in
RAJBHAWAN ROAD TALLITAL NAINITAL
UTTARAKHAND - 263002



The Pine Crest Elementary School
Near Sherwood College, Ayarpatta Hills
Tallital Nainital
Cont. No.: 05942-232245
7579435277
9837052521
www.pinecrestschoolnainital.com
schoolpinecrestnainital@gmailicom





Rakhi Sah

Vrindavan Public School-Vrindavan Public School was established in 2009 under the C.L. Sah Memorial Education Society with the aim offostering the holistic development of young learners. The school is recognised by the Government of Uttarakhand and, as a Playway and Preparatory School, has successfully nurtured students in both academics and extracurricular activities. The school's clean, green, sunny, and spacious environment provides excellent facilities for the physical and mental growth of children, helping them become bright and confident individuals. This English-medium school is efficiently managed by a dedicated team under the guidance of the Principal, Mrs. Rakhee Sah, who emphasizes a nurturing atmosphere for all-round development. The school has introduced smart classes and projectors to make learning more interactive and engaging. It also promotes activities that develop gross motor skills, such as Origami, Dance, Taekwondo, and games, forming an essential part of its physical education program. Additionally, the school offers a centralized heating and cooling system for the comfort of students.

## आवासीय विद्यालयों में उत्कृष्ट भूमिका निभा रहा पाइन क्रस्ट स्कूल



आयारपाटा की सुंदर वादियों में पाईन क्रस्ट बोर्डिंग स्कूल देश के विभिन्न प्रांतों के बच्चों का भविष्य संवारने में जुटा हुआ है। विद्यालय में समस्त सुविधायें उपलब्ध हैं। बच्चों के बेहतर भविष्य बनाने के लिये वह जरूरत के मुताबिक आवश्यकताओं की पूर्ति की जाती विद्यालय अंग्रेजी माध्यम से संचालित किया जाता है। प्रबन्धक संतोष कुमार कहते हैं कि जिम्मेदारी के साथ अपना दायित्व निभा रहे हैं। विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास उनका लक्ष्य है।

## छात्राओं के लिये खोले लौंगव्यू पब्लिक स्कूल ने द्वार



लौंगव्यू पब्लिक स्कूल वर्तमान में छात्रों के साथ छात्राओं को भी उत्कृष्ठ शिक्षा प्रदान कर रहा है। नि:संदेह इस स्कूल ने अल्प समय में सफलता की सीढ़ियां तय कर शिक्षा की दिशा में नवीन आयाम स्थापित करने का सफल प्रयास किया है। जिसका प्रतिफल है कि विद्यालय में दी जा रही उत्कृष्ठ शिक्षा व कुशल संचालन को लेकर देश की कई संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। जिसके परिणामस्वरूप यह विद्यालय नगर व राज्य में अपना प्रमुख स्थान हासिल करने में कामयाब हुआ है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित लौंगव्यू पब्लिक स्कूल बारहवीं कक्षा तक विद्यालय का संचालन कर रहा है। विद्यालय में आधुनिक शिक्षा के साथ भावी शिक्षा को ध्यान में रखते हुए पठन पठन कार्य किया जाता है। प्रधानाचार्य बीसी त्रिपाठी कहते हैं कि वैश्विक शिक्षा को ध्यान में रखते हुए विद्यालय का संचालन कर रहे हैं। जिसका लाभविद्यार्थियों को मिलता है। जिसके बल पर विद्यालय प्रगति की ओर निरन्तर अग्रसर है।

## प्रतिभाओं को उभारने के साथ निरंतर प्रगति के पथ पर मदर हार्ट स्कूल



नगर के प्रमुख पब्लिक स्कूलों में सुमार मदर हार्ट पब्लिक स्कूल निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित यह विद्यालय पूर्णरूप से शिक्षा के मापदंडों के साथ बच्चों के चहुमुखी विकास करते आ रहा है। अनुभवी शिक्षकों द्वारा पठन पाठन कार्य संचालित किया जाता है। साथ ही बच्चों की प्रतिभाओं को उभारने के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। जिसके चलते यह विद्यालय निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। प्रधानाचार्य नगमा परवेज कहती हैं कि उनका जीवन शिक्षा के प्रति समर्पित है। जिसे भविष्य में भी जारी रखेंगी।

## नैनीताल का गौरव है शेरवुड कालेज



फर्स्ट एयर मार्शल मानेक शाह और मिलेनियम स्टार अमिताभ बच्चन जैसे दिग्गज पुरुषों के साथ विभिन्न क्षेत्रों में हजारों नामी गिरामी हस्तियों का भविष्य संवारने वाले शेरवुड कालेज को नैनीताल का गौरव कहने में अतिशयोक्ति नहीं होगी और वर्तमान में भी विद्यालय देश के उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने वाले नामचीन स्कूलों में सुमार है। शेरवुड कॉलेज सह शिक्षा (को-एड.) पूर्ण रूप से आवासीय है। जिसमें विद्यार्थियों के भोजन, आवास तथा अन्य समस्त उत्तम सुविधायें विद्यालय प्रदान करता है। वैश्विक शिक्षा क मद्देनजर पठन-पाठन कार्य अनुभवी शिक्षकों द्वारा किया जाता है। बच्चों के बेहतर भविष्य बनाने के लिये वह सभी सुविधायें विद्यालय में मौजूद है, जो वर्तमान में जरूरत के हिसाब से आवश्यक होती है। अंग्रेजी माध्यम से यह विद्यालय कक्षा 3 से लेकर कक्षा 12वीं तक संचालित किया जाता है। वर्तमान में प्रधनाचार्य अमनदीप संधू विद्यालय का संचालन कर रहे है। वह कहते हैं कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के प्रति प्रतिबद्ध हैं और विद्यालय का गौरव बनाये रखने का प्रयास सर्वोपरि रहता है। वर्तमान में देश के तमाम प्रांतों के बच्चे विद्यालय में अध्ययनरत हैं।

VRINDAVAN PUBLIC SCHOOL
(Playway to Class 2)
Recognised By Govt. of Uttarakhand
A Unit Of
C.L. SAH Memorial Education Society
Regd. 88/2009
Contact - 05942-237038 E-mail - vrindavanschool09@gmail.com



THE MOTHSER'S HEART SCHOOL
NAINITAL
GOVERNMENT RECOGNISED
A Co-ed English Medium Day/ Residential School
- A reputed school from nursary to V
- Teaching with audio visul play way method
- Preparing children for prestigious Schools in Nainital
- Excellent result since 1999.
Provides day boarding facility also
Shanti Niketan, Near Rikshaw Stand, Mallital, Nainital
Ph.: 9837347989, E-mail: themothersheart123@gamil.com

BIRLA VIDYA MANDIR, NAINITAL
(Sarala Birla Group of Schools) (Estd. 1947)
A Fully Residential English Medium Public School for Boys
Ranked amongst Top - 10 Boys Boarding Schools in India, as per Education World 2024 ranking
Website: birlavidvamandir.com
Phone: 05942 - 238993, 238729, +91 9410338207
Key Features:
- A legacy boarding school campus, founded in 1870.
- 70-acre campus with the greenest environs amongst Indian boarding schools.
- The only school in Nainital with a central heating facility.
- Distinguished old boys include Jim Corbett (Oak Openings High School), Anil Sadgopal (Jamnalal Bajaj awardee), Lt. General J. S. Ahluwalia (PVSM), Dr. Anand Mishra (Professor & Head, Endocrine Surgery, KGMU, Lucknow) and Danny Denzongpa.
- Excellent Board results over the decades, backed by a learning environment which is augmented by an experienced faculty, modern teaching pedagogy, personalised care and well-equipped science, robotics and IT labs.
- A judicious mix of co-scholastic activities through a variety of clubs, societies and hobby centres. Hosts Annual National Inter-School Literary and Sports Conclave, with a wide participation of schools.
Distinguished Knowledge Affiliates
NPSC ibsc TRINITY

## देश के अग्रणी स्कूलों में सुमार बिड़ला विद्या मंदिर



देश में बिड़ला विद्या मंदिर अग्रणी पब्लिक स्कूलों में अपना अलग नाम व मुकाम हासिल किया है। जिसके फलस्वरूप यह विद्यालय अपना एक अलग स्थान कायम किए हुए है। सीबीएसई से संबंद्ध यह विद्यालय पूर्ण रूप से आवासीय है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित नगर के सर्वाधिक ऊंचाई वाले नैसर्गिक वातावरण में स्थित है। बिड़ला विद्या मंदिर देश के अग्रणी सीबीएसई बोर्ड विद्यालयों में शामिल है। यह विद्यालय प्रधानाचार्य अनिल शर्मा के कुशल नेतृत्व में संचालित किया जा रहा है। देश-विदेश के कई हिस्सों से सैकड़ों की संख्या में छात्र वर्तमान में अध्ययनरत हैं। श्री शर्मा कहते हैं कि वर्तमान परिवेश को ध्यान में रखकर बच्चों का भविष्य उज्जवल बनाने के साथ उन्हें एक अच्छा इंसान बनाने का प्रयास रहता है। जिसे ध्यान में रखकर विद्यालय में अनिवार्य विषयों के अलावा तमाम प्रतिस्पधाओं में भी छात्रों को निपूर्ण बनाया जाता है। विद्यालय का इतिहास है कि बोर्ड परिक्षाफल शत-प्रतिशत रहा है। जिसे भविष्य में भी कायम रखा जायेगा।

Sherwood College
Nainital
Since 1869



Class III to XII
Cradle of Leadership
AMAR UJALA Education for Bharat Editor's Choice
School Excellency Award 2025
Admission Queries +91 9456316655, 9458307729 www.sherwood.edu.in